CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 23°C

नई दिल्ली, रविवार 13 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 101 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अवैध धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: योगी
पेज 2



केएल राहुल 100 रन पर आउट होने वाले 100वें टेस्ट बल्लेबाज
खेल टाइम्स



भारत छह लड़ाकू विमान खोने की बात माने: पाकिस्तान
पेज 11



सिद्धांत व तृप्ति की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज
बॉलीवुड

# जस्टिस वर्मा का हटना लगभग तय

## लोकसभा में आएगा प्रस्ताव, सांसदों के कराए जा रहे साइन, 21 से होगा मानसून सत्र शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए केंद्र सरकार ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए लोकसभा सांसदों के साइन जुटाए जा रहे हैं।

एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कई सांसदों के दस्तखत लिए जा चुके हैं। इससे संकेत मिल रहा है कि प्रस्ताव लोकसभा में लाया जा सकता है। लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के साइन जरूरी होते हैं। वहीं, राज्यसभा में यह संख्या 50 सांसदों की होती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही कह चुके हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में लाया जाएगा। जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च की रात आग लग गई थी। यहां से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं। दिल्ली हाईकोर्ट से उनका ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, उन्हें किसी भी तरह का न्यायिक कार्य सौंपने पर रोक है।



**■ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए 100 सांसदों के साइन जरूरी**

# वकील ईमानदारी व मानसिक स्वास्थ्य समावेशिता को बनाए रखें: सीजेआई

**हैदराबाद।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने कानूनी बिरादरी से ईमानदारी बनाए रखने, बुनियादी सिद्धांतों पर अडिग रहने और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

न्यायमूर्ति गवई ने शनिवार को यहां नालसार विधि विश्वविद्यालय के 22वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने 1998 में स्थापना के बाद से नालसार की यात्रा की प्रशंसा करते हुए संस्थान को दक्षिण एशिया में विधिक विद्वत्ता का एक प्रकाश स्तंभ बताया। न्यायमूर्ति गवई ने कानूनी पेशे की चुनौतियों के बारे में कहा कि यह नेक और महत्वपूर्ण पेशा है, लेकिन कभी आसान नहीं होता। आप अक्सर खुद से सवाल करेंगे और दबावों का सामना करेंगे, लेकिन आपका विश्वास, दृढ़ता और दृढ़निश्चयी रवैया आपको आगे बढ़ने में मदद करेगा। मानसिक स्वास्थ्य के अक्सर नज़रअंदाज़ किए जाने वाले मुद्दे पर उन्होंने इसे कानूनी दुनिया में बने रहने की एक ज़रूरी रणनीति बताया।



**■ कहा: कानूनी पेशा चुनौती के साथ-साथ नेक व महत्वपूर्ण पेशा**

## निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर जोर: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विनिर्माण क्षेत्र को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा है कि सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर भी जोर दे रही है। श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद यह बात कही। इन युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि आज भारत की एक बहुत बड़ी ताकत हमारा मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर है। मैन्युफेक्चरिंग में बहुत बड़ी संख्या में नई जॉब्स बन रही हैं। मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को गति देने के लिए इस वर्ष के बजट में मिशन मैन्युफेक्चरिंग की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे देखते हुए सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर अच्छा खासा जोर दे रही है।

## 1.18 करोड़ के इनामी 23 नक्सलियों का सामूहिक समर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन को किडनैप करने वाले नक्सली समेत 1.18 करोड़ रुपये के 23 नक्सलियों ने शनिवार को सुरक्षा बल के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं। इनमें से आठ नक्सली माओवादियों की सबसे खतरनाक पीएलजीए बटालियन नंबर-1 के सदस्य थे। नक्सली लोकेश उर्फ पोडियाम भीमा भी है, जिसने साल 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन का अपहरण कर लिया था। वहीं इनमें तीन दंपति भी हैं, जो हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्य धारा में लौट आए हैं। ये सभी नक्सली अलग-अलग मुठभेड़ों में सैकड़ों जवानों की हत्या में शामिल थे।

## अरुणाचल में रेप के आरोपी की थाने के बाहर हत्या

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश की लोअर दिबांग घाटी में असम के युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पूरी घटना रोइंग कस्बे के पुलिस स्टेशन के बाहर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवक पर 20 से ज्यादा लड़कियों (नाबालिग शामिल) के रेप और यौन शोषण का आरोप था। कहा गया कि वो लड़कियों के हॉस्टल में जाकर पीड़ितों के साथ गलत करता था। मामले का खुलासा कुछ पीड़ित लड़कियों की पेट दर्द की शिकायत से हुआ। उन्होंने बताया कि आरोप हॉस्टल में आकर उनके साथ गलत काम करता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी को थाने लाया गया था। तभी सैकड़ों लोगों की भीड़ थाने ने घुस आई और युवक को खींचकर बाहर ले गई और मारपीट की। पुलिस ने बताया कि गंभीर हालत युवक को अस्पताल ले जाया गया था। डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक युवक एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करता था।

# ड्रीमलाइनर हादसा: चंद सेकंड की बेबसी और कम ऊंचाई बनी 271 मौतों का कारण

## पायलटों ने इंजन चालू किया, मात्र 625 फीट की ऊंचाई की वजह से हुआ क्रैश: रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की अहमदाबाद विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि उड़ान संख्या 171 के लंदन

**खुलासा**

के लिए उड़ान भरने के कुछ क्षण बाद ऊंचाई खो रहे उस विमान के एक पायलट ने देखा कि कॉकपिट में लगे ईंधन वाले दोनों स्विच बंद है।

पायलटों ने स्विच चालू कर दिए थे, लेकिन समय इतना कम था और विमान इतना नीचे गया था कि वह फिर ऊपर उठ नहीं पाया और नीचे एक छात्रावास से टकरा गया। दुर्घटना के एक माह बाद जारी एजेंसी भारतीय वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के अनुसार कॉकपिट संभाल रहे दोनों पायलटों में एक ने उन क्षणों में कहा था कि 'तुमने कट ऑफ क्यों किया', इस पर दूसरे का जवाब था- ' मैंने नहीं किया'! इस संवाद के बाद कुछ ही पल में -शेष पृष्ठ दो पर



### जांच में सहयोग जारी रहेगा: बोइंग

**नई दिल्ली।** अमेरिका की विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग ने शनिवार को कहा कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए चल रही जांच में मदद कर रही है और यह सहयोग जारी रहेगा। विमान विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि वैश्विक विमानन उद्योग के स्थापित नियमों के अंतर्गत उसने फिलहाल जांच का काम भारत के विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) पर छोड़ रखा है, जो इस समय मुख्य जांच एजेंसी है।

## आरोप: पायलट की गलती साबित करने की हड़बड़ी

**नई दिल्ली।** 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के एआई171 पर विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट पर एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कई सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

एसोसिएशन ने कहा कि जांच का लहजा और जांच की दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत दे रही है। हम इस धारणा को पूरी तरह से खारिज करते हैं। हम निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच पर जोर देते हैं। बयान में आरोप लगाया गया कि एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट मीडिया को लीक की गई। एसोसिएशन को इस बात की चिंता है कि प्रारंभिक एएआईबी रिपोर्ट बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर या जानकारी के मीडिया के साथ साझा की गई।

**■ पायलट्स एसोसिएशन का दावा: रिपोर्ट लीक करने का लगाया आरोप**

# कांवड़ मार्ग पर QR कोड दिखाने के फरमान को SC में चुनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को मालिकों की जानकारी हासिल करने के लिए कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस वर्ष 'कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से नौ अगस्त के बीच निर्धारित है। प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस रिट याचिका में दलील देते हुए कहा गया है कि निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ है। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है। उन्होंने अपनी याचिका में कुछ मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों को क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है, जो ग्राहकों को स्वामित्व संबंधी जानकारी हासिल करने की अनुमति देते हैं। प्रो. झा की याचिका में तर्क दिया गया है कि क्यूआर कोड संबंधी निर्देश डिजिटल माध्यमों से असंवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए जानबूझकर शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में कहा कि जब तक यह अदालत प्रतिवादियों को इस अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन को जारी रखने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी नहीं करती, तब तक प्रभावित विक्रेताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के मौलिक अधिकारों को अपूरणीय क्षति पहुंचने का गंभीर और खतरा मंडराता रहेगा।



## उप्र: चित्रकूट में बाढ़, सड़कों पर तीन से पांच फीट पानी

**नई दिल्ली।** उप्र के चित्रकूट में तेज बारिश जारी है। यहां मंदाकिनी नदी उफान पर है। तेज बारिश के कारण सड़कों पर 3 से 5 फीट तक पानी भर गया है।

ड्रोन फुटेज में शहर के मुख्य इलाकों में केवल पानी ही पानी नजर आ रहा है। यहां रामघाट पर बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। 30 फीट ऊंचा फुट ओवर ब्रिज डूब चुका है। घर, स्कूल, मंदिर, होटल, घाट, दुकानें, पुल सब पानी में डूबे हुए हैं। कानपुर में तेज बारिश से रेलवे ट्रैक धंस गया। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के पंडोह डैम के पास कैंची मोड़ पर लैंडस्लाइड हुआ। चंडीगढ़- मनाली नेशनल हाईवे दोनों ओर से बंद हो गया।

**■ हिमाचल में लैंडस्लाइड, 250 सड़कें बंद**

## राहुल की ब्रिटिश नागरिकता पर पुनर्विचार याचिका दाखिल

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में शुक्रवार को एक पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है। याची एस. विग्नेश शिशिर के अनुसार उन्होंने शुक्रवार को उक्त पुनर्विचार याचिका दाखिल की है, जिसमें लंदन, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के वीडियो सहित अन्य साक्ष्य भी दाखिल किए हैं।

## दिल्ली में इमारत गिरी, दो लोगों की मौत, आठ घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वेलकम इलाके में एक इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वेलकम थाने की पुलिस को एक चार मंजिला इमारत गिरने की सूचना मिली। पुलिस के साथ दमकल कर्मी और अन्य एजेंसी के कर्मी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल से आठ घायल लोगों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से सात लोगों को जेपीसी अस्पताल में जबकि एक को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान मतलूब (50) और उसकी पत्नी राबिया (46) के रूप में हुई है।

**■ मरने वाले दोनों पति-पत्नी**

# इसरो के मानव अंतरिक्ष अभियान की तैयारी तेज

चेन्नई, वार्ता

**भारतीय अंतरिक्ष** अनुसंधान संगठन (इसरो) ने योग्यता परीक्षण कार्यक्रम के पूरा होने के साथ ही गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का विकास सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

एसएम आधारित मिशन निरस्तीकरण की उड़ान ऑफ- नॉमिनल मिशन प्रोफ़ाइल के लिए एसएमपीएस के एकीकृत प्रदर्शन को मान्य करने के लिए 350 सेकंड के लिए एसएमपीएस का पूर्ण अवधि का हॉट टेस्ट 11 जुलाई को किया गया। इसरो ने शनिवार को बताया कि हॉट टेस्ट के दौरान प्रणोदन प्रणाली का समग्र प्रदर्शन पूर्व-परीक्षण पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य था। गगनयान का सर्विस मॉड्यूल (एसएम) एक विनियमित द्वि-प्रणोदक आधारित प्रणोदन प्रणाली है, जो आरोहण चरण के दौरान कक्षा वृत्ताकारीकरण, ऑन-ऑर्बिट नियंत्रण, डी-बूस्ट पैंतरेबाज़ी और सर्विस मॉड्यूल आधारित निरस्तीकरण के लिए कक्षीय मॉड्यूल की आवश्यकताओं को पूरा करता है। द्रव अपोजी मोटर (एलएएम) इंजन कक्षा वृत्ताकारीकरण और डी-बूस्ट चरणों के दौरान मुख्य प्रणोदक बल प्रदान करते हैं, जबकि प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) थ्रस्टर्स सटीक रवैया नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम के द्रव परिपथ का अनुकरण करते हुए एक सिस्टम प्रदर्शन मॉडल (एसडीएम) परीक्षण केंद्र तैयार किया गया, जिसमें प्रणोदक टैंक फीड सिस्टम, हीलियम दाब प्रणाली, उड़ान-योग्य थ्रस्टर्स और नियंत्रण घटक शामिल हैं।

**■ गगनयान की उड़ान के लिए इंजन तैयार, मिशन एबार्ट का परीक्षण सफल**



मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है।
इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं।
इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं।
यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घें-घें-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S.(U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S.(U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पुर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पुर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो. : 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी से मिले माझी ओड़िशा में विकास कार्यों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर राज्य में विकास परियोजनाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। मुलाक. ात के बाद माझी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर विभिन्न विकास कार्यों और केन्द्र-राज्य समन्वय पर महत्वपूर्ण चर्चा की। माझी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज मुझे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ओडिशा के विकास के लिए उनकी प्रेरणा और अटूट सहयोग के लिए मैं आभारी हूं। इस अवसर पर ओडिशा के विभिन्न विकास कार्यों, भावी कार्य योजनाओं, केंद्र-राज्य समन्वय और राज्य के समग्र विकास को गति देने पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

### जम्मू-कश्मीर के विद्यालयों के समय में किया बदलाव

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने शनिवार को बेहतर मौसम व छात्रों तथा अभिभावकों से मिली प्रतिक्रियाओं का हवाला देते हुए सोमवार से स्कूलों के समय में बदलाव की घोषणा की। नई समय सारणी के अनुसार सभी जिलों में नगरपालिका सीमा में स्थित स्कूलों के लिए समय सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक से 12वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिए स्कूल का समय सुबह आठ बजे से अपराह्न 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रदेश की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश और राहत को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

# भाजपा सरकार जानबूझ कर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि बिजली के निजीकरण पर उतारु भारतीय जनता पार्टी सरकार जानबूझ कर बिजली व्यवस्था को खराब कर रही है।

यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है। सरकार बिजली विभाग को निजी हाथों में बेचने की तैयारी कर रही हैं। भाजपा की दिल्ली की सरकार हो या उत्तर प्रदेश की सरकार दोनों सब कुछ बेचने पर उतारू है। भाजपा ने बिजली मंत्री इसीलिए बनाया है, जिससे विभाग अपने करीबियों को बेचना आसान हो जाय। भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था सुधारने और उत्पादन बघने के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली की खराब स्थिति का ठीकरा कर्मचारियों के सिरफोघ कर निजीकरण करने की जमीन तैयार कर चुकी है। उत्तर प्रदेश में आज जनता को जो भी बिजली मिल रही है। वह समाजवादी सरकार में लगाए गए। पावर प्लांटों से मिल रही है। समा. जवादी सरकार में एटा, कानपुर देहात, ललितपुर, पनकी, समेत कई जिलों में पावर प्लांट लगाए लेकिन भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन और आगे बघने के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा सब कुछ निजीकरण कर नौकरी और आरक्षण खत्म करना चाहती है। यादव ने कहा कि भाजपा राज में जेनरेशन, ट्रांसमिशन या डिस्ट्रीब्यूशन किसी में कोई तरक्की नहीं हुई है। भाजपा सरकार नौ साल के कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया है। केवल बिजली का बिल बढ़ाया है।

# कांवड़ यात्रा के मद्देनजर उप्र के डीजीपी सख्त

## ढाबा संचालक ऐसा कोई काम न करें, जिससे भावनाएं आहत हों: राजीव कृष्ण

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महा. निदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले ढाबा संचालकों से अपील की है कि वह खान पान में अशुद्धि अथवा मिलावट जैसा ऐसा कोई काम न करें, जिससे धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचती हो।

कृष्ण ने शनिवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आगरा, बरेली, मेरठ, प्रयागराज जोन में कांवड़ यात्रा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। पवित्र श्रावण मास में कांवघ यात्रियों के जल अर्पण की प्रक्रिया जारी है। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। इस संबंध में सीमावर्ती दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक कर आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों के लिए ढाबों में शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसने की अपील की गई है और इसकी निगरानी के लिए फूड सेफ्टी की अधिकृत एजेंसी के अफसर तैनात किए हैं, जबकि पुलिस समन्वय और सहयोग के लिए तैनात है।

उन्होंने कहा कि खाने पीने की चीजों में किसी भी प्रकार की मिलावट की कोई जानकारी सम्बंधित अधिकारियों को दी जा सकती है। उन्होंने ढाबा संचालकों से अपील की कि घबा संचालक ऐसा कोई काम न करें, जिससे भावनाएं आहत हो। डीजीपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के लिए मेरठ जोन में ट्रैफिक स्कीम लागू है, वहीं विभिन्न घाटों पर पुलिस के गोताखोर लगाए गए हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए की जा रही है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का भी प्रयोग किया जा रहा है। यात्रा मार्ग के हर एक किमी पर पुलिस के जवान पेट्रोलिंग कर रहे हैं।

संवेदनशील इलाकों में चौकी बनाई गई। उन्होंने कहा कि हादसों से बचने के लिए डीजे की हाइट और साउंड के लिए नियम बनाए गए हैं, जिसका पालन करना होगा। अवैध धर्मांतरण को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के इनपुट के आधार पे कार्रवाई हो रही है। जो भी लॉ एंड ऑर्डर के खिलाफ काम करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वैसे धर्मांतरण मामले में एटीएस जांच कर रही है।

## देश और समाज के खिलाफ अवैध धर्मांतरण गहरी साजिश

# अवैध धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: योगी

शाह टाइमस ब्यूरो



■ कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अवैध धर्मांतरण देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने सरकारी आवास पर श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा के दौरान योगी ने शनिवार को कहा कि कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही हैं। यह समाज को तोड़ने और धार्मिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। ऐसी गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश है। अनुसूचित जाति के लोगों को लालच और भय के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो संविधान और सामाजिक समरसता के खिलाफ है। योगी आदित्यनाथ ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा का सरकारी आवास पर स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने संदेश यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया। यहीं से संदेश यात्रा का शुभारंभ हुआ। संदेश यात्रा लखनऊ से चलकर कानपुर, इटावा, आगरा होकर दिल्ली के चांदनी चौक और शीशगंज गुरुद्वारा तक जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में बलरामपुर में एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें अवैध धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए विदेशों से धन राशि प्राप्त करने वाले एक नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया। इस कार्रवाई में अवैध धर्मांतरण के लिए रेट तय करने के मामले को उजागर किया गया और अब तक 40 खातों में 100 करोड़ से अधिक का लेन-देन पाया गया है। यह आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर खतरा है। योगी ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से दिल्ली तक एक संदेश यात्रा शुरू की गई। इस यात्रा का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी महाराज की शहादत को याद करना था, जिन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी जान दी थी। यात्रा दिल्ली के उस ऐतिहासिक गुरुद्वारे तक जाएगी, जहां गुरु तेग बहादुर जी ने अपना बलिदान दिया था।

### किसानों की समृद्धि के बिना खुशहाली असंभव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, जहां किसान की समृद्धि के बिना खुशहाली नहीं आ सकती। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'भारत में पशु नस्लों का विकास' कार्यशाला का शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। अन्नदाता किसान के घर में पशुधन होगा और पशुपालक भी खेतीबाड़ी से अवश्य जुड़ा होगा। इनके आपसी संबंध को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष में किसानों की खुशहाली व समृद्धि के लिए बढ़ाए गए कदम अत्यंत महत्वपूर्ण व सराहनीय हैं। मोदी की प्रेरणा से यूपी में भी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए गए हैं। डबल इंजन सरकार की ऊर्जा का लाभ यूपी ने लिया है। यूपी दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। उन्होंने गोरखपुर के कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान तथा पशुपालन अवसंरचना विकास निधि के तहत यूपी में तीन प्रोजेक्ट (अमेठी, बरेली व मथुरा) का बटन दबाकर उद्घाटन किया।

# निमिषा प्रिया मामले में हस्तक्षेप करें मोदी

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यमन में फांसी की सजा सुनाई गई केरल की नर्स निमिषा प्रिया के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है।

केरल निवासी नर्स निमिषा प्रिया को यमन में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी है। वेणुगोपाल ने मोदी को शनिवार को लिखे पत्र में निमिषा प्रिया के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करके उसे मौत की सजा से बचाने का अनुरोध किया है। वेणुगोपाल ने पत्र में लिखा, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ लेते हुए तत्काल हस्तक्षेप करें और यमन के अधिकारियों से संपर्क कर सभी संभव राजनयिक उपाय करवाएंतथा निमिषा की मौत की सज़ा रद्द कराएं। भारत सरकार की ओर से हालांकि निमिषा प्रिया को बचाने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन पीड़ित महदी परिवार धन लेकर निमिषा को माफ करने को तैयार नहीं है। गौरतलब है कि निमिषा प्रिया पर यमन में अपने क्लीनिक साझेदार एवं स्थानीय व्यापारी तलाल अब्दो महदी को नशीला इंजेक्शन देने का आरोप है। नशीला इंजेक्शन देने के बाद महदी की मौत हो गई थी।



सेंसेक्स 83625.89
निफ्टी 25424.35



सोना रु. 96085
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 107500
प्रति किलो



# पर्यटन क्षेत्र का अर्थव्यवस्था में योगदान तीन से चार गुना तक संभव

लखनऊ, वार्ता



केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन क्षेत्र के विकास से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में बढ़ती दिलचस्पी के चलते उम्मीद जाई जा रही है कि आने वाले कुछ वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था में योगदान के मामले में विकसित देशों की बराबरी करेगा।

पर्यटन मंत्रालय के मुताबिक 2023 में 1.88 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए। घरेलू स्तर पर 250 करोड़ पर्यटकों ने यात्रा की। कुंभ के दौरान जिस तरह से भीड़ उमड़ी है, उसे देखते हुए उत्तर भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक शहरों में आने वाले समय में ज्यादा पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इसका सर्वाधिक लाभ भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण भोलेनाथ, बुद्ध और गुरु गोरक्षनाथ की धरती उत्तर प्रदेश को मिलेगा। यूं भी कुछ वर्षों से घरेलू पर्यटकों के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में लगातार पहले पायदान पर है। एसोसिएशन ऑफ इंडिया की (2024) रिपोर्ट के अनुसार देश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर अगले पांच से सात वर्षों में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कुल सृजित रोजगार का करीब 10 फीसद योगदान होगा। तब जीडीपी में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर का योगदान बढ़कर करीब 8 फीसद हो जाएगा। पिछले दो वर्षों में इस सेक्टर में भर्तियों की संख्या में करीब ढाई गुना से अधिक वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में सर्वाधिक योगदान धार्मिक पर्यटन का होगा। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसद से अधिक यात्राएं धार्मिक स्थलों की होती हैं। वैश्विक धार्मिक पर्यटन का बाजार 2032 तक दो अरब डॉलर से अधिक का होगा। चूंकि भारत एक धार्मिक देश है और उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक धार्मिक स्थल हैं, लिहाजा धार्मिक पर्यटन का सबसे अधिक लाभ भारत को और भारत में उत्तर प्रदेश को होगा। उत्तर प्रदेश को यह लाभ मिलने भी लगा है। प्रयागराज महाकुंभ में देश-दुनिया के 66 करोड़ से अधिक लोग आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के पहले साल में औसतन 50 लाख लोग आते थे।

अब यह संख्या बढ़कर 6 करोड़ तक पहुंच गई है। इसी तरह जिस अयोध्या में 2016 में मात्र 2-83 लाख पर्यटक/श्रद्धालु आए थे वहां सितंबर 2024 तक 13-44 करोड़ पर्यटक/ श्रद्धालु आ चुके थे। महाकुंभ के उलट प्रवाह के बाद तो कई रिकॉर्ड टूट गए। कमोबेश यही स्थिति मिर्जापुर स्थित मां विध्यवासिनी धाम, राम को प्रिय चित्रकूट, और राधा कृष्ण की लीला क्षेत्र मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदग्राम, गोकुल और गोवर्धन की भी है।

घरेलू पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण अगले सात साल में होटलों में 10 लाख रूम की जरूरत होगी। इससे 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकता है। इसमें 15-20 लाख नौकरियां छोटे शहरों में होगी, क्योंकि इन्हीं शहरों में फाइव स्टार होटल अपनी विस्तार की योजना बना रहे हैं। आईटीसी मौर्या नई दिल्ली में वैंक्वेट मैनेजर रहे भव्य मल्होत्रा के मुताबिक प्रति कमरा, तीन सर्विस प्रोवाइडर किसी अच्छे होटल के लिए आदर्श स्थिति होती है। इसमें फंट ऑफिस, हाउस कीपिग, फूड एंड बेव. रेज, लाउंड्री, फाइनेंस, एचआर, हॉर्टिकल्चर, सेल्स आदि विभाग होते हैं। अगर प्रॉपर्टी छोटी है तो कुछ विभाग न होने से सर्विस प्रोवाइडर्स की संख्या कुछ कम हो सकती है। पर, प्रति कमरा दो कर्मचारी तो होने ही चाहिए। इससे कम होने पर आप अपने ग्राहकों को संतोषजनक सेवा नहीं दे पाएंगे।

# दालों और तेलों में रहा गिरावट का रुख

नई दिल्ली, वार्ता

■ चावल में तेजी दिखी, गेहूं में पांच रुपये क्विंटल तक की नरमी दर्ज हुई, चना 44 रुपये टूटा

स्थानीय जिंस बाजार में साप्ताहिक कारोबार के अंतिम दिन दालों और तेलों में कुल मिला कर गिरावट का रुख देखा गया। मलेशिया में पाम ऑयल वायदा में पिछले कुछ दिनों की लगातार तेजी के बाद अब प्रतिरोध की रिपोर्ट आ रही रही हैं। जबकि अमेरिका में तेल सोया में शुक्रवार को तेजी बनी हुई थी।

बावजूद इसके शनिवार को स्थानीय खाद्य तेल बाजार में तेल मूंगफली , वनस्पति और सरसों तेल में तेज गिरावट दिखी। मूंगफली तेल में मांग के समर्थन के अभाव और अच्छे स्टॉक की स्थिति के बीच प्रति क्विंटल 238 रुपये तक की गिरावट दर्ज की गई, जबकि तेल सरसों 48 और वनस्पति 81 रुपये नीचे आ गया। तेल सोया, सूरजमुखी और पाम आयल में भी हल्की से औसत दर्जे की गिरावट रही। स्टॉक और मांग के अंतर के बीच चावल में तेजी दिखी। इसके विपरीत गेहूं में पांच रुपये क्विंटल तक की नरमी दिखी। आज दालों में भी उठाव कम होने से गिरावट का रुख देखा गया। दलहन बाजार में चना 44 रुपये टूट गया, जबकि तुअर दाल का भाव 69 रुपये तक गिर कर बोला गया। उड़द और मसूर दाल में क्रमश: 71 और 34 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। दाल मूंग के भाव हल्की तीन रुपये की तेजी के साथ करीब करीब पिछले स्तर पर रहे। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव में औसतन 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : दाल चना 7826-7782 , मसूर काली 8042 -8008, मूंग दाल 10147-110150, उड़द दाल 10546-10515, अरहर दाल 11060-10990 रुपये प्रति क्विटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2822 रुपये और चावल 3858 रुपये प्रति क्विंटल । चीनी-गुड़ : चीनी एस 4284-64 और गुड़ 4893 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16797-11 रुपये, मूंगफली तेल 17613-42 रुपये, सूरजमुखी तेल 15251-2 रुपये, सोया रिफाइंड 13703- 41 रुपये, पाम ऑयल 12195-42 रुपये और वनस्पति तेल 14434-41 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### अहमदाबाद विमान....

सब कुछ समाप्त हो गया था। यहां 'कट ऑफ' से मतलब विमान के दोनों इंजनों को ईंधन की आपूर्ति करने वाली प्रणाली को चालू और बंद करने के लिए कॉकपिट में लगे दोनों स्विच बंद होने से था। पहले पायलट के प्रश्न के उत्तर में दूसरे का कहना था कि उसने स्विच बंद नहीं किए थे।

एएबीआई की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार पायलटों ने विमान को बचाने का बहादुरी से प्रयास किया। ईंधन कटौती के 10-14 सेकंड के भीतर, उन्होंने दोनों ईंधन स्विच को वापस 'रन' की स्थिति में किया। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि विमान के दोनों इंजनों ने स्वचालित रूप से पुन: आरंभ करना शुरू कर दिया, इंजन 1 में सुधार के संकेत दिखाई दिए और इंजन 2 के फिर से प्रज्वलित होने की प्रकिया होने लगी थी, लेकिन अपर्याप्त समय और कम ऊंचाई के कारण विमान को टक्कर से नहीं बचाया जा सका। रिपोर्ट का कहना है कि जब विमान के इंजनों ने काम करना बंद किया था उस समय वह केवल 625 फुट ऊपर था और इंजन पुन: आरंभ करने की प्रक्रिया में 29 सेकंड से कहीं अधिक समय लगता था। आज के जेट इंजन उड़ान के दौरान पुन: चालू हो जाते हैं, लेकिन इसमें कई मिनट लग जाते हैं और इसके लिए विमान अधिक ऊंचाई पर होना चाहिए। अंतरिम जांच रिपोर्ट के अनुसार गत 12 जून को अहमदाबाद से उड़े बोइंग बी787-8 ड्रीमलाइनर विमान ने पूरी गति और शक्ति से हवाई पट्टी से उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही क्षण में ही विमान के दोनों इंजनों को तेल मिलना बंद हो गया था और तेल न मिलने से विमान तेजी से ऊंचाई खोने लगा और एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास भवन से जा टकराया। रिपोर्ट के अनुसार ईंधन प्रणाली के दोनों स्विच सेकंड भर के अंतर में बंद हुए थे। इस दुर्घटना में विमान के यात्री को छोड़ कर चालक दल सहित उसमें बैठे सभी व्यक्तियों और छात्रावास भवन के कुछ लोगों सहित 271 लोगों की मौत हो गई थी। इस रिपोर्ट के आने के तुरंत बाद अमे. रिका विमान विनिर्माता बोइंग ने एक बयान में कहा कि वह जांच में सहयोग जारी रखेगी। एएआईबी की 15 पृष्ठ की इस रिपोर्ट में उड़ान भरने के 90 सेकंड के समय के भयावह घटनाक्रम का विवरण प्रस्तुत है, जो उसके ब्लैक बॉक्स के रिकॉर्ड की जांच से सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक विमान के शुरू में ऊंचाई पकड़ने के बाद दोनों इंजन अप्रत्याशित रूप से बंद हो गए, जिससे विमान को इंजन से मिलने वाला प्रणोदक बल बहुत कम हो गया और विमान तेज़ी से नीचे आने लगा। ब्यूरो ने कहा है कि डाउनलोड किए गए उड़ान डेटा में लगभग 49 घंटे का उड़ान डेटा और छह उड़ानों की जानकारी शामिल थीं, जिनमें घटना वाली उड़ान भी शामिल थी। प्राप्त ऑडियो दो घंटे लंबा था और उसमें पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। विमान के एन्हांस्ड एयरबोर्न फ्लाइट रिकॉर्डर (ईएआरएफ) के डाटा के विश्लेषण से पता चला कि दोनों इंजनों के ईंधन कटऑफ में लगे स्विच विमान के उड़ने के कुछ ही क्षणों बाद, एक सेकंड के अंतराल पर, अनजाने में 'रन' (चालू) से कट-ऑफ (बंद मोड) पर चले गए थे। एक पायलट को दूसरे से पूछते हुए सुना गया, 'तुमने कटऑफ क्यों किया?' जिस पर जवाब था, 'मैंने नहीं किया।' 'पायलटों ने दोनों ईंधन-स्विच चालू कर दिए थे, लेकिन समय नहीं बचा था, विमान की ऊंचाई भी कम थी।' एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई171 (अहमदाबाद-लंदन) का संचालन प्रथम अधिकारी पीएफ (पायलट फ्लाइट) क्लाइव कुंदर और कॉकपिट से उड़ान का प्रबंधन पायलट मॉनिटरिंग (पीएम) कैप्टन सुमित सभरवाल कर रहे थे। उड़ान के दौरान वरिष्ठ कैप्टन उड़ान की निगरानी और प्रबंधन करता है। रिपोर्ट में ईंधन स्विच बंद होने से संबंधित कॉकपिट में हुई बातचीत का केवल संक्षिप्त विवरण दिया गया है। इसमें यह नहीं बताया गया है कि अमुक बात किसने की। एएआईबी के अनुसार एक पायलट को दूसरे से यह पूछते हुए सुना गया कि तुमने कटौती क्यों की। दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि मैंने ऐसा नहीं किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस विमान (वीटी-एएनबी) के रखरखाव का रिकॉर्ड साफ़-सुथरा था और 2023 से इसके ईंधन नियंत्रण स्विच में कोई खराबी दर्ज नहीं की गई थी। बाराबर इसके सभी आवश्यक निरीक्षण किए जा रहे थे, और विमान विविधिवत उड़ान योग्य प्रमाणित था। इस मामले में हालांकि एक विचारणीय प्रश्न उठ रहा है कि जब अमेरिकी संघीय उड्डयन एजेंसी ने 787 मॉडल सहित बोइंग विमानों पर ईंधन नियंत्रण स्विच लॉकिंग तंत्र से जुड़ी संभावित समस्याओं के संबंध में विशेष उड़ान योग्यता सूचना बुलेटिन संख्या एनएच-18-33 वर्ष 2018 में जारी किया था, तो उसके संदर्भ में इस विमान को लेकर क्या सावधानी बरती गई। यह बुलेटिन उन रिपोर्टों के बाद जारी किया गया था जिनमें कहा गया था कि बोइंग 737 विमानों पर ईंधन नियंत्रण स्विच बिना लॉकिंग सुविधाओं के लगाए गए थे। वह बुलेटिन अनिवार्य निर्देश नहीं बल्कि केवल एक परामर्श था। एयरलाइन ने विमान के थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल को 2019 और 2023 में बदला था, लेकिन यह काम ईंधन स्विच समस्याओं से संबंधित नहीं थे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एयर इंडिया ने अमेरिकी उड्डयन एजेंसी के बुलेटिन को आधार बना कर काई निरीक्षण नहीं किया। एएआईबी प्राथमिक रिपोर्ट में इस बाद को विशेष रूप से लिखा कि यह रिपोर्ट प्रारंभिक है और इसमें परिवर्तन हो सकता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीएम ने किया अंडरग्राउंड वायरिंग प्रोजेक्ट का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा के बीएच (पूर्व) ब्लॉक में बिजली की ऊपरी तारों को भूमिगत (अंडरग्राउंड) करने के पहले पायलट प्रोजेक्ट का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना को लगभग तीन महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा। इस कार्य से न केवल दिल्ली की सौंदर्य छवि को निखारा जाएगा, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा को भी सुनिश्चित किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री श्री आशीष सूद भी मौजूद थे।

परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना से शालीमार बाग के बीएच ब्लॉक जनता फ्लैट्स में रहने वाले लगभग ५५०० परिवार लाभान्वित होंगे और क्षेत्र की दृश्य छवि भी बेहतर होगी। ८.०७ करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के अंतर्गत ५ किलोमीटर लंबे भ्ज और स्ज ओवरहेड तारों को हटाकर १० किलोमीटर भूमिगत LT (४४०ट) और १.२ किलोमीटर नेटवर्क बिछाया जाएगा। इसके साथ ही २३ नए डबल सोर्स फीडर पिलर बॉक्स लगाए जाएंगे, जो बिजली आपूर्ति को अधिक विश्वसनीय बनाएंगे। क्षेत्र में नई स्ट्रीट लाइटों के लिए ळप् ऑक्टागोनल पोल और ब्ब्डै स्विच लगाए जाएंगे, जिससे रात में रोशनी की गुणवत्ता में सुधार होगा। इस पूरी योजना के कार्यान्वयन के बाद नागरिकों को हर मौसम में निर्बाध २४ गुणा ७ बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज शुरू किया गया यह कार्य, जिसमें ओवरहेड वायरिंग को भूमिगत किया जा रहा है, दिल्ली के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट है। यह तकनीकी विकास के साथ-साथ एक स्पष्ट विजन का प्रतीक है, जिससे राजधानी की ऊर्जा व्यवस्था अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बन सकेगी। उन्होंने बताया कि तारों की खुली और अव्यवस्थित व्यवस्था से शहर की सुंदरता प्रभावित होती है और नागरिकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। यह परियोजना उन समस्याओं को दूर करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है, जिससे लोगों को एक बेहतर जीवन अनुभव मिलेगा।मुख्यमंत्री ने बताया कि यह तो केवल एक शुरुआत है, हमारी सरकार की योजना है कि इस पायलट प्रोजेक्ट को दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में भी जल्द से जल्द लागू किया जाएगा। इस योजना के लिए सरकार द्वारा १०० करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। यह राशि विभिन्न चरणों में दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में भी इस परियोजना के विस्तार के लिए इस्तेमाल की जाएगी।

# डीयू : लॉ प्रोग्राम्स के लिए सीट आवंटन की शुरूआत 16 जुलाई से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ के लिए पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ प्रोग्राम और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया है। लॉ प्रोग्राम्स के लिए सीट आवंटन की शुरुआत १६ जुलाई से होगी, वहीं पीजी कोर्सेज में बची हुई सीटों को भरने के लिए १८ जुलाई से स्पॉट राउंड आयोजित किया जाएगा।

पांच वर्षीय इंटिग्रेटिड बीए एलएलबी ऑनर्स और बीबीए एलएलबी ऑनर्स प्रोग्राम में दाखिले की दौड़ अगले सप्ताह से शुरू होगी। डीयू ने इन दोनों प्रोग्राम के लिए दाखिला प्रक्रिया की घोषणा कर दी है। दाखिले के लिए तीन राउंड होंगे, यदि उसके बाद भी सीटें बचती हैं तो और राउंड आयोजित किए जाएंगे। छात्रों के लिए पहला सीट आवंटन १६ जुलाई से होगा। जबकि इन प्रोग्राम में पहले से पंजीकृत छात्रों के लिए १२ जुलाई से सुधार विंडो शुरू होगी। छात्र १३ जुलाई रात ११:५९ बजे तक अपने फॉर्म में सुधार कर सकते हैं। मालूम हो कि इन दोनों प्रोग्राम में दाखिले क्लैट २०२५ के स्कोर के आधार पर होंगे।

बीए एलएलबी ऑनर्स और बीबीए एलएलबी ऑनर्स के लिए जारी किए दाखिला शेड्यूल के अनुसार पहला सीट आवंटन की शुरुआत १६ जुलाई से होगी। छात्र १६ जुलाई से १८ जुलाई रात ११:५९ बजे तक सीट को स्वीकार कर सकेंगे। विभाग ऑनलाइन आवेदन का सत्यापन कर उसे १९ जुलाई तक मंजूरी प्रदान करेंगे। इस राउंड के दाखिले के लिए फीस का भुगतान २० जुलाई शाम ४:५९ बजे तक किया जा सकेगा। दूसरे राउंड की शुरुआत २२ जुलाई से होगी। इसमें छात्र को आवंटित सीट को स्वीकार करने के लिए महज दो दिन मिलेंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अभी एक हजार से अधिक सीटें खाली हैं। डीयू ने इन सीटों को भरने के लिए स्पॉट राउंड की घोषणा की है।

१८ जुलाई शाम पांच बजे छात्र के डैशबोर्ड पर खाली सीटों की जानकारी जारी की जाएगी। इसी दिन से दाखिला प्रक्रिया की शुरुआत हो जाएगी। स्पॉट राउंड के लिए छात्र १८ से २० जुलाई शाम पांच बजे तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद २२ जुलाई को सीट का आवंटन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदर्शन आधारित प्रोग्राम (एमएफए, एमए म्यूजिक, बीपीईडी, एमपीईडी) सीडब्ल्यू और वार्ड कोटा की सीटों के लिए सीट आवंटन का दूसरा राउंड २२ जुलाई से होगा। स्पॉट राउंड-१ और प्रदर्शन आधारित प्रोग्राम, सीडब्लयू और वार्ड कोटा के दूसरे राउंड के लिए छात्र को २२ से २४ जुलाई तक आवंटित सीट को स्वीकार करना होगा।

# ई-पॉस मशीनों को वजन मशीनों से इंटीग्रेशन की प्रक्रिया को मिली मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सभी १९६७ फेयर प्राइस शॉप्स पर ई-पॉस मशीनों को डिजिटल वजन मशीनों से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है।

इस बारे में जानकारी खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने खाद्य विभाग के अधिकारियों और दिल्ली सरकारी राशन डीलर्स संघ के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक के बाद साझा की। सिरसा ने कहा कि "ई-पॉस और वजन मशीनों का एकीकरण के साथ उपयोग लम्बे समय से अपेक्षित सुधार है, जिससे मैन्युअल गड़बड़ियाँ खत्म होंगी, लाभार्थियों की पहचान रियल टाइम में होगी, और उन्हें सही मात्रा में राशन मिलना सुनिश्चित होगा।मंत्री ने विभागीय अधिकारियों और फेयर प्राइस शॉप्स के डीलरों को निर्देश दिए कि ई-पॉस मशीनों का नियमित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि तकनीकी कारणों या संचालन में गड़बड़ी की वजह से किसी भी एलिजिबल लाभार्थी को राशन से वंचित न होना पड़े।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' (ONORC) योजना के तहत, मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभार्थियों, विशेष रूप से प्रवासी लाभार्थियों को, बिना किसी देरी के राशन मिलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, "NFSA के तहत पात्र लाभार्थियों को राशन देने से इनकार करने वाले फेयर प्राइस शॉप डीलरों के खिलाफ सखष्त कार्रवाई की जाएगी।



खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसाखाद्य विभाग के अधिकारियों और राशन डीलर्स संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए।

## एक नजर

### भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में तैनात भ्रष्ट ज्येष्ठ खनन अधिकारी शैलेन्द्र पटेल के भ्रष्टाचार और अवैध कमाई का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि पटेल ने खनन माफियाओं के साथ मिलीभगत करके सौ से डेढ़ सौ करोड़ की अवैध संपत्ति जुटाई है। जिसकी शिकायत मुख्यसचिव सहित प्रदेश के तमाम उच्चाधिकारियों से की जा चुकी है। लेकिन एक स्वजातीय केंद्रीय मंत्री से मिल रहे संरक्षण के चलते उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पूर्व विधायक रामसेवक पटेल ने आरोप लगाया है कि खनन अधिकारी शैलेन्द्र पटेल खनन की लिहाज से महत्वपूर्ण जिलों में तैनाती लेकर तकरीबन डेढ़ सौ करोड़ की अवैध संपत्ति जुटा चुका है। जो कि उसकी आय से कई गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा की जनप्रतिनिधि होने के नाते वे शैलेन्द्र पटेल की शिकायत शासन में तकरीबन हर स्तर पर कर चुके है। लेकिन उसका इतना रसूख है कि कोई अधिकारी उस परघ् कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। कांग्रेस नेता आशुतोष द्विवेदी ने भी आरोप लगाया है कि शैलेन्द्र पटेल खनन माफियाओं से मिलकर अवैध खनन को बढ़ावा देता है। जिसकी शिकायत प्रदेश के मुख्यसचिव मनोज सिंह सहित तमाम उच्चाधिकारियों से की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि कई बार उसकी शिकायत खुद केन्द्रीय मंत्री से भी की गई।

### रेलवे ने किया बदलाव ट्रेनें पहुंचेगी जल्दी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने कई ट्रेनों के यात्रा समय में बदलाव किया है। बरौनी-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे दरभंगा-नई दिल्ली हमसफर विशेष पांच घंटे और श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे कम समय लेगी। अन्य ट्रेनों के समय में भी बदलाव हुआ है जिससे यात्रियों को सुविधा होगी।

### कांवड़ यात्रा मार्ग पर मीट की दुकानें बंद कराई

**नई दिल्ली।** भाजपा विधायक तरविंदर सिंह मारवाह शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे और कांवड़ मार्ग पर मीट की दुकानें बंद कराईं। भोगल के आस-पास उन्होंने आठ से दस रेस्तरां वालों से बात की और दुकानें बंद कराने के लिए तैयार किया। तरविंदर सिंह मारवाह ने कहा कि कांवड़ यात्रा में १३ दिनों तक सारी मीट की दुकानें बंद रहेंगी। दुकानदारों से कहा है कि जब कांवड़ यात्रा आने वाला होगा तो दुकानें बंद रखेंगे। साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे और कांवड़ यात्रा का स्वागत करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगली बार शराब की भी दुकानें कांवड़ यात्रा के दौरान १३ दिनों तक बंद कराएंगे।

### ट्रांस कैथेटर पल्मोनरी वॉल्व रिप्लेसमेंट द्वारा हृदय से संबंधित प्रक्रियाएं हुई सफल

**नई दिल्ली।** अमृता हॉस्पिटल में ४ मरीजों का ट्रांस कैथेटर पल्मोनरी वॉल्व रिप्लेसमेंट नाम की एक विशेष हार्ट उपचार बिना ओपन हार्ट सर्जरी प्रक्रिया से सफल इलाज किया गया। भारत में जन्मजात हार्ट की बीमारियों के उपचार के लिए डॉक्टरों ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है। टीपीवीआर एक आसान और कम दर्द वाली प्रक्रिया होती है। इसमें खराब हार्ट वॉल्व को ठीक करने के लिए एक पतली और लचीली ट्यूब का उपयोग किया जाता है। यह ट्यूब नस के रास्ते अंदर डाली जाती है, जिससे छाती में चीरा लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इन मरीजों की बचपन में हार्ट की सर्जरी हुई थी, क्योंकि उन्हें टेट्रालॉजी ऑफ फ्लोट नाम की जन्मजात हार्ट की बीमारी थी। यह बीमारी हार्ट में खून के बहाव को प्रभावित करती है। कई सालों बाद उन्हें दोबारा समस्या होने लगी क्योंकि उनका पल्मोनरी वॉल्व लीक करने लगा। यह लीक होना पहली सर्जरी के सालों बाद एक आम दिक्कत मानी जाती है। अमृता हॉस्पिटल में ओपन हार्ट सर्जरी करने की बजाय कार्डियोलॉजी टीम ने टीपीवीआर नाम की खास तकनीक से इलाज किया। पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी और एडल्ट कंजेनिटल हार्ट की बीमारियों के विशेषज्ञ डॉ. एस. राधाकृष्णन, प्रमुख एवं प्रोफेसर, ने कहा, दुनियाभर में करीब ४०% मरीज जिन्हें बचपन में टेट्रालजी ऑफ फॉलोट की सर्जरी हुई होती है, उन्हें ३० साल के अंदर पल्मोनरी वॉल्व बदलवाने की जरूरत पड़ती है।डॉ. सुशील आजाद, डिप्टी हेड और प्रमुख कंसल्टेंट, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी ने कहा, टीपीवीआर से मरीजों को ज्यादा सुरक्षित, तेज और लंबे समय तक असरदार उपचार मिल सकता है।

# अलीपुर में गोदाम से 3.2 टन अवैध कीटनाशक दवा व खाद बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अलीपुर में गोदाम में छापा मारकर पुलिस ने अवैध रूप से बनाए जा रही कीटनाशक दवा और खाद की बड़ी खेप बरामद की है।

बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस की एएटीएस एवं एबीएस सेल की टीम ने गोदाम से लगभग ३.२ टन अवैध कीटनाशक व उर्वरक जब्त किया है। जिसकी कीमत ३.५ लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने गोदाम के मालिक व तीन श्रमिकों को गिरफ्तार भी किया है। पूछताछ के दौरान गोदाम मालिक प्रवीण ने पुलिस को बताया कि वह पिछले दो वर्षों से बिना लाइसेंस बाजार में कीटनाशक व उर्वरक बेच रहा है।बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि जिले की एएटीएस एवं एबीएस सेल को अलीपुर थाना अंतर्गत अवैध कीटनाशकों व उर्वरकों के निर्माण के संबंध में गुप्त सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने शिवम धर्म कांटा के पास स्थित गोदाम में चल रही गतिविधियों पर नजर रखी और गोदाम में अवैध कीटनाशक दवा के निर्माण की पुष्टि के बाद कृषि विभाग के कीटनाशक निरीक्षक सत्यवीर शर्मा को सूचना दी गई। कृषि विभाग की टीम के साथ पुलिस ने गोदाम पर छापा मारा और वहां से ३.२ टन अवैध कीटनाशक बरामद हुए। बरामद कीटनाशक/उर्वरक किसानों द्वारा धान के मौसम में इस्तेमाल किए जा सकते थे।

इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित की पहचान गोदाम मालिक प्रवीण निवासी संजय नगर के रूप में हुई। पुलिस ने मधुबनी (बिहार) जिले के जिरौल गांव के रहने वाले मनोज कुमार यादव व राहुल कुमार यादव और मधुबनी जिले के कलना गांव निवासी शांति नारायण को भी गिरफ्तार किया है।

### फंदे पर लटका मिला शव

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक स्थित राम बाजार क्लॉथ मार्केट में काम करने वाले एक कर्मचारी का शव फंदे पर लटका मिला। उसके साथ रहने वाले युवकों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस साथ रहने वाले युवकों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान यूपी प्रतापगढ़ के साहिल के रूप में हुई है।

वह राम बाजार क्लाथ मार्केट में कपड़ा व्यापारी पवन कुमार के यहां नौकरी करता था। जांच में पता चला है कि साहिल के साथ तीन और युवक रहते थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि साहिल के पास रात में कोई फोन आया था।

# पुलिस ने बैंक्वेट हॉल को आतिशबाजी रोकने का परामर्श जारी किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों की लिस्टिंग और डिलीवरी तुरंत बंद करें। दिल्ली पुलिस ने पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने के लिए ये निर्देश दिए हैं। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने लिखित संदेश में सभी ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर प्रतिबंध का पालन करने के लिए कहा है। इन प्लेटफॉर्म्स को पटाखों से जुड़े सभी उत्पादों को हटाने और दिल्ली में रहने वाले ग्राहकों के लिए खरीदारी विकल्प को बंद करने के लिए कहा गया है। दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई दिल्ली सरकार की ओर से १९ दिसंबर, २०२४ के आदेश के माध्यम से जारी निर्देशों और ६ मई, २०२५ को सुप्रीम कोर्ट की ओर से एमसी मेहता बनाम भारत संघ और अन्य के मामले में की गई टिप्पणियों के बाद की है। अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया, शहर में पटाखों की बिक्री या डिलीवरी को रोकने के लिए स्थान-आधारित प्रतिबंध भी लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।



पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह जोरबाग का दौरा करते हुए।

# पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया जोरबाग का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के जोर बाग इलाके का दौरा किया। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए चुनावों में जोर बाग की ऐतिहासिक रूप से उच्च मतदान भागीदारी के लिए वहां की जनता का धन्यवाद किया।

मंत्री के साथ नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर बोलते हुए प्रवेश साहिब सिंह ने कहा, कि "चुनाव से पहले मैंने जोर बाग के लोगों से वादा किया था कि अगर यहां का मतदान प्रतिशत ज्यादा रहेगा, तो इस क्षेत्र को विकास कार्यों में प्राथमिकता दी जाएगी। आज मैं इसीलिए पूरी एनडीएमसी टीम के साथ यहां आया हूं, ताकि जनता की हर समस्या को गंभीरता से लिया जाए और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो।

दौरे के दौरान स्थानीय निवासियों ने स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, पानी की आपूर्ति, पेड़ों की छंटाई और आंतरिक सड़कों की मरम्मत जैसी समस्याएं उठाईं। मंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन सभी मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करें और निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करें।मंत्री ने जोर बाग क्षेत्र में हाल में हुए सकारात्मक बदलावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,यूवी "हर साल मानसून के दौरान इस क्षेत्र में जलभराव आम समस्या रही है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ।

# इंटरनेशनल हेल्थ एंड वेलनेस एक्सपो में लगी प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रगति मैदान के हॉल नंबर १२ में नमो गंगे ट्रस्ट द्वारा आयोजित ८वां इंटरनेशनल हेल्थ एंड वेलनेस एक्सपो २०२५ के दूसरे दिन का आयोजन भी जोश, जागरूकता और स्वास्थ्य के संदेशों से भरा रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक, विशेषज्ञ और चिकित्सक शामिल हुए। इस मंच पर जहां आयुष, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और स्वदेशी उपचार पद्धतियों पर चर्चा हुई, वहीं हास्य और व्यंग्य के माध्यम से भी गंभीर स्वास्थ्य विषयों को सामने रखा गया। डॉ. बिस्वरूप राय चौधरी ने अपने प्रभावशाली और हास्य से भरे संबोधन में आधुनिक चिकित्सा प्रणाली की भय-आधारित कार्यशैली की आलोचना की और नैचुरोपैथी को एक सशक्त, सस्ती और प्रभावी विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया।


उन्होंने बताया कि कैसे भ्रमित करने वाली हेल्थ सलाह आमजन को डराकर खर्चीले इलाजों की ओर धकेलती है। उन्होंने गैविटी थेरेपी, फीवर थेरेपी जैसे उपचारों का उल्लेख करते हुए २०० से अधिक रोगियों की सफलताओं के उदाहरण साझा किए।

### अवैध तरीके से शराब बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**नई दिल्ली।** न्यू अशोक नगर में अवैध रूप से शराब की ब्रिकी, अतिक्रमण और पेयजल आपूर्ति समेत कई शिकायतें आ रही हैं। इसे लेकर त्रिलोकपुरी विधायक रविकांत ने दिल्ली पुलिस, नगर निगम, जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया। रविकांत ने कहा सी-ब्लॉक में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। इसे लेकर दिल्ली पुलिस को कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। किसी भी सूरत में अवैध रूप से शराब बिक्री पर रोक लगाई जाएगी।

इस तरह से बिक्री करने वालों पर जल्द कार्रवाई होगी। इसी तरह अतिक्रमण हर सूरत में हटेगा। दुकानदारों को चेतावनी गई है कि वह सामान बाहर रखेंगे तो जब्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यू अशोक नगर की सड़को का पुनर्निर्माण कराया जाएगा और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

# पैलेट ऑफ स्टोरीज कला प्रदर्शनी जुलाई तक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कोलकाता के तीन कलाक. ारों गौतम दास, धीरन शासमल और देबार्शी शासमल की कलाकृतियों की 'पैलेट ऑफ स्टोरीज नामक कला प्रदर्शनी का आयोजन - कन्वेंशन फोयर सेंटर इंडिया हैबिटेट सेंटर लोधी रोड, नई दिल्ली में १६ से २० जुलाई २०२५ तक जा रहा है। अपनी विशिष्ट शैलियों और कलात्मक गहराई के लिए प्रसिद्ध, ये तीनों कलाकार रचनात्मकता और सांस्कृतिक कहानी कहने की एक समृद्ध ताने-बाने को एक साथ लाते हैं। गौतम दास अपनी जटिल रचनाओं और भावनात्मक यथार्थवाद के लिए प्रसिद्ध हैं, जबकि धीरन शासमल पारंपरिक लोक तत्वों से प्रेरणा लेते हुए ,दृश्यात्मक रूप से आकर्षक कथाओं में रूपांतरित करते हैं। देबार्शी शासमल गतिशील रूपों और रंगों के प्रयोग के माध्यम से पौराणिक कथाओं और मानवीय भावनाओं के विषयों को प्रस्तुत करते हैं। 'पैलेट ऑफ स्टोरीज' एक प्रदर्शनी से कहीं बढ़कर है तीनों कलाकारों ने समकालीन भारतीय कला में अपने योगदान के लिए व्यापक प्रशंसा अर्जित की है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# चेयरमैन व जाति विशेष को गाली देने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** नपा चेयरमैन तथा जाति विशेष के बारे में अपशब्दों व गाली-गलौच का इस्तेमाल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। एक दिन पूर्व आरोपी की ऑडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी।

विगत शुक्रवार को एक ऑडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर खूब वायरल हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति ने सभासदों द्वारा पालिका प्रांगण में दिए जा रहे धरने को लेकर नपा चेयरमैन के बारे में गाली-गलौच व आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। करीब ढाई मिनट के ऑडियो में जाति विशेष के बारे में भी बेहद अपमानजनक व घटिया शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। वायरल



ऑडियो के सम्बंध में कस्बे के मोहल्ला खैलखुर्द निवासी एवं वार्ड संख्या-23 से सभासद रहे मेहरबान अंसारी ने कोतवाली पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। शनिवार को पुलिस ने गाली-गलौच व अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोपी खुर्शीद निवासी मोहल्ला अफगानान कस्बा कैराना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करके शांति भंग होने की आशंका में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस की धारा-170 के तहत चालान करके जेल भेजा गया है।

### आरोपी ने मांगी माफी, वीडियो वायरल

सभासदों के धरने को लेकर नपा चेयरमैन व जाति विशेष के लिए गाली-गलौच व अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले आरोपी के दो वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर वायरल हो रहे है, जिसमें आरोपी अपनी गलती के लिए माफी मांगी है। 18 सेकेंड के वायरल वीडियो में आरोपी अपनी गलती के लिए हाथ जोड़कर माफी मांगता हुआ नजर आ रहा है। 55 सेकेंड के एक अन्य वीडियों में आरोपी चारों ओर से लोगो की भीड़ में घिरा नजर आ रहा है, जिसमें वह अपने कृत्य के लिए लोगो से माफी मांगता दिख रहा है।

हालांकि वीडियों में कुछ लोग आरोपी को थप्पड़ मारते हुए भी देखे जा सकते है। आरोपी की एक ऑडियो विगत शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें उसने नपा चेयरमैन व जाति विशेष के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल किया था।

## ठगी की गई सवा लाख की धनराशि वापस कराई

**शामली।** 21 जून को पुष्पा पत्नी वीरपाल निवासी ग्राम हाथी करौंदा थाना बाबरी जनपद शामली के पुत्र अर्जुन से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मर्चेन्ट नेवी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर धनराशि ठगी की गई थी। उपरोक्त के सम्बन्ध में आवेदिका मती पुष्पा द्वारा में थाना बाबरी साइबर सेवा केन्द्र पर साईबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के निर्देशन में साइबर सेवा केन्द्र थाना बाबरी साइबर सेवा केन्द्र द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मर्चेन्ट नेवी में नौकरी लगवाने का झांझा देकर ठगी की गई 1,15,680/- रुपए की धनराशि वापसी कराई गई है। आवेदिका के पुत्र अर्जुन द्वारा मान पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेवा केन्द्र थाना बाबरी का आभार व्यक्त किया गया है।

# अजयपाल ने 70 किग्रा भार में गोल्ड मेडल जीत देश का गौरव बढ़ाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** क्षेत्र के गांव काबडौत निवासी यूपी पुलिस पीएसी छटी बटालियान के सिपाही अजयपाल ने यूएसए के बंकिंग शहर में हुई इंटरनेशनल वल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स प्रतियोगिता में 70 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया गया।

शामली आर्म रेसलिंग एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज चौहान नोनांगली ने बताया कि क्षेत्र के गांव काबडौत निवासी अजयपाल पुत्र जयपाल सिंह यूपी पुलिस पीएसी छटी बटालियान मेरठ में तैनात है। जिन्होने उनके यहां आर्म रेसलिंग की प्रेक्टिस की। बताया कि अजयपाल ने गत 26 जून से 4 जून तक यूएसए के बंकिंग शहर में हुई इंटरनेशनल वल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स प्रतियोगिता में 70 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड



मेडल जीता है। यह मुकाबला कंबोडिया और भारत के बीच फाईनल मैच खेला गया था। जिसमें अजयपाल ने कंबोडिया के खिलाडी को मात देते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है।

यह जीत पूरे देश की जीत है। इससे जनपद शामली का नाम भी रोशन हुआ है। उन्होने खिलाडी का शामली पहुंचने पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

## एक नजर

### हेड कांस्टेबल के असामयिक निधन पर विधायक ने जताया शोक



शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र के गांव आदरी निवासी सुरेंद्र सिंह, जो कि उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे, का हाल ही में किडनी इन्फेक्शन के चलते दुखद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की खबर से गांव और पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही शनिवार को थानाभवन विधायक अशरफ अली खान शोक संतप्त परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन परिजनों के साथ खड़ा है तथा परिवार को नियमानुसार मिलने वाली हर मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

### थाना समाधान दिवस में पहुंचे एसपी रामसेवक गौतम, सुनी जनसमस्याएं



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कोतवाली पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे एसपी शामली रामसेवक गौतम ने जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित पांच शिकायती-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसपी शामली रामसेवक गौतम ने की। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित पांच शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। वहीं, एसपी ने मातहतों को शिकायतों के निष्पक्ष एवं गुणवात्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। इस दौरान एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, सीओ श्याम सिंह, तहसीलदार अर्जुन चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, ईओ समीर कश्यप आदि मौजूद रहे।

### फरार नाबालिग को पुलिस ने बरामद किया

**ऊन।** करीब चार माह पूर्व कस्बा निवासी विकास पुत्र सोमवीर एक नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर घर से भगा ले गया था लड़की की माता ने पुलिस चौकी में अभियोग पंजीकृत कराया था इस प्रकरण में पुलिस ने दोनों को शामली से पकड़ लिया पुलिस ने लड़की को वन स्टॉप सेंटर भेजा है वही आरोपी युवक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### युवाओं के लिए लगेगा रोजगार मेला

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लखनऊ के निर्देशानुसार विश्व युवा कौशल दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह द्वारा बताया गया है, की जनपद शामली के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैराना, जिला कार्यकम प्रबन्धन इकाई कौशल विकास मिशन शामली एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के सयुक्त तत्वाधान से एक वृहद रोजगार मेला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) लिसाढ, स्थित मेरठ करनाल मार्ग में दिनांक 14.7.2025 को आयोजित किया जाएगा एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लिसाढ में दिनांक दिनांक 15.7.2025 को विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय/निजी आई.टी.आई. एवं कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा कौशल प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। रोजगार मेले में चयनित युवाओं को मौके पर ही आफैर लेटर आवंटित किए जाएगें। उन्होंने बताया कि इस मेले मे स्थानीय व मल्टी नेशनल कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जिनमें मुख्यता कैरियर व्हील्स, निकिता पेपर मिल्स, अमर स्पिलन्ट, स्टार मैनपॉवर सोलयूशन, लाइफ इन्शोरेन्स कॉरपोरेशन आफ इण्डिया, ऐ.के जॉब्स प्रा.लि., सनब्राईट मैनपॉवर सोल्यूशन प्रा.लि. इत्यादि कम्पनिया प्रतिभाग करेंगी। इच्छुक युवक-युवतियां अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रो की छायाप्रति लेकर प्रतिभाग कर सकते है।

## पुरमाफी के युवक की बिहार में मौत


**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव पुरमाफी निवासी अरुण पुत्र गोपाल रेलवे में ठेकेदार के अंडर नौकरी करता था। शुक्रवार की दोपहर में अरुण जब अपनी ड्यूटी पर था तो बिहार के किशनगंज रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी की चपेट में आ गया था। जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। कुछ ही समय बाद मौके पर मौत हो गई। अरुण की मौत की सूचना से परिजनों में गम की लहर है। अरुण के माता पिता की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। जिसमें अरुण के चार भाई ओर दो बहन है। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। अरुण भाई बहन में सबसे बड़ा तथा अविवाहित था। मृतक ही परिवार का पालन पोषण कर रहा था। मृतक अरुण का शव रविवार की देर शाम तक गांव पहुंचेगा।

# सबसे पहले अपने आप को सुरक्षित करें: 108 विव्रत सागर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शनिवार को शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित दिगंबर जैन साधु सेवा समिति शामली एवं सकल जैन समाज शामली द्वारा प्रवचनों में बोलते हुए 108 विव्रत सागर मुनिराज ने ज्ञान की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि तीर्थंकर वह जिन्होंने साक्षात अपनी आत्मा पर अनुशासन करना सीखा। आत्मा का ज्ञान हुआ और अपनी आत्मा पर अनुशासन करना सीखा। कहा कि वीर कौन है जो अपनी आत्मा पर शासन कर सकता है।

वही सच्चा वीर है। मुनिराज जब दीक्षा धारण करते हैं। वह मौन हो जाते हैं। यह केवल जैन संत में ही होता है। जैन संत के अलावा और कोई मौनघ् नहीं होता है। कहां कि पहले अपने जीवन की रक्षा करनी चाहिए। तभी





हम किसी की रक्षा कर सकते हैं। पहले हम अपने पर उपकार करते हैं। फिर किसी पर उपकार करते हैं।

पहले अपनी गाड़ी को ठीक करना पड़ता है। फिर दूसरे की गाड़ी को ठीक कर सकते हैं। 12 साल तक महावीर ने भी अपने अंदर जली हुई अग्नि को नहीं बुझा पाए।

फिर उनका ज्ञान हुआ तब उनकी अग्नि बुझ पाई। राग द्वेष दोनों आग है। आत्मा पर लगी हुई आग अनादि काल से जल रहे हैं। उस अग्नि को बुझाने का प्रयास करें। इस अवसर पर संरक्षक मोहित जैन, अध्यक्ष भूषणलाल जैन, अमित जैन, संजीव जैन, आशीष जैन, वीरेश जैन, अरविंद जैन, सलेक चंद्र जैन, रमेश चंद्र जैन, मनोज जैन, अरुण जैन, दीपक जैन, पाल जैन, अमित जैन, शुभम जैन, सचिन जैन, अनिल जैन, महेश जैन आदि मौजूद रहे।

# बॉस्केटबॉल कंपटीशन में दिखाया हुनर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** क्रीड़ा भारती द्वारा शहर के आरके पीजी कॉलेज में धर्मवीर सिंह वर्मा मेमोरियल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कालेज समिति के अध्यक्ष डॉ सत्एंद्र वर्मा ने किया।

प्रतियोगिता से पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि युवाओं को फोन की गिरफ्त से बाहर निकालने का सबसे उचित माध्यम क्रीड़ा प्रतियोगिता ही है। खेल प्रतियोगिता से खिलाड़ी का साहस तथा संघर्ष करने की भावना का विकास होता है तथा खिलाड़ी शारीरिक रूप से समृद्ध होता है। आज अंडर-14 एवं अंडर-17 के मुकाबले हुए। जिनमें शामली, बागपत, मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर, रामपुर, आगरा, करनाल, पानीपत, वाराणसी की टीम ने प्रतिभाग किया। दोनों वर्गों के लीग मैच होने तक बागपत, मेरठ, पानीपत एवं करनाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबले के लिए अपनी जगह बनाई। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष संदीप पंवार, संचालन क्रीड़ा भारती प्रांत संपर्क प्रमुख मुकेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर नितिन वर्मा, एडवोकेट कमलवीर, महक सिंह देशवाल, ज्ञानेंद्र मलिक, विजयपाल देशवाल, योगेन्द्र सिंह कादियान, डा धीरेन्द्र ब्रह्मचारी, अभय राणा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा।



## नेशनल हाइवे पर आपस में भिड़ी दो बाइक, तीन घायल

**कैराना।** नेशनल हाइवे पर गांव पंजीठ के सामने दो बाइक आपस में भिड़ गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग गम्भीर घायल हो गए।

शनिवार को जनपद सहारनपुर के सहजवा गांव निवासी बिजेन्द्र व विनीत बाइक पर सवार होकर पानीपत रिश्तेदारी में जा रहे थे। प्रात: करीब साढ़े दस बजे जैसे ही वह नेशनल हाइवे-709 एडी पर गांव पंजीठ के सामने स्थित कट के निकट पहुंचे, तभी उनकी बाइक रोड क्रॉस कर रहे बाइक सवार आसिफ निवासी मोहल्ला आलखुर्द कस्बा कैराना से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना पर एम्बुलेंस-108 मौके पर पहुंची। राहगीरों की सहायता से तीनों घायलों को उपचार हेतु कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल बिजेन्द्र व विनीत को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जबकि आसिफ को प्राथमिक उपचार के पश्चात डिस्चार्ज कर दिया गया।







## पालिका में 9वें दिन भी जारी रहा सभासदों का धरना

**कैराना।** नपा चेयरमैन के खिलाफ सभासदों का धरना-प्रदर्शन शनिवार को नौवें दिन भी निरन्तर जारी रहा। इस दौरान भूख हड़ताल पर बैठे नगरपालिका परिषद के वार्ड संख्या-04 से सभासद राजपाल सिंह की तबीयत अचानक खराब हो गई, जिन्हें धरनास्थल पर ही उपचार दिया गया। विगत चार जुलाई से नगरपालिका परिषद के कुछ सभासद पालिका प्रांगण में धरने पर बैठे है। उन्होंने पालिका चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी पर तानाशाही, निरंकुशता व विकास कार्यों की अनदेखी समेत अनेकों गम्भीर आरोप लगाए है। शनिवार को सभासदों के धरना-प्रदर्शन का नौवां दिन था। वहीं, पांच सभासद विगत बुधवार से भूख हड़ताल पर है, जिनमें से सभासद शाहिद हसन गुरुवार शाम से भूख हड़ताल के दौरान तबीयत खराब होने के चलते शामली के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में एडमिट है। सभासद उम्मेद राणा भी भूख हड़ताल के चलते जिला अस्पताल में भर्ती हो चुके है। हालांकि राहत मिलने पर वह अगले दिन ही धरनास्थल पर वापिस लौट आए थे। शनिवार को भूख हड़ताल पर बैठे नगरपालिका के वार्ड संख्या-04 के सभासद राजपाल सिंह की तबीयत भी अचानक खराब हो गई, जिस पर चिकित्सक को धरनास्थल पर बुलवाकर उन्हें उपचार दिलाया गया। फिलहाल सभासद राजपाल सिंह के स्वास्थ्य में सुधार बताया गया है। नपा प्रांगण में चल रहे सभासदों के धरना-प्रदर्शन को क्षेत्र के सामाजिक व किसान संगठन अपना समर्थन दे चुके है। वहीं, एसडीएम व तहसीलदार भी सभासदों के बीच में पहुंचकर धरना-प्रदर्शन व भूख हड़ताल समाप्त करने का आग्रह कर चुके है, परन्तु सभासद नपा चेयरमैन को मौके पर बुलाने पर अड़े है।

# कांवड़ यात्रा का उल्लास दिखाई देने लगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** सावन के पावन महीने में कांवड़ यात्रा का उल्लास पूरे शहर में देखने को मिल रहा है। शामली शहर इस समय कावंडियों के स्वागत में पूरी तरह तैयार दिखाई दे रहा है। नगर के मुख्य मार्गों, चौराहों और खासकर शिव चौक को रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के श्बम-बम भोले के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो उठा है।

सावन मास शुरू होने के साथ ही कांवडियों के जत्थे हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर शामली से होकर गुजरने शुरू हो गए है। उमस भरी गर्मी और तेज धूप के कारण फिलहार कांवडियां सुबह और शाम के समय अपना सफर तय करने रहे है। शनिवार को सावन मास के दूसरे दिन ही कांवडियों कंधे पर रंग बिरंगी कांवड लेकर काफी संख्या में शामली से होकर गुजरे। कांवडियों की संख्या बढने के साथ ही जिला प्रशासन भी मुश्तैद हो गया है। शामली शहर के शिव चौक पर हर वर्ष की तरह इस बार भी विशेष सजावट की गई है, जहां से गुजरते हुए कावंडिए परिक्रमा कर अपनी यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह जलपान, चिकित्सा और विश्राम शिविर लगाए गए हैं। शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के 9वें कांवड सेवा शिविर में पहुंचे शिवभक्त कांवडियों की सेवा में समाजसेवी लगे रहे। जहां उनको भोजन, पानी, फलाहार कराया गया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने कांवडियों को निशुल्क परामर्श भी दिया है। स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर कावंडियों का जोरदार स्वागत किया है। यात्रा के चलते प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए हैं। पुलिस और स्वयंसेवी संस्थाओं की निगरानी में यात्रा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से जारी है।

## एसएन इण्टर कॉलिज में भारतीय मानक ब्यूरो की प्रथम गतिविधि का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** शनिवार को कस्बे के एसएन इण्टर कॉलिज में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रथम गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे सचिन प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को मानकों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। छात्रों को मानकों के महत्व एवं उनके उपयोगों के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्रदान करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। वहीं, छात्रों ने मानकों के बारे में जानकारी हासिल करके जीवन में उनके महत्व को जाना। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रफाकत अली, प्रधानाचार्य रवि मित्तल, मेंटर मनोज कुमार समेत विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय स्टाफ ने कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 225 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** वैश्य समाज सहारनपुर मंडल एवं जिला शामली द्वारा नगर पालिका सभागार में विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 225 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया गया।

शनिवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में वैश्य समाज सहारनपुर मंडल द्वारा वैश्य समाज उत्तर प्रदेश का गठन करने वाले संस्थापक नंद गोपाल गुप्ता, नन्दी के जन्मदिवस पर विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसक शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, डा। राजेंद्र गोयल, जिला अध्यक्ष पंकज गुप्ता, अंजलि गर्ग ने



संयुक्त रूप से किया। कैंप में मेदांता हॉस्पिटल नोएडा द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें डॉक्टर सैफी रहमान द्वारा हृदय की जांच एवं जनरल चेकअप किया गया। मरीज को सलाह दी गई। बीपी चेक, शुगर चेक, ईसीजी, पीएफटी, बीएमडी की जांच भी की गई। विशेष सहयोग अभिजीत, शुभम गोयल, अशोक कोरियर का रहा। कैंप में 225 मरीज का चेकअप किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। मौके पर सतप्रकाश अग्रवाल, मनोज मित्तल, बीना अग्रवावाल, रवि संगल, पंकज गुप्ता, निशिकांत, रामनाथ संगल, अंजलि गर्ग, शालू गर्ग, गौरव गोयल आदि मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक में कांग्रेसियों ने किया गहन मंथन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** रविवार को कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक कस्बे के खुरगान मार्ग पर चांद मस्जिद के निकट स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुई, जिसका संचालन जिला महासचिव संदीप शर्मा ने किया। बैठक में पहुंचे जिला समन्वयक ज्ञानेंद्र राघव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक स्तर पर समीक्षा बैठक की जा रही है, जिसमें संगठनात्मक ढांचे की मजबूती तथा आगामी पंचायत चुनावों की रणनीति पर गहन मंथन किया जा रहा है। बैठकों में ब्लॉक अध्यक्षों व न्याय पंचायत स्तर पर मंडल अध्यक्षों का चयन किया जा रहा है। प्रत्एक मंडल का नाम संबंधित क्षेत्र के किसी महापुरुष या शहीद के नाम पर रखा जाएगा, जिससे संगठन को सामाजिक, ऐतिहासिक और भावनात्मक मजबूती मिल सके। बैठकों का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करते हुए पंचायत से लेकर जिला स्तर तक मजबूती प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह केवल संगठन निर्माण नहीं, बल्कि विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है।





उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता राहुल गांधी के विजन को साकार करने हेतु पूर्ण निष्ठा से लगे हुए है। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करते हुए कांग्रेस को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान तथा शमशीर खघन, शाहरुखघ मंसूरी, नदीम अंसारी, आरिफ, सोनू, वाजिद, फरमान, गुलसाद, मोनू, इब्राहिम, फुरकान आदि मौजूद रहे।

# वेलकम इलाके में चार मंजिला इमारत ढही ,2 की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वेलकम इलाके में दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। यहां अचानक चार मंजिला इमारत भरभराकर ढह गई। मलबे में आठ लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। अभी भी कई लोग मलबे में दबे होने की आशंका है। जिन्हें निकालने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस, दमकल और एनडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं। स्थानीय लोग मलबा हटाने में मदद कर रहे हैं।

फिलहाल अभी चार लोगों की मौत की बात सामने आई है, पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, एक महिला और एक पुरुष का शव थोड़ी देर पहले मलबे से निकली गई है। पुलिस की ओर से अभी दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। दिल्ली पुलिस, दमकल विभाग एनडीआरएफ, नगर निगम समेत तमाम बचाव दल मौके पर मौजूद है, स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुटी हुई है। इलाका बेहद घनी आबादी और संकरी गलियों वाला होने के कारण रेस्क्यू में कठिनाई हो रही है। सुबह करीब ७.०० बजे वेलकम के पास एक चार मंजिला इमारत के ढहने की सूचना प्राप्त हुई। ए-ब्लॉक, गली नंबर ५, जनता कॉलोनी में घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस टीम ने पाया कि इमारत की तीन मंजिलें ढह गई थीं। अग्निशमन विभाग और अन्य एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं और बचाव अभियान जारी है। अब तक आठ लोगों को निकाला जा चुका है। सात को जेपीसी अस्पताल और एक को जीटीबी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। उत्तर-पूर्वी जिले के एडिशनल डीसीपी संदीप लांबा ने बताया, ष्हमें सुबह सूचना मिली कि वेलकम इलाके की जनता कॉलोनी की गली नंबर ५ में एक तीन मंजिला इमारत गिर गई है। यह इमारत मतलूफ नाम के व्यक्ति की थी। इसके सामने वाली इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। मलबे में दबे लोगों को निकालने का काम जारी है। पुलिस, एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस और स्थानीय लोग मौके पर काम कर रहे हैं। ३-४ लोगों के फंसे होने की आशंका है।

अनीस अहमद अंसारी, जिनका घर इमारत गिरने से क्षतिग्रस्त हुआ, ने बताया, ष्सब लोग सो रहे थे, तभी सुबह करीब ७ बजे मेरे घर के एक तरफ की इमारत गिर गई और उसका मलबा मेरे घर पर आ गिरा। अचानक बिजली गुल हो गई। ४-५ लोग अभी भी ढही हुई इमारत के मलबे में फंसे हुए हैं। सभी लोग बचाव कार्य में लगे हुए हैं। परवेज (३२) पुत्र अब्दुल , नावेद, (१९) पुत्र अब्दुल , सिजा (२१) पत्नी परवेज ,दीपा (५६) पत्नी गो. विंद , गोविंद (६०) पुत्र राम चरण , रवि कश्यप (२७) पुत्र राम चरण ,ज्योति (२७) पत्नी रवि कश्यप ,अहमद (१४ महीने) पुत्र परवेज आदि को बिल्डिंग के मलबे से निक. ाला जा चूका है। इस मौके पर पहुंचे दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, ष्यहां एनडीआरएफ की टीम भी मौजूद है लेकिन यह इतनी पतली गली है कि यहां हाथों से मलबा निकालने के अलावा कोई और दूसरा उपाय नहीं है। यहां राहत कार्य करना बहुत मुश्किल है लेकिन हम सभी चाहते हैं कि यहां से जल्द से जल्द मलबा निकल जाए। आशंका है कि मलबे में कुछ लोग फंसे हुए हैं तो हम प्रयास कर रहे हैं कि उन्हें सकुशल निकाला जा सके। यह बहुत दुखद घटना है और यहां अभी तक २ लोगों की मौत की सूचना है। गत दिवस आजाद मार्केट इलाके में मेट्रो के जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग कॉरिडोर के लिए टनल निर्माण क्षेत्र में जर्जर इमारत ढह गई थी जिसमें हादसे में मनोज शर्मा (४५) की मौत हो गई। इस मामले में बाड़ा हिंदूराव थाना पुलिस ने लाप. रवाही से मौत की धारा में प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं दिल्ली मेट्रो की ओर से मनोज के परिजनों को पांच लाख की आर्थिक सहायता की बात कही गई है। मेट्रो प्रबंधन ने भी मामले में जांच शुरू कर दी है।

# झुग्गियों के विकास को बनाई नौ सदस्यीय कमेटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में झुग्गीवासियों के लिए बेहतर आवास उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड ने नौ सदस्यीय कमेटी बनाई है।

कमेटी मुंबई के धारावी मॉडल की तर्ज पर झुग्गी पुनर्विकास की संभावनाएं तलाशेगी। कमेटी १५ दिनों में अपनी रिपोर्ट देगी, जिसमें दिल्ली की ६७५ झुग्गी बस्तियों के लिए इस मॉडल की उपयोगिता और लागू करने के तरीकों पर सुझाव दिए जाएंगे।

डूसिब ने आदेश जारी कर इस कमेटी के गठन की जानकारी दी है, जिसमें मुख्य अभियंता, निदेशक, अधीक्षक अभियंता, कार्यकारी अभियंता और दो कनिष्ठ अभियंता शामिल हैं। कमेटी का काम मुंबई के धारावी पुनर्विकास मॉडल का अध्ययन कर यह देखना है कि क्या इसे दिल्ली की झुग्गियों के लिए अनुकूल बनाया जा सकता है। यदि यह मॉडल उपयुक्त पाया गया, तो कमेटी इसे लागू करने के तरीके, संस्थागत ढांचे और अन्य सुझाव भी देगी। २० जून को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की थी कि दिल्ली सरकार ६७५ झुग्गी बस्तियों के पुनर्विकास के लिए धारावी मॉडल पर विचार कर रही है।

हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली की झुग्गियां धारावी से अलग हैं, क्योंकि ये छोटी और बिखरी हुई हैं। दिल्ली में करीब ३० लाख लोग झुग्गी बस्तियों में रहते हैं। डूसिब की यह पहल इन बस्तियों में रहने वालों को बेहतर घर, स्वच्छता, पानी और बिजली जैसी सुविधाएं देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। कमेटी की रिपोर्ट से यह साफ होगा कि धारावी मॉडल दिल्ली के लिए कितना कारगर हो सकता है।

# एनडीएमसी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने 'सृजन' का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष - केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष - कुलजीत सिंह चहल ने नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी में 'सृजन'- एक ओपन-एयर आर्ट गैलरी का उद्घाटन किया।

रामेश्वर ब्रूटा, प्रख्यात कलाकार, पद्म श्री बिमान बिहारी दास (मूर्तिकार), पद्मश्री, जय प्रकाश लखीवाल (कलाकार) और एनडीएमसी के सलाहकार (कला एवं संस्कृति) हर्षवर्धन शर्मा इस अवसर पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पद्म पुरस्कार विजेताओं और प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा लाइव पेंटिंग सत्र थे, जिसने जनता को कलात्मक प्रक्रिया को वास्तविक समय में देखने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान किया।

लाइव गैलरी में प्रवीण उपाध्याय, कालीचरण गुप्ता, संजय भट्टाचार्य, जय झरोटिया, संजय अष्टपुरे, अनिल गायकवाड़, श्रीकांत कदम, सबाई खान,अनु नाइक, एम.डी. सोलेमन, राजेश चंद, संजीब गोगई, वींद्र साल्वे, मनीष पुष्कले, रोहित शर्मा,किशोर रॉय और अन्य जैसे प्रशंसित कलाकारों द्वारा जनता के देखने और सीधे खरीदने के लिए उपलब्ध कलाकृतियों का एक प्रभावशाली संग्रह भी है। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए केशव चंद्रा ने बताया कि यह पुनर्जीवित सांस्कृतिक स्थल, विकसित भारत / २०४७ की भावना को दर्शाता है - एक प्रगतिशील, समावेशी और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध भविष्य की दिशा में भारत का आकांक्षात्मक रोडमैप है ।अध्यक्ष ने यह भी घोषणा की कि एनडीएमसी द्वारा प्रमुख और उभरते कलाकारों की मूर्तियों के प्रदर्शन के लिए एक मूर्तिकला पार्क विकसित किया जाएगा।



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष ,केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी में 'सृजन'- एक ओपन-एयर आर्ट गैलरी का उद्घाटन करत हुए।

# झुग्गियों के विकास को बनाई नौ सदस्यीय कमेटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार पुरानी ईवी नीति को आगे बढ़ाने पर विचार कर रही है। यह नीति १५ जुलाई को समाप्त हो रही है। अभी फिलहाल नई नीति तैयार नहीं हो सकी है।

ऐसे में पुरानी नीति को एक फिर आगे बढ़ाया जाएगा। जून में, दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा था कि सरकार अगले महीने तक इलेक्ट्रिक वाहन नीति २.० लागू करने की योजना बना रही है। ईवी नीति २.० को अंतिम रूप देने से पहले सरकार कई विकल्पों पर विचार कर रही है। नई नीति पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए हितधारकों के साथ परामर्श भी किया जा सकता है। यह भी संभावना है कि सरकार ईवी नीति २.० का मसौदा सार्वजनिक कर सकती है और जनता की प्रतिक्रिया भी ले सकती है।

पिछली आप सरकार की प्रमुख पहलों में से एक के रूप में अगस्त २०२० में शुरू की गई इस नीति का उद्देश्य वाहनों से होने वाले प्रदूषण से निपटना और २०२४ तक इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की दर को २५ प्रतिशत तक बढ़ाना था। हालांकि इसका प्रारंभिक तीन साल का कार्यकाल अगस्त २०२३ में समाप्त हो चुका है।

# टोपी गैंग के दो गिरफ्तार चोरी का माल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी पश्चिम जिला पुलिस की ऑपरेशन सेल ने टोपी गैंग के दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन, दो हजार रुपये और दो काली टोपी बरामद की हैं। आरोपित अपनी पहचान छिपाने के लिए वारदात के दौरान टोपी का प्रयोग करते थे।

दक्षिणी पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि चार जून को साउथ कैंपस थाने में कांता जनरल स्टोर से एक मोबा. इल फोन चोरी होने का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच आपरेशन्स सेल को सौंपी गई। पुलिस ने १२० से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके बाद टोपी गैंग के दो चोरों राजपुर, कानपुर निवासी नितिन और हिमांशु की पहचान हुई है। पुलिस ने दोनों को तकनीक की मदद से ११ जुलाई को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वारदात के दौरान चेहरा छिपाने के लिए काली टोपी पहनते थे। वे बाजारों में दुक. ानदारों को अपना निशाना बनाते थे। वारदात करते समय उनमें से एक दुकानदार को परेशान करता था, जबकि दूसरा मोबाइल फोन, अन्य गैजेट, नकदी आदि चोरी कर लेता था।

# डीटीसी बस में फ्री सफर के लिए दिल्ली में निवास अनिवार्य होगा, महिलाओं को मिलेंगे पिंक स्मार्ट कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में १२ साल और उससे अधिक आयु की महिलाओं और ट्रांसजेंडर को बसों में मुफ्त सफर की सुविधा के लिए सहेली स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा। इस कार्ड पर धारक का नाम और फोटो होगा। यह कार्ड नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) के तहत जारी किया जाएगा। इससे डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा की जा सकेगी। परिवहन के अन्य साधनों का उपयोग करने के लिए रिचार्ज करने की जरूरत पड़ेगी। फिलहाल परिवहन विभाग इसको लेकर योजना तैयार कर रहा है। इसे जल्द लागू किया जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारी ने बताया कि डीटीसी की ओर से कोई भी कार्ड सीधे जारी नहीं किया जाएगा। पंजीकरण डीटीसी पोर्टल के माध्यम से पूरी तरह से ऑनलाइन होगा और कार्ड चयनित बैंक द्वारा पूर्ण केवाईसी सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे। कार्ड प्राप्त करने के लिए आवेदक को दिल्ली का वास्तविक निवासी होना चाहिए, उसकी आयु 12 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। उसके पास पते का वैध प्रमाण होना चाहिए।

उन्हें डीटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा और बैंक का भी चयन करना होगा। इसके बाद बैंक शाखा में के-वाईसी करना होगा। सरकार यात्रा के लिए कोई शुल्क नहीं लेगी, लेकिन जारीकर्ता बैंक अपनी नीतियों के अनुसार मामूली कार्ड जारी करने या रखरखाव शुल्क लगा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार्ड खो जाने की स्थिति में उपयोगकर्ताओं को इसकी सूचना जारीकर्ता बैंक को देनी होगी, जो अपनी शर्तों के अनुसार इसके बदले दूसरा कार्ड उपलब्ध कराएंगे। अधिकारियों ने बताया, के-वाईसी के साथ ही बिना के-वाईसी का कार्ड भी जारी किया जाएगा। बिना के-वाईसी कार्ड के लिए ऑफलाइन आवेदन करना होगा। कार्ड मेट्रो के पुराने स्मार्ट कार्ड की तरह होगा। इसे डीटीसी के बस पास काउंटरों के अलावा बस कंडक्टरों के माध्यम से भी लिए जा सकेंगे।

हालांकि, इन पर न तो महिलाओं का नाम लिखा होगा और ना उनके फोटो छपे होंगे। आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड जैसे किसी दस्तावेज के जरिए सत्यापन करके कार्ड जारी किए जाएंगे।

## सीलमपुर में चार मंजिला इमारत गिरने की घटना दुखद, 'आप' कार्यकर्ता मदद में जुटें: केजरीवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में शनिवार को सुबह चार मंजिला इमारत गिरने की घटना को आम आदमी पार्टी ने दुखद बताया है। ''आप'' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी समेत अन्य नेताओं ने इस घटना में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदन प्रकट की है। इस घटना की जानकारी मिलते ही अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य में प्रशासन की मदद करने की अपील की। इसके बाद काफी संख्या में ''आप'' कार्यकर्ता प्रशासन की मदद में जुट गए।

उत्तर पूर्वी दिल्ली में चार मंजिला इमारत के गिरने की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली में चार मंजिला इमारत गिरने की ये घटना बेहद दुखद है। इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। गली संकरी होने के कारण राहत और बचाव कार्य में दिक्कतें आ रही हैं। मैं पार्टी के सभी स्थानीय साथियों से अपील करता हूं कि मौके पर जाकर प्रशासन के साथ मिलकर राहत कार्य में हरसंभव सहयोग करें।वहीं, ''आप'' की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार को सुबह चार मंजिला इमारत गिरने की घटना बेहद दुखद है।

## ऑटॉलिफ्टर गैंग के 7 बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दो इंटरस्टेट ऑटॉलिफ्टर गैंग का भंडाफोड़ कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से आठ चोरी के वाहन और कारों को तोड़ने में इस्तेमाल होने वाले औजार भी बरामद किए गए किए है।दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि पहले ऑपरेशन में हेड कांस्टेबल प्रवीण को गुप्त सूचना मिली कि एक ऑटो लिफ्टर एक क्षतिग्रस्त कार के साथ बिजवासन में मौजूद है।इसके सूचना के मिलते ही इंस्पेक्टर सुनील कालखंड की देखरेख में टीम ने दिल्ली के बिजवासन में बजघेरा टोल प्लाजा के पास जाल बिछाया।



विधानसभा अध्यक्ष बिजेंद्र गुप्ता वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनो. रंजन केंद्र का उद्घाटन करते हुए।

# विधानसभा अध्यक्ष ने मनोरंजन केंद्र का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष एवं रोहिणी से स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी सेक्टर-१३ में वरिष्ठ नागरिकों के लिए निर्मित तीन नए मनोरंजन केंद्रों का उद्घाटन किया।

ये केंद्र देना अपार्टमेंट, सुने. हरी बाग अपार्टमेंट तथा केनरा अपार्टमेंट परिसर में स्थापित किए गए हैं और इनका निर्माण स्थानीय विधायक निधि के अंतर्गत कराया गया है। यह पहल श्री गुप्ता की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वे अपने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि "वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा परिवारों और समाज को संवारने में लगाया है। अब समय है कि हम उन्हें ऐसी सुविधाएं दें जहाँ वे गरिमापूर्ण, आनंदमय और सक्रिय जीवन व्यतीत कर सकें।" अध्यक्ष ने आगे कहा कि इन मनो. रंजन केंद्रों में वरिष्ठ नागरिक आपस में संवाद कर सकेंगे, इनडोर खेलों में भाग ले सकेंगे, पठन-पाठन कर सकेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता के माध्यम से सामा. जिक जुड़ाव को बढ़ावा देंगे।

# बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर पीपीपी मॉडल अपनाने पर विचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बड़े इंफ्रास्ट्र क्चर प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने, फंडिंग समस्याओं से बचने और लागत वृद्धि को रोकने के लिए दिल्ली सरकार पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल अपनाने पर विचार कर रही है। बड़े प्रोजेक्ट को केवल सार्वजनिक फंड से पूरा करने में फंडिंग की समस्याएं आती हैं, जिससे कई परियोजनाएं देरी से पूरी होती हैं। इसलिए, सरकार अब उच्च लागत वाले पूंजीगत प्रोजेक्ट को पीपीपी मॉडल के तहत लागू करने की योजना बना रही है। इस मॉडल के तहत परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा और जल क्षेत्रों में फ्लाईओवर, पुल, कार्यालय परिसर, अस्पताल, और स्कूल जैसे प्रोजेक्ट विकसित किए जाएंगे।

इस संबंध में बुधवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पीडब्ल्यूडी को इस मॉडल के लिए कैबिनेट प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिए गए हैं। पीडब्ल्यूडी को ५०० करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले प्रोजेक्ट्स, जैसे फ्लाईओवर, अंडरपास, अस्पताल, और स्कूल, को इस मॉडल के तहत लागू करने का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है। हालांकि, यह सीमा १०० करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले प्रोजेक्ट के लिए भी हो सकती है। अधिकारियों ने बताया कि पीपीपी मॉडल में सरकार निजी कंपनी के साथ अनुबंध करती है और उसे प्रोजेक्ट के लिए जमीन उपलब्ध कराती है।

निजी कंपनी प्रोजेक्ट को लागू करती है और उसका रखरखाव करती है। कंपनी विज्ञापनों, पेट्रोल पंप, टोल टैक्स, और जमीन को दुकानों के लिए लीज पर देकर उपयोगकर्ता शुल्क के माध्यम से राजस्व अर्जित करती है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कुछ राजमार्ग और एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट को पीपीपी मॉडल के तहत सफलतापूर्वक लागू किया है।

# नरेला को शिक्षा व खेल केंद्र बनाने के लिए उठाए गए कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण ने वाणिज्यिक संपत्तियों के सर्किल रेट से जुड़े शुल्कों में भारी कटौती कर डेवलपर्स के लिए बड़ी परियोजनाओं में निवेश का रास्ता आसान कर दिया है।

साथ ही, नरेला को शिक्षा और खेल केंद्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सेक्टर जी-७-८ में विश्वविद्यालयों और जी-३-४ में ७५ एकड़ जमीन पर बहु-खेल स्टेडियम व स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए जमीन उपयोग में बदलाव को मंजूरी दी गई है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई डीडीए की बैठक में वाणिज्यिक संपत्तियों के मिश्रण शुल्क (अमाल्गमेशन चार्ज) को सर्किल रेट का १०% से घटाकर १% कर दिया गया। इससे डेवलपर्स को कई प्लॉट जोड़कर बड़े प्रोजेक्ट शुरू करने में आसानी होगी।

पहले ज्यादा शुल्क के कारण डेवलपर्स नोएडा और गुरुग्राम जैसे शहरों की ओर जा रहे थे। साथ ही, नीलामी के लिए गुणक को सर्किल रेट का २ गुना से १.५ गुना किया गया है।

अधिकारियों का दावा है कि यह कदम निवेश को बढ़ावा देगा। इससे दिल्ली में नौकरियां के नए अवसर मिलेंगे। उपराज्यपाल की बनाई संयुक्त सरकारी-उद्योग टास्क फोर्स की सिफारिशों के आधार पर ये बदलाव किए गए, जिनमें पाया गया कि ज्यादा शुल्क के कारण दिल्ली में वाणिज्यिक विकास रुक रहा था।नरेला में विकास को गति देने के लिए डीडीए ने सेक्टर जी-७-८ में विश्वविद्यालयों और जी-३-४ में ७५ एकड़ में बहु-खेल स्टेडियम व स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए जमीन उपयोग बदलने की मंजूरी दी गई। इससे नरेला शिक्षा और खेल का बड़ा केंद्र बनेगा, जिससे स्थानीय युवाओं को अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, नरेला में बगैर बिके फ्लैटों की खरीद पर सरकारी विभागों और विश्वविद्यालयों को २५% और १५% छूट मिलेगी।

# सड़कों पर बर्बाद हो रहा बारिश का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मानसून के दौरान जितनी भी वर्षा होती है, उसका मुश्किल से एक चौथाई जल ही संग्रहित हो पाता है। वैसे केवल मानसून ही नहीं, कमोबेश पूरे साल ऐसी ही स्थिति बनी रहती है। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी में हर साल लगभग ७७४.४ मिमी वर्षा होती है लेकिन वर्षा जल संचयन की व्यवस्था नहीं होने के कारण हर वर्ष वर्षा का एक तिहाई जल सड़कों और नाले-नालियों में व्यर्थ ही बह जाता है।

बहुत थोड़ा जल ही जमीन के नीचे जाकर भूजल स्तर में वृद्धि करता है और बहुत कम ही निजी स्तर पर चल रहे जल संचयन के प्रयासों से संग्रहित हो पाता है। लिहाजा, धरती प्यासी की प्यासी ही रह जाती है। जानकारी के अनुसार, बीते २० वर्षों में दिल्ली में भूजल स्तर १५ से २० मीटर तक नीचे जा चुका है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की रिपोर्ट बताती हैं कि २०२० से २०२५ तक राजधानी में वर्षा जल संचयन की स्थिति भी दयनीय रही है।२०२० में चार हजार भवनों में सिस्टम लगाए गए, मगर ६० प्रतिशत से अधिक खराब पड़े हैं। विशेषज्ञों की मानें तो सरकारी स्तर पर वर्षा जल संचयन का मुद्दा सिर्फ चर्चा तक ही सीमित रह जाता है, जबकि इसे लेकर एक मास्टर प्लान बनाए जाने की सख्त जरूरत है। विडंबना यह कि राजधानी ही नहीं, एनसीआर के शहरों की भी कमोबेश यही सच्चाई है।

दिल्ली में सड़कों के निर्माण को लेकर २०१८ में एक ड्रेनेज मास्टर प्लान बना था। आइआइटी दिल्ली के सहयोग से बना वही प्लान आज तक पूरी दिल्ली में लागू नहीं हुआ है। ऐसे में सड़कों पर वर्षा जल संचयन के लिए तो कोई भी प्लानिंग ही नहीं है। फ्लाइओवरों पर तो फिर भी पाइप से जमीन के नीचे वर्षा का जल जाने की कहीं-कहीं व्यवस्था देखने को मिलती है, लेकिन सड़कों के लिए ऐसा कुछ भी नहीं है।

## हथियार के साथ घूम रहा बीसी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने हथियार के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्टल बरामद की है।आरोपी राज पार्क थाने का बीसी है और पहले २४ से अधिक अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा हैं। दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि १०जुलाई को राज पार्क थाने के क्षेत्राधिकार में आने वाले संदिग्ध स्थानों और पार्कों की जाँच के दौरान, एसीपी ऑपरेशन जयप्रकाश की देखरेख में इंस्पेक्टर रो. हत, के नेतृत्व में एसआई विपिन कुमार मंगोलपुरीके पास पहुँची।

**उत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी., 50 हर्ट्ज, ए.सी.शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जाएगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

| खंड | TKM (दिनांक) |
|---|---|
| "दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन के प्रस्तावित इलेक्ट्रिक लोको आउट पिट शेड के पास 25 केवी सिंगल फेज एसी नव विद्युतीकृत स्टेबलिंग लाइन संख्या 2 का स्थान KM ST/06 (Ch: 4/602) से स्थान 4/38A (Ch.: 4/923.50) तक विद्युतीकरण, जिसमें संबंधित टर्न आउट और क्रॉस-ओवर में संशोधन शामिल है। | 0.321<br>14.07.2025 |

No. Dy CPM/Elect/GSU/NDLS/01 2111/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# तालाब में डूबने से 9 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के गांव सलाई में शुक्रवार को पीर वाले तालाब में डूबने से 9 वर्षीय आरिब पुत्र नौसेर की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब बच्चा बारिश में तालाब में नहा रहा था और संतुलन खोकर गहरे पानी में चला गया। हादसे के बाद गांव वालों और स्थानीय पुलिस ने तुरंत बच्चे की तलाश शुरू की। घंटों की लगातार खोजबीन के बाद शनिवार सुबह आरिब का शव तालाब से बरामद कर लिया गया। शव मिलने की खबर से पूरे गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि बरसात के मौसम में बच्चों को खुले तालाबों, नहरों और जलभराव वाले इलाकों से दूर रखें। प्रशासन ने जलस्तर में अचानक बदलाव और फिसलन से होने वाले हादसों के प्रति आगाह किया है। यह घटना मानसून के संवेदनशील समय में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सावधानी और सतर्कता की अहमियत को रेखांकित करती है।




## मारपीट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने मौहल्ला रमपुरा में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मौहल्ला रमपुरा में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी कुलदीप पुत्र टुक्कीचन्द उर्फ टुक्कीराम निवासी मोहल्ला रमपुरा थाना पिलखुवा जनपद हापुड को पबला चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया है और अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मकान की छत गिरने से बच्चे की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर खेड़ा में दर्दनाक हादसा हो गया गांव में एक मकान की कमजोर छत भरभराकर नीचे आ गिरी। इस दौरान चीख पुकार मच गई और एक बच्चे की मौत हो गई जबकि उसके माता-पिता व अन्य घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग एकत्र हुए जिन्होंने सभी को बाहर निकाला। परिवार में मातम छाया हुआ है।

जानकारी के अनुसार परिजन शुक्रवार की रात घर में सो रहे थे। पांच बच्चों के साथ माता-पिता भी गहरी नींद में थे। तभी मकान की छत अचानक नीचे आ गिरी जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई जबकि चार बच्चे और माता-पिता घायल हो गए। लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी को बाहर निकाला।

# कांग्रेस ने अग्निपथ योजना पर सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने संगठन सृजन अभियान के तहत ग्राम अनूपुर डिबई, सिखेड़ा और दोयमी में बैठकें कीं। इन बैठकों में उन्होंने भाजपा सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर तीखा हमला बोला और इसे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया।

राकेश त्यागी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 18 साल की उम्र में अग्निवीर बनने वाला युवा मात्र 22 साल में बेरोजगार हो जाएगा, जिससे उसके भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देशभर में इस योजना का पुरजोर विरोध कर रहे हैं क्योंकि यह युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने वाली योजना है। जिला कोऑर्डिनेटर अवनीश काजला ने कहा कि अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है तो वे चार साल की अग्निपथ योजना को पूरी तरह से बंद कर देंगे। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र सरकार अग्निपथ योजना को 60 साल तक बढ़ाए, ताकि युवाओं को 60 साल की उम्र तक रोजगार मिल सके और उसके बाद पेंशन की व्यवस्था भी हो। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला प्रवक्ता शहजादा चौधरी ने कहा कि मौजूदा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर लोग धर्म और जाति में बंटे रहे तो मौजूदा सरकार देश को बर्बादी की ओर ले जाएगी। चौधरी ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर 5,000 स्कूलों को मर्ज करके छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेलने और हजारों शिक्षकों व शिक्षिकाओं को बेरा. ेजगार करने का भी आरोप लगाया। इस दौरान लाल बहादुर, नफीज खान, अमरनाथ शर्मा प्रधान, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, विक्की शर्मा, अनुज कुमार एडवोकेट, रवींद्र गुर्जर, रजत त्यागी, जमील अहमद और अन्य पदाधिकारी व लोग मौजूद रहे।





# कांवड़ यात्रा को लेकर एसपी ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर 650 हाईटेक कैमरों का कंट्रोल रूम स्थापित किया है। इन कैमरों के माध्यम से हापुड़ शहर और कांवड़ मार्ग की निगरानी की जाएगी। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर 166 और हाईटेक कैमरे जोड़े गए हैं। शहर के प्रमुख चौराहों और महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे ये कैमरे सीधे कंट्रोल रूम से जुड़े हैं। पुलिस और प्रशासन इन कैमरों की मदद से शहर के साथ-साथ कांवड़ मार्ग पर पैनी नजर रख सकेगा। इस व्यवस्था से कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में मदद मिलेगी।

शनिवार को एसपी कुंवर ज्ञानंजय ने कावड़ कंट्रोल रूम का दौरा कर वहां की तकनीकी व्यवस्थाओं जैसे सीसीटीवी कैमरों, संचार प्रणाली और आपातकालीन सेवाओं की कार्यक्षमता की जांच की। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा ताकि कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि कावड़ यात्रा के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं, जिनमें अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन निगरानी और यातायात प्रबंधन शामिल हैं ताकि यात्रा पूरी तरह से सुरक्षित और व्यवस्थित हो सके।



# डिवाइडर लगाने के विरोध में उतरे ग्रामीण, भाकियू तोमर ने किया समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात क्षेत्र के मेरठ रोड पर स्थित तकी द्वार के सामने हाइवे पर खुले कट को ठेकेदार द्वारा डिवाइडर लगाकर बंद करने के विरोध में सैकड़ो ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के इस प्रदर्शन में भाकियू तोमर ने भी ग्रामीणों को समर्थन दिया।

भाकियू तोमर के पदाधिकारीयों ने मेरठ रोड पर स्थित तकी द्वार के सामने डिवाइडर खुलवाने को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सोपा। ज्ञापन में कहा गया कि गांव असौडा के अमन कलोनी के आवाम का आना-जाना तकी द्वार से होता है। लेकिन मेरठ रोड पर बन रहा डिवाईडर का रास्ता ठेकेदार द्वारा यह कहकर बन्द किया जा रहा कि डीएम अभिषेक पांडेय के आदेश है। ज्ञापन में कहा गया कि इस डिवाईडर के बन्द होने से स्कूल जाने वाले बच्चों, समस्त ग्रामीणों व प्रतिवर्ष ईद की नमाज के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जिस कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों व समस्त ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए डिवाईडर का रास्ता खुलवाया जाए।



# रक्षामंत्री के जन्मदिन पर की उज्वल भविष्य की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** केंद्रीय रक्षामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के 74वें जन्मदिवस के अवसर पर विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के चेयरमैन रविकांत शर्मा ने उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता पं. सोमदत्त शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव संजय शर्मा (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा, यूपी कार्यकारी अध्यक्ष पं. माया प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा, प्रदेश कानूनी सलाहकार पं. नरेश चंद शर्मा, डा. देवेंद्र वशिष्ठ सहित अनेक पदा. धिकारियों ने भी रक्षामंत्री को शुभकामनाएं दीं। चेयरमैन रविकांत शर्मा ने बताया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके परिवार एवं संगठन का पारिवारिक और आत्मीय संबंध रहा है। उन्होंने बताया कि विश्व ब्राह्मण संघ के संस्थापक, परम श्रद्धेय व राष्ट्रपति पदक से सम्मानित स्व. पं. मांगेराम शर्मा के कार्यकाल के दौरान भी राजनाथ सिंह कई बार संघ के आयोजनों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ब्राह्मण समाज को मार्गदर्शन देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी विश्व ब्राह्मण संघ के पदा. धिकारी व कार्यकर्ता उनके उत्तम स्वास्थ्य, यशस्वी जीवन और राष्ट्रसेवा में निरंतर सफलता की कामना करते हैं।



## एक नजर

### अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती मनाएगी ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कॉँग्रेस पार्टी: गोपाल शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कॉँग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बुद्ध प्रकाश शर्मा के दिशानिर्देश पर ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कॉँग्रेस पार्टी यूपी के तत्वाधान में प्रथम स्वाधीनता संग्राम सेनानी अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती पार्टी प्रदेश कार्यालय कूचेसर रोड चौपला हापुड़ में 19 जुलाई को प्रात 10 बजे मनाई जाएगी। जयंती कार्यक्रम में यूपी के सभी जनपदों के प्रदेश मंडल जिला एव शहर स्तर के सभी पदाधिकारी एव कार्यकर्ता शामिल होंगे। ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कॉँग्रेस पार्टी यूपी द्वारा सभी जनपदों मे 19 जुलाई 2025 से प्रदेश भर में ज़न ज़न जोड़ों सदस्यता अभियान चलाकर युवाओ महिलाओं और लोगों को पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### चाकू के साथ संदिग्ध युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के हाफिजपुर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने ज़ब उसे रो. ककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्ज़े से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान आमिर पुत्र कमालुद्दीन निवासी ग्राम हाफिजपुर थाना हाफिजपुर जनपद हापुड के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक कप गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सोशल मीडिया पर महिलाओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर महिलाओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर वीडियो पोस्ट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाना हापुड नगर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर महिलाओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर वीडियो पोस्ट करने वाले आरा. ेपी सैंकी पुत्र मनवीर निवासी ग्राम सबली थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड को सबली गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ गुंडा एक्ट मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी देने समेत कई आपराधिक मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# दहेज हत्या के मामले में हत्यारोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड देहात पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे हत्यारोपी पति को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहा था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान दहेज़ की मांग को लेकर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतारने वाले हत्यारोपी पति दीपाँशू पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम भगवानपुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड व हाल निवासी- प्रहवाद नगर नवीन मण्डी थाना हापुड देहात जनपद हापुड को थाना क्षेत्र के पटना मोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनता की समस्याओं को सुनने और पुलिसिंग को बेहतर बनाने के उद्देश्य से थाना हापुड़ नगर कोतवाली ने समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

एसपी कुंवर ज्ञानजय सिंह ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना हापुड़ नगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सीधे जनता से बातचीत की और उनकी विभिन्न शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से सुना। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। कुंवर ज्ञानजय सिंह ने शिकायतकर्ताओं को आश्वासन दिया कि हर शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि जनहित के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने इसके बाद थाना हापुड़ नगर के कार्यालय अभिलेखों, रजिस्टरों और महिला हेल्प डेस्क का भी गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा, पीड़ितों की सहायता और संवेदनशील मामलों में तुरंत कार्रवाई करने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह व्यवहार अपनाने के लिए भी निर्देशित किया। एसपी द्वारा दिए गए इन दिशा-निर्देशों से स्पष्ट है कि हापुड़ पुलिस आम जनता की सुरक्षा और न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। थाना समाधान दिवस पर इस तरह की सक्रिय भागीदारी से पुलिस और जनता के बीच विश्वास और संवाद मजबूत होगा।



# हर थाने में रखी जाएगी कांवड़ व गंगाजल, कांवड़ियों को मिलेगी बाइक एम्बुलेंस की सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कांवड़ यात्रा की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। इस साल की कांवड़ यात्रा के दौरान, हापुड़ जिले में लाखों शिवभक्तों की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा कई नई पहल की गई हैं। यदि किसी कांवड़िए की कांवड़ यात्रा के दौरान टूट जाती है, तो उसे परेशान होने की ज़रूरत नहीं होगी। कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले प्रत्येक थाने में अतिरिक्त कांवड़ और गंगाजल रखा जाएगा। इससे खंडित कांवड़ की स्थिति में तत्काल नई कांवड़ और गंगाजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए, कांवड़ियों को बाइक एंबुलेंस की सुविधा मिलेगी। इन बाइकों पर प्रशिक्षित पुलिसकर्मी सवार होंगे जो आवश्यकता पड़ने पर कांवड़ियों को प्राथमिक उपचार देंगे और उन्हें अस्पताल तक पहुँचाने में मदद करेंगे। कांवड़ मार्ग के सभी थानों में प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स उपलब्ध रहेंगे। जिससे मामूली चोटों या स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का तुरंत इलाज किया जा सके। यात्रा के दौरान, पुलिस की बाइकें लगातार गश्त पर रहेंगी ताकि आपात स्थिति या सड़क दुर्घटना होने पर शिवभक्तों को तुरंत सहायता मिल सके। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि इन सभी व्यवस्थाओं का मुख्य उद्देश्य दिल्ली, गाजियाबाद, हरियाणा, बुलंदशहर, अलीगढ़, आगरा, मोदीनगर, मुरादाबाद, बरेली, संभल, बदायूं, काशीपुर और अन्य स्थानों से ब्रजघाट, गौमुख और हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की यात्रा को सुरक्षित और सहज बनाना है।



# शिव में जो रमता है उसका सबकुछ सुंदर होना निश्चितः विकास तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्रावण मास में जो भक्त विशेष रूप से भगवान शंकर (शिव) की पूजा करता है, वह समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और अंत में शिवलोक में प्रतिष्ठित होता है। श्रावण मास या जिसे हम सावन का महीना कहते हैं सनातन परंपरा में अत्यंत पवित्र माह माना जाता है। यह भक्ति, आध्यात्मिकता, आत्म शुचिता और शिव में रमने का महीना है। शिव में जो रमता है उसका सबकुछ सुंदर होना ही है। क्योंकि शिव ही सत्य है और शिव ही सुंदर है, इसलिए सत्यम शिवम सुंदरम कहा जाता है।

श्रावण मास उसी पर ब्रह्म शिव की आराधना का अवसर है। पुराणों में कहा गया है जो भक्त श्रावण मास में विशेष रूप से भगवान शिव की पूजा करता है, उसके समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। 'नारद पुराण' में श्रावण सोमवार व्रत का विस्तार से वर्णन किया गया है। शिवजी को सोम चंद्रमा से विशेष लगाव है और यही कारण है कि श्रावण के सोमवारों का विशेष महत्व है। श्रावण मास में शिव मंदिर में पूजन, जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के अलावा कांवड़ यात्रा विशेष महत्व है रामायण में वर्णित है कि भगवान श्रीराम ने स्वयं सुल्तानगंज से जल लाकर बाबा बैद्यनाथ को चढ़ाया था। जल, बेलपत्र, धतूरा, भस्म, रुद्राक्ष और पंचामृत चढ़ाकर भगवान शिव की पूजा की जाती है। वैसे घर के समीप किसी भी मंदिर में शिव जलाभिषेक और पूजन का फल मिलता है लेकिन द्वादश ज्योतिर्लिंगी में दर्शन पूजन का विशेष महत्व बताया गया है। श्रावण में इनका दर्शन मुक्ति, स्वास्थ्य, और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करते हैं। केदारनाथ, वैद्यनाथ, और काशी विश्वनाथ में श्रावण माह में विशेष जलाभिषेक होता है। भोलेनाथ नाम ही बताता है कि शिव जी भक्तों पर कृपा बरसाने वाले सहजता से प्रसन्न होने वाले ईश्वर हैं।



### गंगा का जलस्तर स्थिर होने से खादर क्षेत्र के हजारों परिवारों को सता रहा बाढ़ का डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गंगा का जलस्तर स्थिर होने के बाद भी खादर क्षेत्र से जुड़े हजारों परिवारों में व्याप्त बेचौनी दूर नहीं हो पा रही है, क्योंकि निचले जंगल में गंगा के उफान का पानी भरा होने से फसलों में बर्बादी के साथ ही पशुओं के चारे की किल्लत रुला रही है।

उत्तराखंड के पहाड़ों में बारिश का क्रम हल्का पड़ने के कारण बिजनौर बैराज से छोड़े जा रहे पानी में भी काफी गिरावट आई है, जिससे 24 घंटों के भीतर गंगा का जलस्तर स्थिर चल रहा है। गंगा का उफान न बढ़ने से खादर क्षेत्र से जुड़े एक दर्जन से अधिक गांवों के हजारों परिवारों की बेचौनी कुछ कम तो हुई है, परंतु समस्या जस की तस बनी हुई हैं। चक लठीरा के प्रधान निरंजन सिंह राणा का कहना है कि गंगा का जलस्तर स्थिर होने से बाढ़ आने का खतरा कुछ कम हुआ है, परंतु इसके बाद भी हजारों बीघा निचले जंगल में पानी भरा होने से फसलों में बर्बादी का क्रम जारी चल रहा है। जिसके कारण पशुओं के चारे की किल्लत खूब रुला रही है। केंद्रीय जल आयोग के गेज अधिकारी आबाद आलम का कहना है कि शुक्रवार की देर शाम से लेकर शनिवार की देर शाम तक 24 घंटों के भीतर गढ़ गंगा का जलस्तर समुद्रतल से 198.37 मीटर के निशान पर स्थिर बना हुआ है।

# पुलिस की बदमाश से मुठभेड़

## पैर में गोली लगने के बाद किया गिरफ्तार, रेकी कर वाहन चोरी करता था

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा पुलिस द्वारा लगातार मुठभेड़ कर शातिर बदमाशों को पकड़ा जा रहा है। इस क्रम में फेज-2 थाना पुलिस सेक्टर-92 के पास चेकिंग कर रही थी। एक बाइक सवार उनकी तरफ आते दिखा। पुलिस ने रुकने का इशारा किया। वो रुका नहीं बल्कि तेजी से एनएसईजेड मेट्रो की तरफ भागने लगा। पुलिस को शक होने पर बाइक सवार का करीब 700 मीटर तक पीछा किया। ये देख बाइक सवार ग्रीन बेल्ट के किनारे नाले की पटरी की तरफ भागने लगा।



पुलिस ने बदमाश की चारो तरफ से घेराबंदी की। अपने को घिरता देख बदमाश ने बाइक को वही गिरा दिया और तमंचा निकालकर पुलिस पार्टी पर फायर किया। पुलिस ने पहले आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। नहीं मानने पर पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की गई। जिससे बदमाश के पैर में गोली लगी। बदमाश वहीं गिर गया। बदमाश को गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान फैजान पुत्र अली अहमद निवासी भंगेल थाना फेस 2 हुई। इसकी उम्र करीब 25 साल हुई। घायल बदमाश के कब्जे से 01 देशी तमंचा मिला।

**चोरी की बाइक बेचकर मौज मस्ती करता:** जिस बाइक से था वो भी चोरी की है। पूछताछ में बताया कि रैकी करके वाहन चोरी करता था। इसे बेचता और मिले पैसों से मौज मस्ती करता था। इसके और भी साथी हो सकते है। पूछताछ के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। बदमाश पर मैनपुरी के अलावा नोएडा में मुकदमे दर्ज है।

### भाकियू की महापंचायत की तैयारी

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) महात्मा टिकैत के दनकौर स्थित कैंप कार्यालय पर शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 30 जुलाई 2025 को जेपी वीआईपी गेट के सामने स्थित हाइवे अंडरपास पर होने वाली महापंचायत की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव जयवीर कसाना ने की, जबकि संचालन पंकज शर्मा ने किया। जिला मीडिया प्रभारी सुमित नागर अमरपुर ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से महापंचायत में बड़ी संख्या में पहुंचने का आग्रह किया गया है। पदाधिकारियों ने हजारों कार्यकर्ताओं के आगमन और उनकी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया। साथ ही सभी को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बॉबी नागर, जिला अध्यक्ष श्यामवीर नागर, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य जयकिशन, गजराज डेरिन, ओमप्रकाश और रणवीर मोहन उपस्थित थे।

# पुलिस ने बरामद किए 100 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन, मालिकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने बीते कुछ माह के दौरान शहर के अलग-अलग से गुम और चोरी हुए 100 कीमती स्मार्ट मोबाइल फोन को ढूंढकर आज पुलिस ने पीड़ितों को सौंपा दिया। गठित स्पेशल टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से मोबाइल फोनों की खोज की है। पुलिस के अधिकारियों के अनुसार यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। वहीं मोबाइल धारकों ने गुम हुए मोबाइल पाकर पुलिस की प्रशंसा की और अपना मोबाइल देखकर सभी के चेहरे खिल उठे।



गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में तथा अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल व थाना फेस-2 नोएडा ने आज लोगों के गुम हुए भिन्न-2 कंपनियों के कीमती 100 स्मार्ट मोबाइल फोन को सर्विलांस के माध्यम से खोजकर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि लोगों के भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, ऑटो, बसों, सुबह-शाम टहलते समय उने कीमती मोबाइल फोन गिर जाते थे या कहीं छूट जाते थे। जिनके संबंध में सेंट्रल नोएडा जोन के सभी थानों में गुमशुदगी दर्ज थी, जिन पर कार्रवाई करते हुए गुम हुए मोबाइल फोनों को सर्विलांस के माध्यम से खोजकर आज उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

डीसीपी ने बताया कि इससे पहले भी पुलिस कई मोबाइल फोनों को तलाश कर पीड़ितों के सुपुर्द कर चुकी है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सभी थानों से चोरी और गुम हुए मोबाइल की जानकारी ली गई। इसके बाद नंबर को सर्विलांस पर लगाया गया। अन्य तकनीकों का भी इस दौरान सहारा लिया गया। कई मोबाइल को चोरों और बदमाशों ने राहगीरों को बेहद कम दाम में बेच दिया था। पुलिस ने जब मोबाइल खरीदने वालों को कार्रवाई का डर दिखाया तो उन्होंने मोबाइल पुलिस के सुपुर्द कर दी।

### सेक्टर-145 में कूड़ा निस्तारण जल्द शुरू होगा

**नोएडा।** सेक्टर-145 में कूड़ा निस्तारण का काम जल्द शुरू होगा। नोएडा प्राधिकरण करीब दस दिन में टेंडर जारी कर देगा। उम्मीद है कि अगले महीने के अंत तक कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सेक्टर-145 में अभी करीब दो लाख टन कूड़ा पड़ा हुआ है। शहर के अलग-अलग स्थानों से इकट्ठा किए जाने वाले सूखे कूड़े को यहां डाला जाता है। इससे यहां कूड़े का ढेर लग चुका है। जिस एजेंसी के पास अब तक कूड़ा निस्तारण का जिम्मा था, प्राधिकरण उसी के जरिए बचे कूड़े को भी निस्तारित कराना चाहता था।

इसके लिए बोर्ड में प्रस्ताव रखकर एजेंसी को अतिरिक्त समय देने की मांग की गई। इस प्रस्ताव को बोर्ड के सदस्यों ने खारिज कर दिया। बोर्ड ने कहा कि पुरानी एजेंसी का समय बढ़ाने के बजाए नए सिरे से टेंडर जारी किया जाए। बोर्ड बैठक में प्रस्ताव खारिज होने के बाद प्राधिकरण ने टेंडर जारी करने की तैयारी शुरू कर दी। अधिकारियों का कहना है कि बजट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। करीब दस दिन में टेंडर जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले महीने के अंत तक कूड़ा निस्तारण शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि जिस एजेंसी का चयन किया जाएगा, उसे कम से कम पांच लाख टन कूड़े के निस्तारण की जिम्मेदारी दी जाएगी। दो लाख टन अभी मौके पर पड़ा है, जबकि तीन लाख टन अगले एक साल के अंदर वहां पहुंच जाएगा।

# बारिश से मौसम सुहाना, जलभराव व जाम ने रुलाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** औद्योगिक नगरी में मानसून सीजन में शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक रुक-रुक कर हुई तेज और हल्की बारिश ने जहां एक ओर मौसम को खुशनुमा बना दिया, वहीं दूसरी ओर शहरवासियों के लिए कई तरह की मुश्किलें भी खड़ी कर दीं। बारिश के कारण शहर की सेक्टर, सोसाइटी व अंडरपास के अलावा तिलपता, सफीपुर, मकौड़ा, बोड़ाकी, पल्ला, गुलिस्तानपुर आदि में जलभराव की समस्या रही। लंबे-लंबे जाम भी लगे।





सुबह करीब 10:30 बजे शुरू हुई बारिश शाम 5 बजे तक अलग-अलग इलाकों में रुक-रुक कर होती रही। इस दौरान तेज हवाओं और बादलों की आवाजाही के चलते मौसम में ठंडक घुली। जिससे लोगों को उमस से कुछ राहत मिली। हालांकि बीच-बीच में सूरज की झलक भी दिखती रही, जिससे उमस फिर से महसूस हुई। बारिश की वजह से शहर के कई प्रमुख अंडरपास और मुख्य सड़क के किनारे जलभराव हो गया। खासतौर पर सेक्टर अल्फा, डेल्टा, सफीपुर अंडरपास और ईकोटेक-3 औद्योगिक क्षेत्र में पानी भरने से राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में जलभराव हो गया। बीटा-1 सेक्टर में सीवर, नालियों में बारिश का पानी ओवर फ्लो होकर सड़क आ गया। पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसाइटी में पानी भर गया। कई जगहों सेक्टर, सोसाइटी और मुख्य सड़कों पर घुटने तक पानी भरा। बारिश के पानी में चलने से लोगों के कपडे, जूते भी खराब हो गए। ग्रामीणों इलाकों की भी हालत खस्ताहाल रही। कच्चे रास्ते पर कीचड़ जमा होने के कारण लोगों को फिसलन भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ा। कच्चे रास्ते पर बाइक, साइकिल चालक गिरते गिरते बचे।

**प्राधिकरण की व्यवस्थाओं की खुली पोल:** बारिश के बाद होने वाले जलभराव ने फिर प्राधिकरण की तैयारियों की पोल खोल दी। जलभराव से परेशान लोगों ने सोशल मीडिया पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को टैग कर शिकायतें भी दर्ज कराईं। आरडब्ल्यूए डेल्टा 2 के महासचिव आलोक नागर ने बताया कि हल्की सी बारिश से बूंदाबांदी से पूरे सेक्टर में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। सेक्टर वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**प्रदूषण में आई कमी से मिली राहत:** बारिश के चलते हवा में मौजूद धूल के कण नीचे बैठ गए। नतीजतन शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया।शनिवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे दमा और सांस के रोगियों को राहत महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में भी शहर में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवाएं चल सकती हैं और बादल छाए रह सकते हैं। तापमान में भी हल्की गिरावट हो सकती है।

**बारिश के दौरान रेंगता रहा ट्रैफिक:** ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों और स्कूल बसों को भी जाम से गुजरना पड़ा। वहीं जलभराव के कारण कई दोपहिया वाहन चालकों को सड़कों पर फिसलन का भी सामना करना पड़ा। बारिश के दौरान परी चौक, अल्फा चौक, एलजी गोल चक्कर, सूरजपुर गोल चक्कर, किसान चौक, बिसरख चौक, एक मूर्ति, डीएससी रोड सहित कई जगहों पर ट्रैफिक पुलिस को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। ताकि जाम की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। डीएससी रोड पर जलभराव के कारण कुलेसरा और हल्दौनी के पास ट्रैफिक जाम रहा।

**विद्युत व्यवस्था चरमराई:** तेज बारिश और हवा के कारण शहर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। सेक्टर डेल्टा, गामा और बीटा में दोपहर बाद घंटों तक बिजली नहीं रही। जिससे घरों और दुकानों के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों में भी कामकाज प्रभावित हुआ। कई इलाकों में लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे।

**लोगों ने लिया मौसम का आनंद:** बारिश के बाद भी शहर की समस्याओं का पुराना सिल. सिला जारी है, मगर साथ ही मौसम के इस बदलाव ने गर्मी से जूझ रहे लोगों को कुछ देर के लिए राहत जरूर दी। बारिश के बाद शाम को कई लोग परिवार और बच्चों के साथ पार्कों और बाजारों में घूमने निकल पड़े। इस कारण शॉपिंग माल ओमेक्स, ग्रैंड वेनिस मॉल, के अलावा सिटी पार्क के बाजार में भीड़ नजर आई। बच्चों ने सड़कों और सोसाइटियों में बारिश का खूब आनंद लिया।

## एक नजर

### महिला सशक्तिकरण अभियान की जानकारी दी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** जिले के सभी थानों की महिला बीट अधिकारियों ने स्थानीय महिलाओं को शनिवार को महिला सुरक्षा और साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। महिला सुरक्षा टीम ने अलग अलग गांवों, सोसाइटियों, लेबर कॉलोनियों और बाजारों में महिलाओं और बच्चियों को एकत्र कर उनसे बातचीत की। सभी को महिला सशक्तिकरण अभियान, उनके प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई। शासन के कार्यक्रम जैसे मिशन शक्ति, शुभ मंगल योजना, साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा के बारे में भी जागरूक किया गया।

### बाइक सवार दो दोस्तों के साथ मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के दयौरार गांव में बाइक सवार दो दोस्तों को रोक कर मारपीट की गई। एक पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दयौरार गांव के रहने वाले संदीप की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। संदीप ने बताया कि वह गुरुवार को अपने दोस्त विक्रम के साथ बाइक पर सवार होकर पड़ोस के थोरा गांव में दवाई लेने के लिए गया था। दवाई लेकर वापस लौटते समय रास्ते में भवोकरा गांव के चार लोगों ने रोक लिया। उसके साथ बिना किसी बात के मारपीट की। इसके बाद धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चिंटू, मोती, दीपक और रितिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को जैतपुर-वैशपुर की ग्रीन बेल्ट में हो रहे अवैध निर्माण को उद्यान विभाग की टीम ने तोड़ दिया और दोबारा निर्माण करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। दरअसल सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ओएसडी गुंजा सिंह ने ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के लिए अभियान शुरू किया है। उन्होंने उद्यान विभाग की टीम को निर्देश दिये हैं कि ग्रेटर नोएडा के किसी भी ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण दिखे तो उसे तत्काल तोड़ने की कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि किसी भी ग्रीन बेल्ट में नया अवैध निर्माण होता पाया गया तो उद्यान विभाग के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के कड़ी खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# उत्पाद में कमी साबित न होने पर नहीं मिलेगा दूसरा मोबाइल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** मोबाइल फोन में उत्पाद कमी साबित नहीं होने पर बदलकर दूसरा नहीं मिलेगा। ऐसे ही एक मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने मोबाइल फोन के खराब होने पर दूसरा देने या पैसा लौटाने के लिए दायर वाद को खारिज कर दिया।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा-2 निवासी मीनू वघेल ने शियोमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का मोबाइल फोन रेडमी नोट 9 दिसंबर 2021 को 18 हजार रुपये में खरीदा था। 3 दिसंबर 2022 को रेडमी मोबा. इल चलाने के दौरान फ्रंट कैमरे की जरूरत हुई। फोटो लेने के दौरान कैमरा बंद हो गया। तब फोन खरीदे हुए एक साल हुआ था। 8 दिसंबर 2022 को कंपनी के ऑथराइज सर्विस सेंटर लेकर गए। वहां बताया गया कि मोबा. इल फोन की वारंटी 7 दिसंबर 2022 को खत्म हो गई है। बताया गया कि फोन का मदर बोर्ड बदलना होगा। इसके लिए 13 हजार रुपये का भुगतान करना होगा। सर्विस सेंटर ने 118 रुपये लिए।

एक साल पूरी नहीं होने के बाद भी वारंटी की अवधि में फोन ठीक नहीं करने पर जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। आयोग में सुनवाई के दौरान कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि मोबाइल हैंड सेट उच्चतम गुणवत्ता का है। उसमें कोई दोष नहीं है। एक साल की अवधि तक वह एसेसरीज बिल्कुल ठीक चलती रही। 6 महीने की अवधि तक हैंडसेट की वारंटी थी। यदि उपकरण वारंटी अवधि के भीतर होता तो कंपनी निशुल्क मरम्मत कर सेवा प्रदान करते है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा ने कहा कि शिकायत कर्ता मोबाइल फोन में मैन्युफैक्चरिंग कमी को साबित करने में नाकाम रहा। कंपनी ने सेवा में कमी नहीं की है। इस वजह से वाद को निरस्त किया जाता है।

# एक करोड़ रुपये से परिषदीय स्कूलों का बदलेगा रूप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** जनपद के चारों ब्लॉकों के 511 परिषदीय स्कूलों के लिए 50 फीसदी कंपोजिट ग्रांट जारी कर दी गई है। स्कूलों में बेहतर व्यवस्था के लिए हर साल कंपोजिट ग्रांट दी जाती है। इस साल करीब एक करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। इसका उपयोग शिक्षक स्कूलों के कायाकल्प के रूप में करेंगे। शिक्षकों को 10 प्रतिशत धनराशि अनिवार्य रूप से स्वच्छता अभियान व कार्यक्रम पर व्यय के लिए आरक्षित की जाएगी जो विद्यालय भवन, परिसर एवं छात्रों की स्वच्छता पर व्यय की जाएगी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि विद्यालय में आवश्यकतानुसार स्वच्छता सामग्री, टॉयलेट क्लीनर, फिनायल, साबुन, चूना, झाड़ू, नेलकटर व हैडवॉश आदि सामान मंगाया जाएगा। 50 बच्चों वाले स्कूल में 25000, 100 तक वाले स्कूल को 50,000 व 150 बच्चों वाले स्कूल को 75000 रुपये दिए गए हैं। साथ ही, गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रधानाध्यापकों को उसी के अनुरूप धनराशि का सदुपयोग करना होगा।

**दीवार पर बनेगा निपुण भारत का लोगों:** जनपद स्तर पर प्रत्येक विद्यालय में निपुण भारत के लोगो की दीवार पर पेंटिंग सुनिश्चित की जाएगी। विद्यालय के ऐसे शौचालय जो छोटी-छोटी मरम्मत, आवश्यक कार्य, यूरिनल पॉट में टूट-फूट आदि के कारण अक्रियाशील हैं।

### वेतन के विवाद में फैक्टरी मालिक से मारपीट

**नोएडा।** नोएडा स्थित फैक्टरी में काम करने वाली युवती के भाई ने फैक्टरी मालिक के साथ मारपीट की। आरोप है कि युवती के वेतन के विवाद में मारपीट की गई। फैक्टरी मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज किया है। सेक्टर-142 थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक फैक्टरी मालिक ताहिर ने फईम के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया है। पीड़ित ताहिर का आरोप है कि उनकी फैक्टरी में फईम की बहन नौकरी करती है। युवती के वेतन के विवाद में फईम ने उनके ऑफिस में आकर मारपीट की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों के दो गुटों में खेत पर कब्जे को लेकर टकराव

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के झुप्पा गांव में एक खेत पर कब्जे को लेकर किसानों के दो गुटों के बीच टकराव की स्थिति बनी है। एक किसान ने दूसरे पक्ष पर खेत में काम करते समय मारपीट करने और कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक झुप्पा गांव निवासी संजीत संजीत का आरोप है कि गांव में उनके पिता के नाम पर जमीन है। इनके बराबर में राधे का खेत है। वह शुक्रवार को अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे।

इसी बीच राधे अपने परिवार के साथ पहुंचा और उनके साथ मारपीट की। ट्रैक्टर चलाकर जबरन खेत पर कब्जा कर लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपी राधे, उसके भाई राजपाल, रंजीत और महेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** हाजीपुर अंडरपास के पास तेज रफ्तार मिक्सर ट्रक ने साइकिल सवार महिला को टक्कर मार दी और भाग गया। अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कानपुर देहात निवासी संदीप कुमार ने बताया कि बीते साल आठ अक्टूबर को सुबह करीब नौ बजे उनकी पत्नी स्वेता अपनी साइकिल से ड्यूटी करने के लिए जा रही थीं। वह सेक्टर-128 स्थित हाजीपुर अंडरपास के पास पहुंची तो मिक्सर ट्रक ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में स्वेता के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं।

राहगीरों की मदद से उसको अस्पताल मे भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के कारण महिला को सेक्टर-137 स्थित निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने यहां महिला को मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि हादसे के बाद उसकी पत्नी को अस्पताल पहुंचाने की बजाय आरोपी ट्रक चालक वाहन समेत वहां से फरार हो गया। साइकिल के भी इस दौरान परखच्चे उड़ गए। संदीप ने ट्रक का नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है।

# मुख्यमंत्री के सलाहकारों ने मेडिकल डिवाइस पार्क का किया दौरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी व जीएन सिंह ने शनिवार को यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क का दौरा किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने 15 अगस्त तक मेडिकल डिवाइसेज पार्क का प्रोग्रेसिव रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

सेक्टर-28 में दोनों सलाहकार के पहुं. चने पर यमुना प्राधिकरण के सीईओ राकेश कुमार सिंह द्वारा उनका स्वागत कर 350 एकड़ में विस्तारित उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी मेडिकल डिवाइसेस पार्क परियोजना की प्रगति से अवगत कराया गया।



मेडिकल डिवाइस पार्क का दौरा करने के बाद बैठक में एसीईओ कपिल सिंह ने दोनों अधिकारियों को अवगत किया गया कि प्राधिकरण द्वारा अभी तक 89 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। जिनमें से 65 भू-स्वामियों व आवंटियों को चेक लिस्ट जारी हो चुकी है तथा 47 आवंटियों द्वारा रजिस्ट्री करवा दी गई है। 10 आवंटियों द्वारा बिल्डिंग मैप अप्रूव्ड हो चुके हैं। 7 कंपनीज द्वारा स्थल पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस पर सीईओ ने परियोजना विभाग को अगले एक सप्ताह में सभी 89 अलाटीस के लीज प्लान तैयार करने के निर्देशित दिए।

सीईओ ने अधिकारियों को बताया कि लीज डीड व कब्जा के बाद भी कई कंपनी द्वारा कंस्ट्रक्शन का कार्य प्रारंभ नहीं करवाया गया है, उस पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा सभी से डीपीआर के अनुसार कार्ययोजना मांगी गई है।

उक्त सभी जानकारी प्राप्त करने के बाद अवनीश अवस्थी द्वारा यीडा अधिकारियों को निर्देशित किया गया की कार्यों के संबंध में जारी होने वाली आरएफपी में एक प्री-बिड मीटिंग की व्यवस्था का प्रावधान प्राधिकरण स्तर से जरूर किया जाए। जीएन सिंह ने एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग मेंमेडिकल डिवाइस पार्क प्रमोशनल कौंसिल के कार्यालय के साथ-साथ इंडियन फार्माकोपोइया कमीशन आईपीसी व डिप्टी ड्रग्स कंट्रोलर सीडीएससीओ तथा स्टेट लाइसेंसिंग अथॉरिटी को भी जगह उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में डिप्टी ड्रग कंट्रोलर डॉ अजय सचान, निदेशक व साइंटिफिक ऑफिसर (आईपीसी) डॉ सेल्वराजन, सीईओ राकेश कुमार सिंह, एसीईओ कपिल सिंह, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह,एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एमडीपी प्रमा. शनल कौंसिल प्रवीण मित्तल, महाप्रबंधक परियोजना राजेंद्र भाटी, ओएसडी मेहराम सिंह, एजीएम स्मिता सिंह एजीएम, सहित अन्य उपस्थित रहें।

**सार्वजनिक सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि मैं उमेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री केदारनाथ गुप्ता सी-423, सेक्टर-22 नोएडा का निवासी हूं। मैंने गायत्री देवी पत्नी राजेंद्र सिंह को अपना मकान 11 मई 2024 को 20000 रूपये मासिक किराए पर दिया था। जिनका एग्रीमेंट 30 अप्रैल 2025 तक वैध था। गायत्री देवी पति राजेंद्र सिंह मेरे मकान का ताला बंद कर पिछले 3 महीने से फरार हैं। मैंने वकील के जरिए तीन बार उन्हें नोटिस भी जारी कराए, लेकिन एग्रीमेंट में लिखा उनका पता मयूर विहार फेस-3 दिल्ली का था जो फर्जी निकला। जिसके कारण सभी नोटिस वापस आ गए। यदि गायत्री देवी पत्नी राजेंद्र सिंह किसी भी अपराधिक कृत्य में संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होगी। मैं उमेश कुमार गुप्ता इसके लिए किसी भी तरीके से उत्तरदायी नहीं रहूंगा।

# 688 करोड़ रुपये से होगा बागपत शुगरमिल का विस्तारीकरण:गन्ना मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुगर मिल में शनिवार को गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पाठशाला के विद्यार्थी है। उन्होंने जो कुछ सीखा है उन्ही से सीखा और उसे ही आगे बढ़ा रहे है। सरकार भी उनके सिद्घांतों पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जब कोई तीर्थ स्थान पर जाता है वहां नमन करता है, बागपत चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि होने के कारण उनके लिए तीर्थ से कम नहीं है।

शनिवार को बागपत शुगर मिल में किसान सभा का आयोजन किया गया था। इसमें गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बागपत





शुगर मिल के विस्तारीकरण की डीपीआर तैयार कराई जा रही है। शुगर मिल का 688 करोड़ से विस्तारीकरण कराया जाएगा और 90 किलो लीटर का एथनॉल का प्लांट लगाया जाएगा। विधायक योगेश धामा, मंत्री केपी मलिक और पूर्व विधायक साहब सिंह भी शुगर मिल के विस्तारीकरण का मुद्दा उठाते रहे है। प्रदेश सरकार पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह के सिद्घांतों को आगे बढ़ा रही है और उनके बताए गए रास्ते पर चलकर किसान और प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रही है। आज प्रदेश में कानून व्यवस्था सदृढ़ हुई है। प्रदेश में गन्ना किसानों को 90 प्रतिशत गन्ना बकाया का भुगतान कराया जा चुका है। इस दौरान रमन चौधरी ने भी उनको अपनी मांगो को लेकर एक ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में मंत्री केपी मलिक, विधायक योगश धामा,पूर्व एमएलसी जगत सिंह, चेयरमैन कृष्णपाल सिंह, विधायक प्रतिनिधी गौरव यादव, पूर्व विधायक साहब सिंह, लोकेश दीक्षित, सहेंद्र रमाला, बीरपाल राठी,भाकियू जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लो. केश वत्स, गोल्डन गेट स्कूल के प्रबंधक सुधीर कुमार, खेकड़ा ब्लॉक प्रमुख परविंद्र धामा, पूर्व खेकड़ा ब्लॉक प्रमुख देवेंद्र गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य रविंद्र बली ने मुख्य अतिथि का गदा देकर व बुके देकर स्वागत किया।

## पुलिस मुठभेड़ में घायल लुटेरा गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** थाना क्षेत्र में पुलिस और सर्विलांस टीम ने मुठभेड़ में एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहित को पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। उसके पास से लूटी हुई बाइक, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। मामला 5 जुलाई का है। जब वाजि. दपुर निवासी जितेंद्र बिजवाड़ा गांव में इनवर्टर बैटरी लगाने जा रहा था। रास्ते में दो युवकों ने उसे रोका और मारपीट कर उसकी मोटरसाइकिल लूट ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शुक्रवार शाम को पुलिस को सूचना मिली कि एक लुटेरा किसी बड़ी घटना की योजना बना रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया। बिजवाड़ा गांव के मोहित को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राकेश टिकैत ने प्राइमरी स्कूलों को बंद करने के फैसले का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बागपत के जिवाना स्थित नीलकंठ आश्रम में धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार को घेरा।

टिकैत ने प्राइमरी स्कूलों को बंद करने के फैसले का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में गरीब बच्चे पढ़ते हैं। उन्होंने शराब के ठेके खोलने और स्कूल बंद करने की नीति की आलोचना की। बिजली के निजीकरण पर चिंता जताते हुए उन्होंने आगरा की टोरंटो कंपनी और नोएडा का उदाहरण दिया। टिकैत ने भूमि अधिग्रहण कानून को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कर्नाटक के 13 गांवों में एयरपोर्ट के लिए जबरन भूमि अधिग्रहण का मुद्दा उठाया। किसान नेता ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार पूंजीपतियों की हितैषी है। उन्होंने एनजीटी के 10 साल पुराने वाहनों पर प्रतिबंध के नियम को भी पूंजीवाद को बढ़ावा देने वाला बताया। आगामी कार्यक्रमों के बारे में टिकैत ने बताया कि 30 जुलाई को कुछ स्थानों पर मीटिंग होगी। उन्होंने कांवड़ यात्रा को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही कहा कि आने वाले समय में देशभर में बड़ी मीटिंग आयोजित की जाएंगी।

## दूध व्यापारी का हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल,एसपी ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 7 जुलाई को हुई दूध व्यापारी विपिन की हत्या का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। आरोपी रामवीर उर्फ भूरा मुठभेड़ के दौरान घायल हुआ। वह मृतक विपिन के गांव संतोषपुर का ही रहने वाला है।

पुलिस पूछताछ में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ। रामवीर ने बताया कि उसने और विपिन ने मिलकर एक व्यक्ति की हत्या के लिए सुपारी ली थी। सुपारी के पैसे विपिन के पास थे। विपिन पैसे देने से मना कर रहा था। इसी कारण रामवीर ने अपने साथियों के साथ मिलकर विपिन की हत्या की योजना बनाई। घटना की रात विपिन बागपत से दूध बेचकर घर लौट रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने उसकी



गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक के पिता इंद्राज की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। एसपी सूरज कुमार राय ने घटना की जांच के लिए दो टीमें गठित की थीं। बागपत की सर्विलांस टीम और शहर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाघु रोड पर चेकिंग के दौरान आरोपी को पकड़ा। भागने की कोशिश में वह पुलिस की गोली से घायल हो गया। आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। इस हत्याकांड में शामिल रामवीर के दो साथी अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार चेकिंग अभियान चला रही है।

### एक नजर

## विद्यार्थियों ने शिव की महिमा का गुणगान कर किया भजन कीर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के मलकपुर रोड़ स्थित डिवाइन ग्लोबल एकेडमी के निकट छपरौली मार्ग पर श्रीशिव गुरुकुल स्वाधालय केंद्र पर सावन माह के तीसरे दिन शनिवार को गुरुकुल के विद्यार्थियों ने शिव की महिमा का गुणगान करते हुए भजन कीर्तन किया जिसमें गुरुकुल के संस्थापक आचार्य संदीप गौतम ने सभी विद्यार्थियों को पूजा अर्चना कराते हुए शिव पार्वती के बारे में जानकारी विद्यार्थियों को भी इससे पूर्व में सभी विद्यार्थियों ने सुबह सवेरे गुरुकुल में यज्ञ हवन किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गुरुकुल के संस्थापक पंडित आचार्य संदीप गौतम ने कहा कि सावन माह में शिव का गुणगान करने से शिव पार्वती प्रसन्न होते हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आहवान किया कि जनपद बागपत के सभी समाजसेवी सावन के माह में अपने घर में रुद्राभिषेक जरूर से जरूर कारण रुद्राभिषेक घर में करने से परिवार के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं जो सच्चे मन से अपने घर में रुद्राभिषेक करता है। उसे घर में सुख संपत्ति प्रवेश होती है। शिवरात्रि पर सावन माह में जप पूजा और पाठ का फल चार पहर की पूजा के बराबर होता है। वैसे तो पूरे साल में 12 शिवरात्रि होती है यानी कि हर माह में शिव तेरस के दिन मासिक शिवरात्रि होती है। किंतू सावन माह की महाशिवरात्रि पर शिव का गुणगान करने व जलाभिषेक करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। इसीलिए हम सबको शिव का गुणगान करते रहना चाहिए। यज्ञ हवन में आहुतियां देने वाले विद्यार्थियों में मनीष पंडित वरुण पंडित सार्थक पंडित आर्यन पंडित कार्तिक पंडित अनंत वेद आचार्य।पंडित श्याम वशिष्ठ के अलावा काफी संख्या में गुरुकुल के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## अज्ञात व्यक्ति का जंगल में पड़ा मिला शव, पुलिस कर रही शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** कोतवाली क्षेत्र के बावली गांव में एक अज्ञात व्यक्ति का जंगल में शव पड़ा मिला जिसके शरीर पर चोट के काफी निशान थे। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल ने बताया कि ऐसा प्रतीक हो रहा है की मारपीट करके गले में फांसी लगाकर कहीं बाहर से लाकर इसे बावली जंगल के गांव में फेंका गया हो जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन द्वारा मीडिया को दे दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई। हैसीयूजी नंबर 9454 40 2961 पर जानकारी मिले तो थाना बड़ौत के सूचित करने की कृपा करें।

## हरिद्वार व गोमुख से गंगाजल लेकर अपनी मंजिल की तरफ बढनें लगे शिवभक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** गंगाजल लेकर कांवड़िए निकल चुके हैं और भगवान शिव के जयकारे गूंज रहे हैं। कांवड़िए भी गंगाजल लेकर अपनी मंजिल की तरफ बढ़ रहे हैं और हर कोई उनका स्वागत करने के लिए घरों से बाहर आ रहा है। सावन माह शुरू होते ही कांवड़ियों की संख्या भी बढ़ने लगी है। हरिद्वार व गोमुख से कांवड़िए बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग से राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा की तरफ रवाना हो रहे हैं। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़िए हर-हर महाद.व, बोल बम-बम के जयघोष के साथ नाचते-गाते शिवालयों की तरफ बढ़ रहे हैं। मार्ग भी भोले की जयघोष से भक्तिमय होते जा रहे हैं। क्षेत्र के लोग भी कांवड़ियों की सेवा करने में जुटे हैं और उनका स्वागत कर रहे हैं। वहीं आदर्श नंगला गांव निवासी कांवड़ियां गगन राम मेहर



शर्मा आचार्य गोविंद सिंह भारद्वाज पंडित सुखपाल सिंह भारद्वाज राजू भारद्वाज पंडित सुखबीर भारद्वाज सुरेंद्र भारद्वाज आचार्य ओमवीर सिंह भारद्वाज ने कहा कि गाय माता को राष्ट्रीय गाय माता का दर्जा केंद्र सरकार द्वारा दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि दिल्ली में सावन के बाद गौ माता को राष्ट्रीय गौ माता घोषित करने की मांग को लेकर एक सम्मेलन बुलाया जाएगा जिसमें दूर दराज तक के लोग इस सम्मेलन में भाग लेंगे। हिंदू संस्कृति के अनुसार हमारे देश में गाय को परम पूजने कहा जाता है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले शिव भक्तों ने मीडिया के सामने अपने बयान जारी किये। 121 लीटर गंगाजल लेकर भड़ल पहुंचे गौ सेवक शिव भक्तों ने। कहा कि तब तक गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए। दिल्ली के नरेला निवासी संदीप मुखिया धर्मेंद्र प्रधान राजीव प्रधान सत्येंद्र कश्यप रवि कश्यप मनोज गुप्ता सतेंद्र गुप्ता, आकाश व विपिन ने बताया कि परिवार में सुख शांति व सरकारी नौकरी के लिए कांवड़ लेकर आए हैं और भगवान शिव भी अपने भक्तों की मनोकामना पूरा करते हैं। शिव के भक्तों ने बताया कि सावन माह में शिव भोले की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और मनुष्य द्वारा किए गए पापों का अंत होता है। सभी शिव भक्तों ने गाय को राष्ट्रीय राष्ट्र माता का दर्जा दिलाए जाने की मांग केंद्र सरकार से की है। गौ माता की जय, जयकारा वीर बजरंगे हर हर महादेव, बोल बम बोल बम के जयकारे लगाते हुए सभी शिव भक्त अपने अपने शिवालय की तरफ अपनी टीम के साथ चल रहे थे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चलाया अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन श्रावण मास की शिवरात्रि को देखते हुए परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले के देखते हुए खाध सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने पुरा महादेव मंदिर परिसर मे संचालित कैंटीन का निरीक्षण कर रेट लिस्ट,फूड सेफ्टी कनेक्ट एप तथा खाद्य लाइसेंस चस्पा कराया गया तथा मंदिर परिसर में संचालित भंडारों के संचालकों एवं खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा के मानकों से अवगत कराते हुए खाद्य पदार्थों को स्वच्छता से तैयार करने एवं वितरित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मौके पर उपस्थित आम जनमानस को भी खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। खाद्य सुरक्षा टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) डी.पी.सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी यज्ञ दत्त आर्य मौके पर उपस्थित रहे।

## पुरा महादेव मंदिर के दर्शन के लिए बस सेवा कराई जाएगी उपलब्ध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** माँ वैष्णो देवी सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर सामाजिक एवं धार्मिक सेवा के उद्देश्य से एक विशेष पहल की जा रही है। संस्था द्वारा सावन माह के चारों सोमवार को श्रद्धालुओं को प्राचीन पुरा महादेव मंदिर के दर्शन हेतु विशेष बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके लिए सभी बसे बड़ौत नगर की संजय मूर्ति से प्रात:05 बजे प्रस्थान करेगी। इस बस सेवा के माध्यम से श्रद्धालुओं को सुविधा पूर्वक मंदिर तक पहुँचाया जाएगा और उन्हें शिव के पवित्र दर्शन का लाभ प्राप्त होगा। इस सेवा का विशेष पहलू यह है कि बस सेवा केवल नाम मात्र के किराये पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे सभी वर्गों के श्रद्धालु इसका लाभ उठा सकें। संस्था के संस्थापक बॉबी गुप्ता ने बताया कि यह सेवा श्रद्धालुओं की आस्था, श्रद्धा और जनसेवा को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ की जा रही है, जिससे जनपद व आसपास के श्रद्धालुओं को सुलभ और सुरक्षित दर्शन की सुविधा मिले। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा हेतु सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। इच्छुक श्रद्धालु समय से पूर्व पंजीकरण कराकर अपनी सीट आरक्षित करवा सकते हैं। इस अवसर पर बॉबी गुप्ता संस्थापक। योगेंद्र गुप्ता अध्यक्ष सचिन गुप्ता कोषाध्यक्ष शुभम गुप्ता दीपांशु गुप्ता वरिष्ठ समाजसेवी प्रियांश गुप्ता आदि लोगों ने बैठक करके यह जानकारी देते हुए कहा कि पुरा महादेव मंदिर में शिवरात्रि पर शिव भक्तों को दर्शन करने का कार्य किया जाएगा।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र विकास शर्मा व पुत्रवधू अंजू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। कृष्णपाल शर्मा पुत्र स्व.हुकमचन्द निवासी आजाद नगर बडौत तहसील व थाना बडौत जनपद बागपत।

## विद्याज्ञान स्कूल बुलंदशहर में हुआ मौ.हारिश व रौनक का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** ब्लॉक के अंतर्गत संचा. लित पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय असारा कंपोजिट के लिए गौरव का क्षण तब आया जब विद्यालय के दो मेधावी छात्रों का चयन विद्याज्ञान स्कूल बुलंदशहर में हुआ। छात्र मोहम्मद हारिश और छात्रा रौनक ने अपनी प्रतिभा के दम पर वर्ष 2025 में क्रमश: कक्षा 6 और 9 में प्रवेश के लिए सफलता हासिल की।




विशेष बात यह रही कि मो. हारिश ने विद्याज्ञान प्रतियोगिता में मेरठ मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। उसकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाध्यापक समेत समस्त शिक्षकों ने मो. हारिश व रौनक का भव्य स्वागत करते हुए सम्मानस्वरूप ट्रॉफी भेंट की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाध्यापक ने इस अवसर पर कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की मेहनत, शिक्षकों की लगन और छात्रों के परिश्रम का फल है। उन्होंने कहा कि इस तरह की उपलब्धियाँ सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता और प्रतिभा को दर्शाती हैं। ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों द्वारा इस स्तर की सफलता प्राप्त करना निश्चित ही अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

## विश्व पेपर बैग दिवस पर नगरपालिका में शपथ समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को विश्व पेपर बैग दिवस के अवसर पर नगरपालि. का परिषद बागपत में एक शपथ समारोह का कार्यक्राम आयोजित किया गया। इस दौरान प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरुक है और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने शपथ ली कि हम प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करेंगे और इसके बजाय पेपर बैग जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्प को अपनाने का संकल्प लेते है। हम पेपर बैग के उपयोग को बढ़ावा देकर और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे दैनिक जीवन में पेपर बैग का अधिक से अधिक उपयोग हो। हम इस शपथ को अपने जीवन अभिनंदन अंग बने के और



एक स्वच्छ स्वस्थ और हरित भविष्य के निर्माण में अपना योगदान देंगे और साथ ही में निकाय सीमा अंतर्गत नगर की मुख्य मार्केटों में पॉलीथिन जब्त अभियान चलाया गया है। शपथ समारोह में लिपिक, सोनम यादव, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी आदित्य नारायण, जियोस्टेट मुकुल सैनी, कंप्यूटर ऑपरेटर बुशरा मलिक एवं निकाय के अन्य समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## माता-पिता को भगवान मानकर उनका आदर सत्कार करना चाहिए:महंत महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के ग्राम गढ़ीना में बाबा मोहन दास के परम शिष्य महंत मनजीत सिंह भगत द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर एक बहुत बड़े भंडारे और कथा का आयोजन किया गया।

इस दौरान काफी संख्या में शिवभक्त और लोगो ने भंडारे का आनन्द लिया। इस मौके पर कथा में गुरुजी ने मोबाइल के बारे में अपनी धारणा व्यक्त करते हुए कहा कि आज भले ही मोबाइल फोन द्वारा कितनी भी तरक्की कर ली गई हो किंतु सच्चाई यह है कि इस मोबाइल फोन ने देश की प्रगति में जहां योगदान दिया। वहीं युवाओं को अपनी दिशा से पूर्ण रूप से भटका दिया है। आज युवा मोबाइल फोन में पूर्ण रूप से डूबा हुआ है और जितने भी अनैतिक कार्य युवाओं द्वारा किए जा रहे हैं वह सब केवल मोबाइल फोन की देन है यहां तक की बहुत से युवा मोबाइल फोन में डूब कर आत्महत्या जैसा कदम भी उठा रहे हैं।

यह मोबाइल फोन जहां प्रगति में योगदान देता है। वहां युवाओं को भड़काने का भी कार्य कर रहा है। गुरुजी ने उपस्थित भक्तों से कहा कि प्रात: उठकर जहां मंदिर में जाकर पूजा करनी चाहिए। वहीं घर में मौजूद माता-पिता को भी भगवान मानकर उनका आदर सत्कार करना चाहिए। सरधना विधायक अतुल प्रधान ने भी गुरुजी का आशीर्वाद लिया और भक्त जनों को संबोधन करते हुए धर्म के प्रति जागरूक करने की बात कही। इस मौके पर बिट्टू राठी नरेंद्र महेंद्र पुष्पेंद्र प्रीति आशु संगीता आदि का योगदान रहा।

## ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी शिवभक्तों की सुविधा और सुरक्षा का रखें ध्यान: एएसपी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महाशिवरात्रि पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस बॉर्डर और कावड़ मार्गों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी रख रही है।

बागपत के ऐतिहासिक पुरा महाद.व मंदिर पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। भड़ल चौकी, जो बागपत-मुजफ्फरनगर बॉर्डर पर स्थित है, वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। यह चौकी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी मार्ग से शिव भक्त बागपत होते हुए हरियाणा और राजस्थान के शिवालयों की यात्रा करते हैं। एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार की देर रात भड़ल चौकी का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे शिव भक्तों की सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखें। साथ ही गाइडलाइन का पालन करें और असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। कावड़ मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# चारा मशीन में करंट आने से महिला की मौत

## आंगन में झाड़ू लगाते समय हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र के गांव पेलखा में शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक 60 वर्षीय महिला की चारा काटने वाली मशीन में उतरे करंट की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा घर के आंगन में झाड़ू लगाने के दौरान हुआ। परिजनों ने बिना किसी पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पेलखा गांव निवासी कमलेश (60) पत्नी जयकुमार शर्मा शनिवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थीं। झाड़ू लगाते समय वह पास में रखी चारा काटने की मशीन के पास पहुंचीं और अनजाने में मशीन के मोटर को छू लिया। बताया गया कि मोटर में तेज करंट उतर रहा था, जिससे कमलेश वहीं चिपक गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। करंट के झटके इतने तीव्र थे कि महिला आवाज भी नहीं निकाल सकी।

काफी देर बाद घर की अन्य महिलाएं जब आंगन में पहुंचीं तो उन्होंने कमलेश को अचेत अवस्था में पाया और शोर मचाया। आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और बिजली आपूर्ति बंद कर किसी तरह महिला को मशीन से अलग किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कमलेश की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की मानें तो हादसे के समय घर पर सिर्फ महिलाएं थीं, जबकि कमलेश के तीनों बेटे काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। सूचना न मिलने के चलते किसी भी स्तर पर कोई पुलिसिया कार्रवाई नहीं हो सकी और परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# एडीजी ने कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को एडीजी भानु भास्कर ने शामली पहुंचकर कांवड मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कांवड मार्ग से अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने और पुलिस डयूटी का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए है।



एडीजी मेरठ जोन शनिवार को कांवड मार्ग का जायजा लेने के लिए शामली पहुंचे। जहां उन्होने लालूखेडी से लेकर हरियाणा बोर्डर तक कांवड मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि कांवड मार्ग पर किसी भी प्रकार का कोई अतिक्रमण न हो। कांवड मार्ग पर लगाई गई पुलिस डयूटी पर किसी प्रकार की लापरवाही न हो। कांवड मार्ग पर जहां जहां रूट डायवर्जन किया गया वहां पर पुलिस डयूटी आवश्य लगाई जाए। इस दौरान एसपी रामसेवक गौतम ने उनको शहर के शिव चौक, कैराना रोड, का भी भ्रमण कराया।

एडीजी ने कांवड सेवा शिविरों में भी समय समय पर गश्त करने के निर्देश दिए है। मौके पर एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य आदि मौजूद रहे।

# चलती कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक चलती कार में अचानक आग लग गई। गाजियाबाद निवासी महेन्द्र कपूर, जो थाना भवन क्षेत्र के दिव्या पब्लिक स्कूल में कार्यरत हैं, साप्ताहिक अवकाश पर अपने घर गाजियाबाद जा रहे थे। तभी हरड़ गांव के पास उनकी प10 कार का टायर पंचर हो गया।टायर पंचर होने पर महेन्द्र कपूर कार को मोड़कर वापस थाना भवन में पंचर लगवाने के लिए आ रहे थे।



इसी दौरान जब वह हरड़ और थाना भवन के बीच पहुंचे तो अचानक कार से धुंआ निकलने लगा और देखते ही देखते कार में भयंकर आग लग गई।महेन्द्र कपूर ने तत्काल सूझबूझ का परिचय देते हुए कार की खिड़की खोलकर खुद को बाहर निकाला और अपनी जान बचाई। घटना की सूचना तत्काल थाना भवन पुलिस को दी गई।

पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को सूचित किया गया, लेकिन जब तक दमकल वाहन मौके पर पहुंचता, तब तक कार लगभग 80 प्रतिशत जल चुकी थी।दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

# छात्राओं को डेंटल किट दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के जैन कन्या इंटर कालेज में रोटरी क्लब शामली द्वारा नए सत्र मे प्रथम डेंटल कैंप का आयोजन किया। कैम्प का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार जैन द्वारा किया गया। कैम्प में छात्राओं के दांतों का परीक्षण रोटरी क्लब शामली के सचिव शामली के प्रसिद्द दंत विशेषज्ञ डॉ। मनीष गर्ग द्वारा किया गया।इस स्वास्थ्य शिविर में प्राथमिक कक्षाओं की 135 छात्राओं का नि:शुल्क डेंटल चेकअप किया गया। साथ ही सभी छात्राओं को डेंटल किट एवं स्टेशनरी किट वितरित की गई।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष नवनीत जैन, कोषाध्यक्ष आकाश गुप्ता, प्रोजेक्ट चेयरमैन राजेश बंसल एवं अमर जैन का विशेष योगदान सराहनीय रहा। मौके पर राजीव जैन, रुचिर गर्ग, पारस जैन, अमित जैन, सचिन जैन, डा। मृदुला जैन आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत झिंझाना चेयरमेन का कारनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के मोहल्ला माजरा में नगर पंचायत द्वारा सड़क का नवीनीकरण कराया जा रहा है। कस्बे के लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत के कर्मी ठेकेदार के कार्य को सरल बनाने में लगे हुए। नगर पंचायत की ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी तथा अन्य सामग्री सड़क पर डाली जा रही है।

शनिवार को नगर पंचायत के ट्रैक्टर ट्राली से मोहल्ला माजरा स्थिति बन रही सड़क पर मिट्टी तथा अन्य सामग्री डालते नजर आए। कस्बे के लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर आरोप लगाया कि वह ठेकेदार से मिलकर उसकी मदद कर रहा है, जबकि नियम अनुसार नगर पंचायत द्वारा उक्त सड़क का टेंडर किया हुआ है।



जिसको बनाने तथा मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी ठेकेदार की है, लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप सरकारी ट्रैक्टर ट्राली तथा सफाई कर्मियों से ठेकेदार के काम को आसान करने में लगे हुए हैं। चौयरमेन की मेहरबानी कहो या पैसे कमाने का धंधा, जो भी हो पर ठेकेदार की चांदी हो रही है। चौयरमेन के घर के सामने बन रही सड़क पर ठेकेदार की सेवा मे नगर पंचायत का अमला लगा हुआ है। नगर पंचायत की ट्रेक्टर ट्राली का इस्तेमाल सिर्फ नगर पंचायत के कार्य में ही किया जा सकता है ना की ठेकेदारों के लिए। कस्बे के लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत के तेल से ट्रैक्टर क्यो कर चलाया जा रहा है।

जिस ड्राइवर द्वारा ट्रैक्टर ट्राली चलाई जा रही उस की तनख्वाह भी नगर पंचायत दे रही है।जो नगर पंचायत मे सफाईकर्मी के पद पर तैनात है। अधिकारी मौन या सब देख कर नजर अन्दाज किया जा रहा। अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### बिजली घर पर तैनात संविदा कर्मी पर मनमानी और वसूली के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र के गांव दुल्लाखेड़ी में बिजली घर पर तैनात संविदा कर्मी की कार्यशैली से आक्रोशित ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता प्रथम तल शामली को शिकायती पत्र सौंपकर शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजलीघर पर तैनात सन्नी नामक संविदा कर्मी खुद को जेई बताकर उपभोक्ताओं से मनमानी वसूली करता है। ग्रामीणों राशिद, वासिद, लोकेन्द्र, दीपक, बालेश्वर, अंकित, शौकिन चौहान आदि ने बताया कि सन्नी कभी नया कनेक्शन देने के नाम पर, तो कभी मीटर खराब होने की बात कहकर अवैध रूप से पैसे वसूलता है। यहां तक कि बिल जमा करने पर भी हर बार 600रूपए आईडी के नाम पर वसूले जाते हैं। आरोप है कि वह बिना किसी अनुमति के उपभोक्ताओं के बिजली मीटरों को मनमर्जी से बदल देता है। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और बिजली व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।

### स्कूल में किया वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शामली नगर इकाई थानाभवन में स्थापना दिवस के उपलक्ष में एसएफडी के माध्यम से अर्पण पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया गया। इस दौरान पौधों की देखभाल करने का भी संकल्प लिया गया। जिसमें विद्यालय के एमडी अर्पण सैनी, तनीषा आहूजा, विशाल शर्मा, एसएफडी संयोजक सूरज आहूजा मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम लगाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत छात्राओं की माताएं आज कॉलेज में आई और उन्होने अपनी पुत्रियों के साथ कॉलेज में पौधोरोपण किया। पौधारोपण के समय माताओं ने कहा कि हमे खुशी है कि पहली बार हमारे नाम पर कॉलेज में पौधे लगाए जा रहे है। हम अपनी पुत्रियों को इस बात के लिए प्रेरित करेंगी कि वे इन पौधो का ध्यान रखे और इनको पानी तथा खाद आदि का नियमित रूप से ध्यान रखें। आज के पौधारोपण कार्यक्रम में परी बालियान, रानी, सुहाना, सना, तान्या, अलीना, डिम्पल छात्राओं ने पौधारोपण किया। छात्राओं ने भी पौधे लगाने पर बहुत खुशी जाहिर की। उन्होने कहा कि हम इन पौधो का ध्यान रखेंगे और इनको सूखने नही देगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, अनिल कश्यप, रामनाथ, शिव कुमार, फूल कुमार, प्रसून भार्गव, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल, सुमन शर्मा, पूनम देवी, जौली गर्ग, श्रेणी वर्मा आदि मौजूद रहे।

### डेंटल चेकअप कैंप का सफल आयोजन

**शामली।** शनिवार को लायंस क्लब शामली सिनर्जी द्वारा शहर के हनुमान रोड स्थित वर्मा डेंटल क्लिनिक में एक निशुल्क डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 64 मरीजों के दांतों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श व प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। कैंप का उद्घाटन पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने फीता काटकर किया। उन्होंने क्लब द्वारा किए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर डॉ। अर्जुन वर्मा, क्लब अध्यक्ष डॉ। अजय वर्मा, सचिव रुचिर सांगल, कोषाध्यक्ष निशांत गर्ग, एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन शिवम विश्वकर्मा रहे।



# लाला लाजपत राय में की गई लेखन प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थाना भवन में भारत मानक ब्यूरो द्वारा लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्ड्स शीर्षक के अंतर्गत एक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विज्ञान वर्ग के लगभग 57 छात्रों ने जो की भारत मानक ब्युरौ में सम्मिलित हैं भाग लिया। इन सभी छात्रों में से दो छात्रों अनुभव सैनी और सौरभ को प्रथम पुरस्कार नकद एक एक हजार रूपए प्रत्एक को, मोहित कुमार और जोगिंद्र को द्वितीया पुरस्कार नकद साढ़े सात सौ,साढ़े सात सौ रूपए प्रत्एक को कन्हैया और अंकित को तृतीया पुरस्कार नकद पांच पांच सौ रूपए प्रत्एक को तथा राहुल और हर्षित कुमार को चतुर्थ पुरस्कार नकद ढाई सौ रूपये प्रत्एक को दिया गया। भारत मानक ब्यूरो से रिसोर्स पर्सन आशीष वर्मा द्वारा भारत मानक ब्यूरो तथा विभिन्न उत्पादों संबंधित जानकारी बच्चों को दी तथा विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता को परखने तथा असली नकली की पहचान करने के लिए विस्तृत जानकारी छात्रों को दी और भारत मानक ब्युरौ की ऐप के बारे में बताया कि किस तरीके से हम भारत मानक ब्युरौ एप्लीकेशन के द्वारा विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता की जांच कर सकते हैं इसी के साथ ही प्रधानचार्य चंदेश्वर प्रसाद जी द्वारा भारत मानक ब्युरौ के विषय में बच्चों को विशेष जानकारी दी भारत मानक ब्युरौ के मेंटर प्रवक्ता प्रेम प्रकाश द्वारा विद्यालय में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



उन्होनें बच्चों को भारत मानक ब्युरौ के बारे में विशेष जानकारी देते हुए टीम के साथ मिलकर प्रथम द्वितीय,तृतीया तथा चतुर्थ विजेताओं का नाम घोषित किया तथा विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया एवम अन्य छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक नोटबुक,रजिस्टर तथा दो पेन किट दी गई इसी के साथ सभी बच्चों को रिफेशमेंट भी दिया गया। इस कार्यक्रम में अन्य शिक्षक क्रमश लो. केश कुमार,कृपाशंकर सिंह, सुरेंद्र नाथ आदि उपस्थित रहे।

# सुंदरकांड में दिव्य योगी राज राजेश्वर सिंह ने दिया प्रवचन

**थानाभवन।** मौहल्ला हकीमान में 107 वे सुन्दर काण्ड पाठ के अवसर पर प्रवचन करते हुए दिव्य योगी राज राजेश्वर सिंह ने कहा सुन्दर काण्ड व्यक्ति के मनोबल को बढ़ाता है और उसे अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। सुंदरकांड में हनुमान जी की सीता माता की खोज और लंका दहन जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं का वर्णन है, जो सफलता का प्रतीक है। सुंदरकांड का पाठ नकारात्मक शक्तियों को दूर करता है और घर में सकारात्मक को प्रदान करता है।सुन्दर काण्ड जीवन के सभी प्रकार के कष्टों को दूर कर, सुख और समृद्धि प्रदान करता है।

सुन्दर काण्ड करने वाले का विश्वास बढ़ा प्रबल हो जाता है,विश्वास कई प्रकार का हो सकता हैं, जैसे कि किसी व्यक्ति पर विश्वास, किसी विचार पर विश्वास, या किसी सिद्धांत पर विश्वास,प्रभु पर विश्वास,अपने कर्म पर विश्वास।यह जीवन के कई पहलुओं में महत्वपूर्ण है। यह हमें प्रेरित करता है, हमें सुरक्षा का एहसास कराता है, और हमें लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। विश्वास का हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। जब हम किसी चीज में विश्वास करते हैं, तो हम उसके लिए प्रयास करने और उसे प्राप्त करने की अधिक संभावना रखते हैं। विश्वास और कर्म एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर रूबी जिंदल,संदीप जिंदल,हर्ष,अनामिका ,सन्नी जिंदल,युवराज, श्वेता अविनाश आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नेताओं को बनाया जोन प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश के लिए तीन वरिष्ठ नेताओं पूर्व मंत्री दीपक कुमार, संजय कपूर और पूर्व सांसद दानिश अली को जोन प्रभारी नियुक्त किया है। इनके मनोनयन की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है।



शनिवार को शहर के बलभद्र मंदिर स्थित पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के आवास पर कांग्रेसियों की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शामली जनपद के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से इन नेताओं को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी गई हैं। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि साफ-सुथरी छवि, अनुभव और जनसरोकार से जुड़े इन नेताओं के नेतृत्व में पश्चिम उत्तर प्रदेश में कांग्रेस संगठन और भी मजबूत होगा। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने इस नई नियुक्ति के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमैटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि यह निर्णय कांग्रेस के संगठनात्मक सु.ढ़ीकरण और जनसंघर्ष की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बाबूखान, वैभव गर्ग, प्रवीण तरार,ठाकुर लाखन सिंह, ओमवीर उपाध्याय,योगेश भारद्वाज, रविन्द्र आर्य, सोहिल धीमान, विश्वनाथ शास्त्री, अमित डिंपल शर्मा, शेखरपाल, सुरेन्द्र सरोहा, विजेन्द्र पाल वर्मा, सुरेश पाल सैनी और अन्य सम्मानित कांग्रेसजन उपस्थित रहे ।

# विद्यालय की छात्रा रितिका वर्मा का किया स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी की मेधावी छात्रा कुमारी रितिका वर्मा ने ऑल इंडिया नीट परीक्षा 2025 में 99।77 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय, शिक्षकों और अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है। शनिवार को विद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें रितिका वर्मा और उनके माता-पिता को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के चेयरमैन सुनील गोयल, वाईस चेयरमैन शिखर गोयल व डायरेक्टर प्रियांक गोयल, तथा प्रधानाचार्या अनीता सिवाच ने रितिका को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### अवैध चाकू सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**थानाभवन।** जानकारी के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थानाभवन पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से दो अवैध चाकू बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान लाखन उर्फ लाखा पुत्र राजकुमार, निवासी ग्राम भाव्सी रामपुर, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर दीपक पुत्र सोमपत, निवासी मोहल्ला अफगानान, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक विपिन कुमार हेड कांस्टेबल विजय हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार कांस्टेबल पंकज शर्मा शामिल रहे।

# बल्लामाजरा पीएम विद्यालय में शिक्षक पर लगा दोबारा आरोप

## शिक्षक बोले- फैसला न मानने पर रची गई साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बल्लामाजरा के पीएम विद्यालय में छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में घिरे शिक्षक सुनील सागर ने खुद को बेगुनाह बताते हुए पूरे प्रकरण को एक साजिश करार दिया है। उनका कहना है कि वर्ष 2024 में भी उन्हीं लोगों ने एक झूठी कहानी गढ़ी थी और अब जब उन्होंने पुराने मुकदमे में समझौता करने से इनकार किया, तो उसी साजिश को दोबारा दोहराया जा रहा है।

**पुरानी रंजिश से जोड़कर बताया गया षड्यंत्र**

मेरठ निवासी सहायक अध्यापक सुनील सागर को 16 जून 2025 को बल्लामाजरा विद्यालय में दोबारा नियुक्त किया गया था। तैनाती के एक माह बाद ही दोबारा आरोप लगाए गए हैं। सुनील का कहना है कि यह सब उन्हें बदनाम करने और मानसिक दबाव में लाने के लिए किया जा रहा है। वे पहले ही जिलाधिकारी, विभागीय अधिकारियों और पुलिस को पत्र लिखकर इस षडङंत्र की आशंका जता चुके हैं।

**शिक्षामित्र पर लगाया साजिश रचने का आरोप**

सुनील सागर ने वर्ष 2024 में ही जिलाधिकारी को पत्र देकर आरोप लगाया था कि विद्यालय में तैनात एक शिक्षामित्र धार्मिक विचारधारा से प्रेरित होकर छात्राओं से झूठे आरोप लगवा रहा है। उस समय भी बिना किसी ठोस प्रमाण के उन्हें अस्थाई रूप से थानाभवन भेज दिया गया था। अब फिर उसी पटकथा को दोहराया जा रहा है।

**सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से किया किनारा**

हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को लेकर भी सुनील सागर ने सफाई दी है। उनका कहना है कि वीडियो से उनका कोई लेना-देना नहीं है और यह पूरी तरह से गलत तरीके से जोड़ा जा रहा है। हमेरे साथ एक पुराने मुकदमे में फैसला मानने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। जब मैंने मना किया, तो यह झूठी शिकायत सामने आई।

चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया तहरीर मिली है जांच हो रही है।

# व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर सख्त दिखे प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ी पुख्ता।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वे शुक्रवार को कस्बे की अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित व्यापारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सितंबर में गाजियाबाद में होने वाले प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर उनका तीन माह का प्रदेशव्यापी दौरा जारी है, जिसके अंतर्गत वे गढ़ी पुख्ता पहुंचे।



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज का व्यापारी केवल करदाता ही नहीं, बल्कि देश की आर्थिक रीढ़ है, इसलिए उसकी सुरक्षा और सामाजिक सम्मान बेहद जरूरी है। उन्होंने सरकार से व्यापारियों के लिए पेंशन योजना लागू करने, उनके स्टॉक का बीमा कराने और रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुओं पर जीएसटी स्लैब को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने की मांग की। उन्होंने वित्त मंत्री से जीएसटी प्रणाली के सरलीकरण का भी अनुरोध किया।

प्रदेश संगठन महामंत्री सुभाष जी मैन ने व्यापारियों से संगठन के प्रति एकजुट रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष नीरज जैन ने की और संचालन भी उन्हीं के द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नरेश गोयल को आगामी चार वर्षों के लिए कस्बा अध्यक्ष, अशोक वर्मा को महामंत्री तथा ऋषभ जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया।इस अवसर पर प्रदेश सचिव राजेंद्र शर्मा, नरोत्तम गर्ग, टेकचंद मित्तल, अंकुज चौधरी, अली हसन अंसारी, हाजी निसार, पंकज गोयल, मुकेश गोयल, सरवन गोयल, सुदेश जैन, दीपक जैन, रॉबिन मित्तल, नमन अरोड़ा, सुभाष सैनी, अंकित संगल, ललित संगल, बबलू भटनागर, अनु शर्मा, सावेज, मुरसलीन सैयद, सुनील अरोड़ा, विवेक अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

# बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय

**● रूट के टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच, गिल के सीरीज में 600 रन पूरे**

**लाड्र्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुल. कर ट्राफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लाड्र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। जसप्रीत बुमराह देश से बाहर टेस्ट में सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। वहीं शुभमन गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। जो रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने। वहीं। बुमराह के 450 विकेट पूरे जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में बेन स्टोक्स का विकेट लेने के साथ ही इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 450 विकेट पूरे कर लिए। बुमराह के नाम टेस्ट में 215, वनडे में 149 और टी-20 में 89 विकेट हैं। बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट भी लिए। टेस्ट में उन्होंने 15वीं बार 5-विकेट लिए। यह घर से बाहर उनका 13वीं बार 5-विकेट हाल रहा।

बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय बने। उन्होंने कपिल देव का रिकार्ड तोड़ा, जिनके नाम 12 बार 5-विकेट लेने का रिकार्ड था। रूट ने भारत के खिलाफ 11वां टेस्ट शतक लगाया इंग्लैंड के सबसे सफल बैटर जो रूट ने शतक लगा दिया। यह टेस्ट में उनका 37वां शतक रहा, इस मामले में उन्होंने आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ा। जिनके नाम 36 टेस्ट शतक हैं। रूट ने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट सेंचुरी लगाने के मामले में स्मिथ



की बराबरी भी कर ली। दोनों के नाम 11-11 टेस्ट शतक हैं। बुमराह ने रूट को 15वीं बार आउट किया जो रूट को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड किया। इसी के साथ बुमराह इंटरनेशनल क्रिकेट में रूट को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 15वीं बार रूट को पवेलियन भेजा। बुमराह ने आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का रिकार्ड तोड़ा, जिन्होंने रूट को 14 बार पवेलियन भेजा है। रूट सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने जो रूट ने भारत की बैटिंग के दौरान करुण नायर का स्लिप में कैच पकड़ा।

इसी के साथ वे बतौर फील्डर टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बन गए। रूट ने भारत के ही राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 210 कैच थे। रूट के 211 कैच हो गए। जैमी स्मिथ सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले विकेटकीपर इंग्लैंड के विकेटकीपर जैमी स्मिथ सबसे कम गेंदों में एक हजार टेस्ट रन बनाने वाले विकेटकीपर बने। उन्होंने पाकिस्तान के सरफराज अहमद का रिकार्ड तोड़ा, जिन्होंने 1311 गेंदों में 1000 रन पूरे किए थे। स्मिथ ने 1303 गेंदों पर ही हजार रन बना लिए। शुभमन इंग्लैंड में 600 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय शुभमन गिल लाड्र्स टेस्ट की पहली पारी में 16 ही रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, उन्होंने इतने कम रन के बावजूद मौजूदा सीरीज में 600 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ शुभमन इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 प्लस रन बनाने वाले दूसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले 2002 में राहुल द्रविड़ 602 रन बना चुके हैं। गिल के नाम फिलहाल 601 रन हैं। गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन गए। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली का रिकार्ड तोड़ा। जिन्होंने 2018 में 593 रन बनाए थे।

# 'लॉड्र्स क्रिकेट का घर है, तो विंबलडन टेनिस का मक्का है': सचिन

**लंदन, वार्ता।** विंबलडन 2025 में सचिन तेंदुलकर ने विंबलडन में जाने के अपने अनुभव, टेनिस के दिग्गजों के प्रति अपनी प्रशंसा और क्रिकेट तथा टेनिस के बीच आश्चर्यजनक समानताओं को साझा किया। अपने जीवन में विंबलडन के महत्व पर सचिन ने कहा कि यह अविश्वसनीय है

। जैसे लोग कहते हैं कि लॉड्र्स क्रिकेट का घर है, वैसे ही यह टेनिस का मक्का है। मैं विंबलडन देखते हुए बड़ा हुआ हूं, और सात-आठ साल की उम्र से ही, जब मैंने टेनिस को थोड़ा-बहुत समझना शुरू किया, तब से मेरे लिए हमेशा विंबलडन सबसे पहले और फिर



बाकी ग्रैंड स्लैम ही रहे हैं। इसलिए मेरे लिए, यह सर्वश्रेष्ठ है। मैंने कई टेनिस खिलाड़ियों से बात की है, और वे सभी इस टूर्नामेंट को सबसे ऊपर मानते हैं। सचिन ने विंबलडन के प्रतिष्ठित माहौल और उसके आकर्षण पर कहा कि मुझे रॉयल बॉक्स खास तौर पर बहुत पसंद है-वहां का माहौल बेजोड़ है। बैठकर मैच देखने के लिए यह सबसे अच्छी जगह है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 टीम में किए बदलाव

**जिंकग्स्टन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने 21 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम में बदलाव करते हुए स्पेंसर जॉनसन और जोश हेजलवुड की जगह क्रमशः सलामी बल्लेबाज जेक फेजर-मैकगर्क और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को शामिल किया है। राष्ट्रीय अनुबंध से चूकने के बाद, फेजर-मैकगर्क अपनी शानदार फॉर्म को पीछे छोड़कर कैरेबियाई सरजमीं पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी करना चाहेंगे। हेजलवुड अगले महीने दक्षिण अफीका श्रृंखला की तैयारी के लिए स्वदेश लौटेंगे, जबकि जॉनसन अभी अपनी पीठ की चोट से उबर नहीं पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पिछले 14 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में से 12 जीते हैं और अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप से पहले अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की उम्मीद करेगा।

### पोलार्ड और पूरन की बदौलत मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क फाइनल में

**डालास, वार्ता।** मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने शुक्रवार को चैलेंजर्स में टेक्सास सुपर जिंकग्स को सात विकेट से हराकर मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने तीन साल में दूसरी बार मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश किया है। लेकिन इस बार पहले सात मैचों में छह हार झेलने के बाद। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर, स्मित पटेल और फाफ डु प्लेसिस ने सतर्क शुरुआत की। स्मित ने शुरुआती ओवर में कुछ चौके लगाए, लेकिन इसके अलावा उन्होंने संयमित स्ट्रोक्स खेले। चौथे ओवर में डु प्लेसिस ने तेजी से रन बनाना शुरू किया और ट्रिस्टन लुस की गेंद पर एक छक्का और एक चौका जड़ा।

# ऋषभ पंत ने की धोनी की बराबरी

**● पहली पारी में अर्धशतक लगाकर सेना देशों में सर्वाधिक बार 50, स्कोर करने वाले भारतीय विकेटकीपर बने**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज )षभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ लाड्र्स टेस्ट मैच के तीसरे दिन पहली पारी में अर्धशतक लगाया। पंत विकेटकीपिंग करने के दौरान चोटिल हो गए थे, लेकिन वह बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्होंने केएल राहुल का अच्छा साथ निभाया।

पंत ने छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। पंत का यह इंग्लैंड के खिलाफ छठा टेस्ट अर्धशतक है। पंत इसके साथ ही एक और उपलब्धि अपने नाम करने में सफल रहे। पंत अर्धशतक लगाने के साथ ही महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी पर पहुंच गए हैं। पंत सेना देशों यानी दक्षिण अफीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में



सबसे ज्यादा बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। पंत ने 53 पारियों में 13वीं ऐसा किया है, जबकि धोनी ने सेना देशों में 60 पारियों में 13 बार 50 प्लस स्कोर बनाया है।

इस मामले में तीसरे स्थान पर फारूख इंजीनियर हैं जिन्होंने 33 पारियों में सात बार और किरण मोरे ने 24 पारियों में पांच बाच ऐसा किया है। इतना ही नहीं पंत संयुक्त रूप से इंग्लैंड में सर्वाधिक बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले मेहमान टीम के बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में भी धोनी की बराबरी कर ली है। धोनी और पंत दोनों ने इंग्लैंड में आठ-आठ बार 50 प्लस स्कोर बनाए हैं। पंत का बल्ला इंग्लैंड में जमकर चल रहा है और वह इंग्लैंड में एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले मेहमान टीम के बल्लेबाज बन गए हैं। पंत अब तक इस दौरे पर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं और उन्होंने इस मामले में टाम ब्लंडेल को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने 2022 में 383 रन बनाए थे। वहीं, वेन फिलिप्स ने 1985 में एशेज सीरीज के दौरान 350 और महेंद्र सिंह धोनी ने 2014 में इंग्लैंड दौरे पर 349 रन बनाए थे। राहुल और पंत के बीच चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई है।

# जडेजा-रेड्डी ने भारत को 300 पार पहुंचाया

**● दोनों ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की, केएल राहुल 100 रन पर आउट हुए**

**लाड्र्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला लाड्र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। शनिवार को मुकाबले का तीसरा दिन है और आखिरी सेशन का खेल जारी है। टीम इंडिया ने पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 317 रन बना लिए हैं।

रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी क्रीज पर हैं। इससे पहले भारतीय ओपनर केएल राहुल 100 रन पर आउट हुए। टेस्ट क्रिकेट में 100वीं बार कोई बैटर 100 पर आउट हुआ है। जडेजा और रेड्डी के बीच नाबाद 63 रन की पार्टनरशिप हो चुकी है। टीम ने 254 के स्कोर पर 5वां विकेट गंवाया था।



केएल राहुल (100 रन) को शोएब बशीर ने हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। ऋषभ पंत लंच से ठीक पहले 74 रन बनाकर रनआउट हुए। भारत ने तीसरे दिन 145/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था। मुकाबले के दूसरे दिन इंग्लैंड की टीम 387 रन बनाकर ऑलआउट हुई। पंत इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट छक्के (36 छक्के) लगाने वाले बैटर बने। उन्होंने विवि रिचड्र्स के 34 छक्के का रिकॉर्ड तोड़ा है। तीसरे दिन का दूसरा सेशन भी भारतीय टीम के नाम रहा। 25.3 ओवर के इस सेशन में भारत ने एक विकेट खोकर 68 रन बनाए। टी-ब्रेक पर भारत का स्कोर 316/5 रहा। 90वें ओवर में बेन स्टोक्स की बाउंसर नीतीश कुमार रेड्डी के सिर पर लगी। 141 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड की बाल गुड लेंथ से अंदर आई और रेड्डी के कान के पास लगी, हालांकि फिजियो के निरीक्षण के बाद रेड्डी ने खेलना जारी रखा।

88वें ओवर में रवीद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स के ओवर की पहली बाल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 84वें ओवर में 4वीं बाल पर जडेजा ने एक रन दौड़कर टीम के लिए 300वां रन बनाया। भारतीय ओपनर केएल राहुल ने लाड्र्स में दूसरा शतक लगा दिया है। उन्होंने 67वें ओवर में जोफ आर्चर की बाल पर एक रन लिया और शतक पूरा किया। उन्होंने लाड्र्स स्टेडियम में दूसरा शतक लगाया। यह राहुल का टेस्ट में 10वां शतक है।

# अविनाश मोनाको डायमंड लीग स्टीपलचेज से हुए बाहर



**मोनाको, वार्ता।** एशियाई खेलों के चैंपियन और दो बार के ओलंपियन अविनाश साबले को शनिवार को मोनाको डायमंड लीग 2025 में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ के शुरुआती दौर में गिरने के बाद दौड़ से हटना पड़ा। स्टेड लुइस द्वितीय स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा कर रहे 30 वर्षीय भारतीय एथलीट ने दौड़ शुरू करने के एक मिनट से थोड़ा ज्यादा समय बाद ही पानी में कूदते समय एक अन्य प्रतियोगी का पैर फिसल जाने के कारण लड़खड़ाकर गिर पड़े। इस घटना के कारण सेबल को घायल अवस्था में ट्रैक से बाहर निकलना पड़ा और वह लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें दौड़ पूरी नहीं करने (डीएनएफ) का सामना करना पड़ा। उन्हें सहारा देकर स्थानीय चिकित्सा केंद्र ले जाया गया।

चोट की गंभीरता का पता नहीं चल पाया है। इस बीच एक अन्य भारतीय धावक अनिमेष कुजूर उसी स्थान पर आयोजित अंडर-23 वर्ग में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में पोडियम पर पहुं. चने से चूक गए। अनिमेष कुजूर 20-55 सेकंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया के उभरते सितारे गाउट गाउट ने 20-10 सेकंड के समय के साथ यह स्पर्धा जीती।

# इटली, नीदरलैंड ने किया क्वालीफाई

**● यह पहली बार है जब इटली ने किसी आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में जगह बनाई है**

**हेंग (स्विट्जरलैंड), वार्ता।** इटली और नीदरलैंड ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह पहली बार है जब इटली ने किसी आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में जगह बनाई है।

स्विट्जरलैंड के हेग में खेले गए क्वालीफायर मुकाबले में नीदरलैंड ने इटली को नौ विकेट से हराया, जबकि जर्सी ने स्कॉटलैंड को आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस हार के साथ स्कॉटलैंड पहली बार पुरुष टी-20 विश्वकप में जगह बनाने में नाकाम रहा। अंक तालिका में



इटली क्रिकेट टीम और जर्सी दोनों के पांच-पांच अंक थे, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के आधार पर इटली ने विश्वकप के मुख्य राउंड में अपनी जगह पक्की की। अब तक कुल 15 टीमें पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। ईस्ट-एशिया पैसिफिक क्वालीफायर से तीन और अफीका से दो टीमें मिलकर कुल 20 टीमों की अंतिम सूची पूरी करेंगी। इटली की क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित ओवरों में 7 विकेट गंवाकर 134 रन बनाए। इटली ओर से नंबर छह और सात स्थान पर बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बेन मानेनटी ने 30 और ग्रांट स्टुअर्ट ने 25 रन बनाए। नीदरलैंड के लिए रोएलोफ वैन डर मेर्व सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 15 रन देकर 3 विकेट लिए और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इटली के 134 रनों जवाब में, नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डाउड 47 और माइकल लेविट ने 34 रन बनाए। आठवें ओवर में लेविट का विकेट गिरा, जिसके बाद कप्तान स्कॉट एडवड्र्स (नाबाद 37) ने मैदान में कदम रखा और ओ'डाउड के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत के साथ टी-20 विश्वकप में जगह दिला दी। दिन के दूसरे मुकाबले में जर्सी ने पहली बार स्कॉटलैंड को हराया, लेकिन उनकी खुशी ज्यादा देर नहीं टिक पाई क्योंकि 15वें ओवर में उन्हें इटली द्वारा अपनी जगह पक्की करने की खबर मिली और इसके साथ ही वे नेट रन रेट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

### भारतीय बॉस्केटबॉल महिला एशिया कप में कल कजाकिस्तान से भिड़ेगी

**शेनझेन (चीन), वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम रविवार को चीन के शेनझेन बे स्पोर्ट्स सेंटर में फीबा महिला एशिया कप 2025 ग्रुप बी मुक. ाबले में कजकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फीबा महिला एशिया कप बॉस्केटबॉल के 31वें संस्करण में कुल 16 टीमें भाग लें रही है और उन्हें क्रमशः ग्रुप ए और बी में आठ-आठ देशों में विभाजित किया गया है। 2021 में रेलीगेशन के बाद 2023 में टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में भाग न लेने के बाद, भारत इस वर्ष के फीबा महिला एशिया कप में पूल बी में प्रतिस्पर्धा करेगा। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# अल्काराज विंबलडन के फाइनल में पहुंचे

## सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को हराया, सिनर से होगा खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने लगातार तीसरे साल विंबलडन मेंस सिंगल्स के फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के टेलर फिट्ज को हरा दिया। फाइनल में उनका सामना वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर से होगा। सिनर ने विंबलडन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराया।

मेंस सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर-5 फिट्ज के खिलाफ पहला सेट 6-4 से जीता। फिट्ज ने वापसी की और 7-5 से दूसरा सेट जीत लिया। तीसरे सेट में अल्काराज ने कमबैक किया और 6-3 से सेट जीतकर बढ़त बना ली। चौथे सेट में बराबरी की टक्कर दिखी, लेकिन अल्काराज



ने 7-6 (8-6) से आखिरी सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अल्काराज ने 2023 से लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने पिछले दोनों बार सर्बिया के नोवाक जोकोविच को ही खिताबी मुकाबला हराकर ट्राफी जीती थी। 2024 में मुकाबला 5 सेट तक चला, लेकिन 2023 में अल्काराच ने 3 सेट में ही खिताब जीत लिया। जोकोविच अब दूसरे सेमीफाइनल में सिनर को हराकर फाइनल में पहुंच सकते हैं। जोकोविच विंबलडन से बाहर जोकोविच को सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 सिनर ने सीधे सेट्स (6.3, 6.3, 6.4) से हराया। मैच के दौरान जोकोविच को पुरानी चोटों व उम्र के कारण कई कठिनाइयां झेलनी पड़ीं। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि उम्र का असर निश्चित रूप से टीम पर पड़ता रहा। विमेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी ने सेमीफाइनल जीता विमेंस डबल्स में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस और रूस की वेरोनिका कुडरमेटोवा की वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी ने फाइनल में जगह बना ली। दोनों ने सेमीफाइनल में अमेरिका की डिजायरे क्रजिक और आस्ट्रेलिया की ओलिविया गैडेकी की गैरवरीय जोड़ी को 3-6, 6-0, 6-3 के अंतर से हरा दिया। मेंस डबल्स के फाइनल में पहुंची गैरवरीय जोड़ी मेंस डबल्स के सेमीफाइनल मुक. ाबले भी 10 जुलाई को खेले गए।

### सीरीज के अंतिम मैच में मंधाना व श्री चरणी से उम्मीद

**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम में भारत महिला और इंग्लैंड महिला टीम के बीच शनिवार को टी20 सीरीज का अंतिम मैच भले ही सीरीज के समीकरण के लिहाज से खास मायने ना रखता हो लेकिन दोनों ही टीमें अंतिम मैच में जीत हासिल कर वनडे सीरीज का रुख जरूर करना चाहेंगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम पहले ही इंग्लैंड में ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीत हासिल कर चुकी है वहीं मेजबान इंग्लैंड की नजरें हार के अंतर को पाटने पर होंगी। महिला टी20 में एजबस्टन में पहली बल्लेबाजी करते हुए सर्वोच्च स्कोर 167 पर दो है। जबकि न्यूनतम स्कोर 46 है। यहां 19 महिला टी20 में 10 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत हासिल हुई है जबकि नौ बार बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत हासिल हुई।

# शुभमन गिल ने बदली हुई ड्यूक्स गेंद से जताई नाराजगी

**● एक बार फिर भारत के दूसरी गेंद लेने के बस 10-3 ओवर बाद ही गेंद ने अपना शेप खो दिया था**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड में एक बार फिर ड्यूक्स गेंद चर्चाओं के केंद्र में बनी हुई है, एक बार फिर भारत के दूसरी गेंद लेने के बस 10-3 ओवर बाद ही गेंद ने अपना शेप खो दिया था। जिसके बाद दूसरे दिन सुबह उसे फिर बदला गया।

बदली हुई गेंद से अंतर साफ दिख रहा था, दूसरी नई गेंद से जसप्रीत बुमराह ने कहर बरपाते हुए 14 गेंदों के अंदर तीन विकेट ले लिए थे, लेकिन इसके बाद पूरे सत्र में फिर भारत को विकेट नहीं मिली थी। दूसरी नई गेंद 1. 869 डिग्री पर स्विंग हो रही थी जबकि औसतन वह गेंद 0.594 डिग्री पर सीम हो रही थी। लेकिन जब दूसरी नई गेंद को बदला गया तो वह 0.855 डिग्री पर स्विंग हो रही थी और औसतन 0.594 डिग्री ही सीम कर रही थी। जाहिर है इसके बाद भारतीय टीम और कप्तान का गुस्सा बढ़ता जा रहा था। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने ब्रॉडकास्ट चैनल के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर भी गेंद को लेकर अपनी नाराजगी ज़ाहिर की। ब्रॉड के मुताबिक बदली हुई गेंद देखने में 18-20 ओवर पुरानी दिख रही थी। क्रिकेट गेंद बिल्कुल एक विकेटकीपर की तरह होती है जिसकी चर्चा बहुत ही कम की जाती है। लेकिन यहां हम गेंद की लगातार बात कर रहे हैं कि क्योंकि ये एक समस्या बनती जा रही है और हर पारी में करीब-करीब बदली जा रही है। जो कहीं से भी जायज नहीं है, मुझे लगता है पांच सालों से मैं देख रहा हूं कि ड्यूक्स गेंद में समस्या है। जिसे सही करने की जरूरत है, एक गेंद को 80 ओवर चलना चाहिए न कि सिर्फ 10 ओवर। एक और पूर्व इंग्लिश कप्तान नासिर हुसैन ने भी कहा कि ड्यूक्स गेंद के साथ गंभीर समस्या है। लेकिन साथ ही साथ उन्होंने कहा कि गेंदबाज चाहते हैं कि गेंद बिल्कुल परफेक्ट हो और तभी बार-बार गेंद बदल दी जाती है। ये भी देखिए कि पहला घंटा बुमराह को खेल पाना बेहद कठिन था। और तभी मैंने देखा कि वे लोग गेंद बदल रहे हैं, मैं ये देखकर हैरान था कि गेंद से जब इतनी मदद मिल रही है तो फिर बदलने की क्या जरूरत।

# इजरायल गाजा को भुखमरी का कब्रिस्तान बना रहा

## मई से अब तक सहायता मांगने के दौरान लगभग 800 फलीस्तीनी मारे गए: संयुक्त राष्ट्र एजेंसी

**यरुशलम।** फलीस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इजरायल गाजा में 'हत्या करने की क्रूर और धूर्त योजना' बना रहा है और कहा कि मई से अब तक सहायता मांगने के दौरान लगभग 800 फलीस्तीनी मारे गए हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने शनिवार को एक रिपोर्ट में दी।

यूएनआरडब्ल्यूए प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी निगरानी में गाजा बच्चों और भूखे लोगों का कब्रिस्तान बन गया है। लाजारिनी गुरुवार को मध्य गाजा के डेर एल-बलाह शहर में पोषण संबंधी पूरक आहार के लिए कतार में खड़े नौ बच्चों और चार महिलाओं सहित 15 लोगों की इजरायली सेना द्वारा हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उनकी यह टिप्पणी गाजा पट्टी में एक और खूनी दिन पर आई है, जहें चिकित्सा सूत्रों ने बताया है कि 45 लोग मारे गए हैं जिनमें से 11 राफा में जीएचएफ द्वारा संचालित सहायता केंद्र के पास मारे गए। विवादास्पद अमेरिकी और इजरायल समर्थित जीएचएफ ने मई में परिचालन शुरू करने के बाद से गाजा के संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाले सहायता वितरण नेटवर्क को प्रभावी रूप से दरकिनार कर दिया है, जब इजरायल ने गाजा में दो महीने से अधिक समय से चल रही पूर्ण नाकेबंदी में ढील दी थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि तब से अब तक 819 फलस्तीनी भोजन का इंतज़ार करते हुए मारे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 634 लोग जीएचएफ स्थलों के आसपास मारे गए और 185 लोग अन्य मानवीय सहायता काफिलों के पास मारे गए, जिनमें संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित कुछ काफिले भी शामिल हैं।



**फिलिप की यह टिप्पणी गाजा पट्टी में एक और खूनी दिन पर आई**

### इजरायली हमलो में महिलाओं व बच्चों समेत 28 फलस्तीनियों की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में 28 फलस्तीनियों की मौत हो गई है, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह इलाके में इजरायली हवाई हमलों के बाद मरने वालों में बच्चे और दो महिलाएं भी शामिल हैं। शुक्रवार रात से शुरू हुए इन हमलों में यहां 13 लोगों की जान गई। वहीं, नासेर अस्पताल ने बताय कि एक पेट्रोल पंप के पास हुए हमलों में चार और लोगों की मौत हुई। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में इजरायली हमलों में 15 अन्य लोगों की जान गई। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि पिछले 48 घंटों में गाजा पट्टी में करीब 250 ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें हमासे के लड़ाके, विस्फोटकों से भरी इमारतें, हथियारों के गोदाम, एंटी-टैंक मिसाइल लान्च पाइंट, स्नाइपर पोजिशन, सुरंगें और अन्य ढांचे शामिल हैं। हालांकि, आम नागरिकों की मौत को लेकर सेना ने एसोसिएटेड प्रेस के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया।



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु में बारिश के दौरान मोटरसाइकिल पर जाते यात्री।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन का तियानझोउ-9 मालवाहक यान पहुंचा प्रक्षेपण स्थल पर

**वेनचांग।** चीन के अंतरिक्ष स्टेशन तक सामग्री पहुंचाने वाले तियानझोउ-9 मालवाहक यान और लॉन्ग मार्च-7 वाहक रॉकेट को शनिवार को प्रक्षेपण स्थल पर स्थानांतरित किया गया। यह जानकारी चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने दी। सीएमएसए के अनुसार मालवाहक अंतरिक्ष यान को निकट भविष्य में उचित समय पर प्रक्षेपित किया जाएगा। एजेंसी ने बताया कि वर्तमान में दक्षिणी द्वीपीय प्रांत हैनान स्थित वेनचांग अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण स्थल पर सुविधाएं और उपकरण अच्छी स्थिति में हैं।

### लावरोव ने की उत्तर कोरिया के साथ संबंधों की सराहना

**मास्को/प्योंगयांग।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस और उत्तर कोरिया (डीपीआरके) के बीच के राजनीतिक संबंधों की सराहना की है और इसे 'अजेय भाईचारा' करार दिया। रूसी राज्य मीडिया ताश की शनिवार की रिपोर्ट के मुताबिक लावरोव ने इस बात पर बल दिया कि यह संबंध कुर्स्क क्षेत्र की मुक्ति में रूसी सेना का साथ देने वाले उत्तर कोरियाई सैनिकों की भागीदारी से स्पष्ट रूप से मजबूत हुआ है और यह सैन्य सहयोग का एक अभूतपूर्व स्तर है जो गहरे होते संबंधों को दर्शाता है।

### कैमरून में 12 अक्टूबर को होंगे राष्ट्रपति चुनाव

**याउंडे।** कैमरून में 12 अक्टूबर को राष्ट्रपति चुनाव कराने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति पॉल बिया द्वारा शुक्रवार को हस्ताक्षरित एक आदेश में यह जानकारी दी। आदेश के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे शुरु होगा और शाम 6:00 बजे समाप्त हो जाएगा। चुनाव प्रबंधन संस्था इलेक्शन्स कैमरून द्वारा पूर्व में घोषित चुनावी कैलेंडर के अनुसार उम्मीदवारों को 21 जुलाई तक अपने आवेदन पत्र जमा करने होंगे।

# भारत 6 लड़ाकू विमान खोने की बात माने: पाकिस्तान

## शफकत अली खान ने कहा: भारत के दूसरे मिलिट्री ठिकानों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान नें फिर से भारत के 6 लड़ाकू विमानों को गिराने का दावा किया है। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने प्रेस ब्रीफिंग में भारत को लड़ाकू विमान गंवाने की बात मानने को कहा।

अली खान ने कहा: भारत को काल्पनिक कहानियों का सहारा लेने के बजाय यह स्वीकार करना चाहिए कि भारत के छह लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया और दूसरे मिलिट्री ठीकानो को गंभीर नुकसान पहुंचा। दरअसल, अजित डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बयान दिया था। उन्होंने कहा: भारत को नुकसान की खबरें चलाई गईं, लेकिन विदेशी मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया। ना यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। वहीं खान ने डोभाल के बयान को झूठे और गलत जानकारी से भरे हुए बताया। अली खान ने कहा-ये बयान जनता को गुमराह करने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास हैं। इसके अलावा प्रवक्ता ने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सि( ांतों का उल्लंघन बताया। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान से पहले 23 मई को सेना के प्रवक्ता अहमद चौधरी ने संघर्ष के दौरान भारत के 6 विमान मार गिराने का दावा किया था, जिनमें से 3 राफेल थे। उन्होंने यह दावा ब्रिटिश मीडिया से बात करते हुए किया। अली खान ने कहा कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, उनका मकसद साफ है, और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अब इसके बारे में अधिक जागरूक हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शुरुआत में, भारत द्वारा फैलाया गया आतंकवाद पाकिस्तान को निशाना बना रहा था, लेकिन हाल के दिनों में यह वैश्विक हो गया है। अगर भारत के इस दुर्भावनापूर्ण रवैये पर लगाम नहीं लगाई गई, तो हम इसके परिणाम देख चुके हैं। अली खान ने भारत पर वैश्विक हत्या अभियान चलाने का आरोप लगाया, जिसमें कनाडा, अमेरिका और अन्य देशों में लोगों को निशाना बनाया गया। आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में डोभाल बोले कि टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस दौरान हमने स्वदेशी तकनीक इस्तेमाल की। हमने सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें एक भी ठिकाना बॉर्डर के पास नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक थे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया।



**भारत को नुकसान की खबरें चलाई गई, लेकिन विदेशी मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया: डोभाल**

# डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय यूनियन और मेक्सिको पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने जवाबी कार्रवाई पर और टैक्स लगाने की धमकी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मेक्सिको और यूरोपीय यूनियन पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि एक अगस्त से इन दोनों देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर टैरिफ लागू होगा। इस कदम की जानकारी उन्होंने अपने 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर दी।

ट्रम्प ने दोनों को ये भी धमकी दी कि अगर वे जवाबी कार्रवाई करते हैं, तो टैरिफ रेट और बढ़ा दी जाएगी। ट्रम्प ने चिट्ठी में साफ लिखा कि अगर आप जवाबी कार्रवाई करते हैं और टैरिफ बढ़ाते हैं, तो वो जितने भी प्रतिशत हों, मैं उन्हें हमारे 30 प्रतिशत में जोड़ दूंगा। ये वही तरह की चिट्ठी है, जो ट्रम्प ने दुनिया के कई बिजनेस पार्टनर्स को भेजी है, जिसमें अमेरिका में आने वाले विदेशी सामानों पर भारी टैरिफ लगाने की बात की गई है। टैरिफ को लेकर यूरोपीय यूनियन और मेक्सिको, अमेरिका के साथ बीते 6 महीने से बातचीत कर रहे थे, लेकिन ट्रम्प के फैसले से यह साफ हो गया है कि उनके बीच डील नहीं हो पाई। यूरोपीय यूनियन दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनामी है। इसमें यूरोप के 27 देश शामिल हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन के बीच हर दिन लगभग 3.5 अरब डालर का व्यापार होता है। वहीं, मेक्सिको अमेरिका का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष को लिखी चिट्ठी में ट्रम्प ने कहा कि एक अगस्त से यह टैरिफ लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि अगर कोई यूरोपीय कंपनी अपने उत्पादों को दूसरे देश के रास्ते ट्रांसशिप कर अमेरिका भेजती है, तो उन पर भी यही टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने यह तर्क दिया कि अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है, और 30 प्रतिशत का यह टैरिफ उसे सुधारने की दिशा में एक जरूरी कदम है। उन्होंने यूरोपीय कंपनियों को यह प्रस्ताव भी दिया कि अगर वे अमेरिका में अपने उत्पाद बनाना शुरू कर दें, तो उन्हें टैरिफ नहीं देना पड़ेगा, और अमेरिकी सरकार तेज और पेशेवर ढंग से मंजूरी देने में मदद करेगी। ट्रम्प ने मेक्सिको के राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी में कहा कि यह टैरिफ मेक्सिको में फैले फेंटेनाइल ड्रग के चलते लगाया जा रहा है। उन्होंने मेक्सिकन ड्रग कार्टेल्स को दुनिया के सबसे बुरा बताया और कहा कि ये कार्टेल्स फेंटेनाइल जैसी घातक दवाओं को अमेरिका में ला रहे हैं।



**टैरिफ एक अगस्त से लागू होंगे**

# यूरोपीय संघ रूस-यूक्रेन युद्ध को चाहता है लम्बा खींचना

**मॉस्को।** यूक्रेन में विपक्ष के नेता विक्टर मेदवेदचुक ने यूरोपीय संघ की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि उसका निहित स्वार्थ यूक्रेन में युद्ध को लम्बा खींचने में है और वह अमेरिका को रूस के साथ व्यापार युद्ध में भी घसीट रहा है।

मेदवेदचुक ने एक बयान में कहा कि यूरोपीय संघ का नेतृत्व, साथ ही संघ के कई देशों का नेतृत्व, सत्ता बनाए रखना चाहता है और इसलिए, एक साझा दुश्मन की आवश्यकता है। यही कारण है कि यूरोप के कई राजनेता यूक्रेन संघर्ष को जारी रखने में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि आज यूरोप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को रूस के साथ व्यापार युद्ध में घसीट रहा है। ट्रम्प के पास हालांकि विश्व राजनीति को शांति की ओर ले जाने के अवसर हैं, लेकिन कई वैश्विक शक्तियां ऐसा नहीं चाहतीं। ये शक्तियां अमेरिकी राष्ट्रपति को अपनी कठपुतली बनाने की कोशिश करेंगी, जैसा कि आज यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की हैं। गत 21 जून को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्काई न्यूज़ अरेबिया को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि यूक्रेन बेहतर भविष्य का हकदार है और उसे तीसरे पक्ष के हाथों की कठपुतली नहीं बनना दिया जाना चाहिए जो संघर्ष को लंबा खींचते हैं और अपने फायदे के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। साथ ही, रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने जून में कहा था कि यूक्रेन पर बातचीत की प्रक्रिया उसके रुख और इस बात पर निर्भर करती है कि अमेरिका अपनी मध्यस्थता के प्रयासों को कितनी प्रभावी ढंग से जारी रखता है।

# एल्गोरिथम में हेरफेर को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स फ्रांसीसी जांच के घेरे में

**पेरिस/सैक्रामेंटो।** विदेशी हस्तक्षेप को संभव बनाने और अनुचित डेटा निष्कर्षण के लिए एल्गोरिथम में हेरफेर का हवाला देते हुए पेरिस अभियोजक कार्यालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स फ्रांसीसी पुलिस के जांच के घेरे में है। पेरिस अभियोजक लॉरे बेक्वाउ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा इस स्तर पर सोशल मीडिया एक्स पर मुख्य रूप से दो अपराधों का आरोप है-एक संगठित समूह द्वारा एक स्वचालित डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम के संचालन में बाधा डालना और दूसरा संगठित समूह द्वारा एक स्वचालित डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम से धोखाधड़ी से डेटा निकालना। बेक्वाउ ने कहा कि जांच का जिम्मा राष्ट्रीय जेंडरमेरी महानिदेशालय (डीजीजीएन) को सौंपा गया है।

# एप्स्टीन सेक्स स्कैंडल की फाइल्स पर ट्रम्प प्रशासन में विवाद

## एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉनजीनो दे सकते हैं इस्तीफा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉनजीनो अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। सीएनएन के मुताबिक उन्होंने इस पर विचार भी शुरू कर दिया है।

इसके पीछे जेफरी एपस्टीन केस से जुड़ी फाइलों के खुलासे पर व्हाइट हाउस, एफबीआई और अमेरिका के न्याय विभाग (डीओजे) के बीच चल रहा विवाद बड़ी वजह माना जा रहा है। बॉनजीनो और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के बीच इस सप्ताह एक तेज बहस के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई है।

एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल, बॉनजीनो, बॉन्डी और ट्रम्प की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स की बैठक हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस बैठक में यह विवाद खुलकर सामने आया। बैठक में यह सवाल किया गया कि क्या एफबीआई की तरफ से एक मीडिया रिपोर्ट लीक की गई थी जिसमें दावा किया गया कि एजेंसी और अधिक जानकारी सार्वजनिक करना चाहती थी, लेकिन जस्टिस डिपार्टमेंट ने रोक दिया। हालांकि, बॉनजीनो ने इस रिपोर्ट को लीक करने से इनकार किया, लेकिन उन्होंने उस रिपोर्ट के समर्थन में दिए गए बयान पर हस्ताक्षर भी नहीं किए। बॉनजीनो और काश पटेल महीनों से बॉन्डी से नाराज थे। बॉन्डी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि एफबीआई अभी भी मामले की समीक्षा कर रही है, जबकि वह जांच पहले ही न्याय विभाग को सौंप दी गई थी। इस लेकर नाराजगी और बढ़ गई। बॉनजीनो की नाराजगी का एक और कारण 10 घंटे का एक निगरानी वीडियो है। वीडियो में 1 मिनट की क्लिप गायब थी, जिससे साजिश की अटकलें फैल गईं। इसके लिए बॉनजीनो को जिम्मेदार ठहराया गया। टेस्ला के सीईओ मस्क ने 5 जून को सनसनीखेज दावा करते हुए कहा था कि डोनाल्ड ट्रम्प का नाम जेफरी एपस्टीन की फाइलों में शामिल है।

मस्क ने एक्स पर लिखा था-अब बड़ा खुलासा करने का टाइम है। डोनाल्ड ट्रम्प का नाम एपस्टीन फाइलों में हैं। यही वजह है कि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। डोनाल्ड ट्रम्प, आपका दिन शुभ हो। एक अन्य पोस्ट में कहा-इस पोस्ट को भविष्य के लिए नोट कर लें। सच्चाई सामने आएगी। हालांकि, बाद में मस्क ने वो पोस्ट डिलीट कर दी थी और माना कि वह हद से ज्यादा बोल गए थे।



**सीएनएन के मुताबिक उन्होंने इस पर विचार भी शुरू कर दिया है**

**बॉनजीनो और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के बीच इस सप्ताह एक तेज बहस के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई**

# अमेरिकी विदेश विभाग में 1000 से अधिक लोगों की छंटनी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन द्वारा संघीय कार्यबल में कटौती के प्रयासों के अंतर्गत अमेरिकी विदेश विभाग के 1,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है।

यह जानकारी शनिवार को बीबीसी ने एक रिपोर्ट में दी। शुक्रवार को विदेश विभाग के कर्मचारियों को भेजे गए नोटिस के अनुसार अनैच्छिक कर्मचारी कटौती में 1107 सिविल सेवा और 246 विदेश सेवा के कर्मचारी शामिल हैं। इस वर्ष की शुरुआत में संघीय सरकार के विशाल पुनर्गठन प्रयास के अंतर्गत 1500 से अधिक विदेश विभाग के कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रूप से इस्तीफा दिया था। आलोचकों का कहना है कि ये बड़ी कटौती विभाग के काम पर असर डालेंगी। सीबीएस न्यूज के अनुसार, जनसंख्या, शरणार्थी और प्रवासन ब्यूरो में लगभग सभी सिविल सेवा अधिकारियों की छंटनी कर दी गई है। जिन व्यक्तियों को नौकरी से निकाला गया उनमें विदेश विभाग के अफगान पुनर्वास प्रयासों के समन्वयक (केयर) कार्यालय के कर्मचारी भी शामिल हैं। सीनेट की विदेश संबंध समिति के डेमोक्रेट सदस्यों ने एक बयान जारी कर कहा कि विदेश विभाग में सिविल सेवा और विदेश सेवा के सैकड़ों सदस्यों को निकालने का निर्णय हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करता है।

# बांग्लादेश में अर्थशास्त्री अबुल बरकत गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार का आरोप, कहा था: देश में 2046 तक हिंदू नहीं बचेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश में मशहूर अर्थशास्त्री अबुल बरकत को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में जेल भेज दिया गया। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक 20 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने बरकत के घर पर छापा मारा था। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

बरकत चार दशकों तक ढाका विश्वविद्यालय में पढ़ा चुके हैं। उन्हें 2009 में पीएम शेख हसीना के शासनकाल में जनता बैंक का अध्यक्ष बनाया गया था। वे हिंदू अल्पसंख्यकों की वकालत के लिए भी जाने जाते हैं। बरकत ने साल 2016 में चेतावनी दी थी कि अगर अल्पसंख्यकों पर हमले और उनकी संपत्तियों पर अवैध कब्जा जारी रहा, तो आने वाले 30 वर्षों में बांग्लादेश में एक भी हिंदू नहीं बचेगा। उनका यह बयान बांग्लादेश में काफी चर्चित हुआ था और कुछ हलकों में विवादित भी था। अबुल बरकत पर आरोप है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में रेडीमेड गारमेंट कंपनी 'एनॉनटेक्स ग्रुप' को गलत तरीके से कर्ज दिलवाने में मदद की और जनता बैंक से जुड़े 2.97 अरब टका (लगभग 225 करोड़ रुपये) का गबन किया। बांग्लादेश के भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) ने इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि बरकत ने फर्जी दस्तावेज बनाए, काल्पनिक इमारतों और फैक्ट्रियों के नाम पर लोन पास करवाए और खरीदी गई जमीन की कीमत जानबूझकर बहुत अधिक दर्शाई ताकि ज्यादा लोन मिल सके।

इस मामले में अबुल बरकत समेत कुल 23 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर अतीउर रहमान का नाम भी शामिल है। कोर्ट में पेशी के दौरान एसीसी ने तीन दिन की रिमांड की मांग की, जबकि बचाव पक्ष ने जमानत की याचिका दाखिल की। अदालत ने फिलहाल दोनों याचिकाओं पर कोई फैसला नहीं सुनाया और तब तक के लिए बरकत को जेल भेजने का आदेश दिया। अबुल बरकत ढाका कोर्ट में पेश हुए।



**अबुल बरकत की बेटी बोली: बिना वारंट दिखाए गिरफ्तारी हुई**

# ईरान ने 16 दिन में पांच लाख अफगानियों को निकाला

**तेहरान।** ईरान ने महज 16 दिनों में 5 लाख से ज्यादा अफगान नागरिकों को देश से बाहर निकाल दिया है। यह कार्रवाई 24 जून से 9 जुलाई के बीच हुई है। यानी हर दिन औसतन 30000 से ज्यादा अफगानों को देश से निकाला गया। संयुक्त राष्ट्र ने इसे दशक की सबसे बड़ी जबरन निकासी में से एक करार दिया है।

ईरान इजरायल के साथ तनावपूर्ण संघर्ष के बाद आंतरिक सुरक्षा का हवाला देकर प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6 जुलाई तक देश छोड़ दें, वरना उन्हें जबरन निकाला जाएगा। ईरान का दावा है कि कुछ अफगान नागरिक इजरायल के लिए जासूसी कर रहे थे। हालांकि इस आरोप के पुख्ता सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। ईरान का दावा है कि कुछ अफगान नागरिक इजरायल के लिए जासूसी कर रहे थे। हालांकि इस आरोप के पुख्ता सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। ईरान से निर्वासित हुए एक अफगान शरणार्थी बशीर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अधिकारियों ने उससे 17 हजार रुपये मांगे।

**इजरायल से संघर्ष के बाद शरणार्थियों पर कार्रवाई तेज, जासूसी के आरोप भी लगाए**



# सिद्धांत व तृप्ति की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सिद्धांत चतुर्वेदी-तृप्ति डिमरी की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वर्ष 2018 में प्रदर्शित जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर की फिल्म धड़क को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब फिल्म धड़क का सीक्वल धड़क 2 जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है।

धड़क 2 की कहानी दो ऐसे प्यार करने वालों पर आधारित है, जिनके बीच सोशल स्टेटस की दीवार इतनी बड़ी होती है उनका अटूट प्यार भी उसे तोड़ नही पाता। ट्रेलर की शुरुआत निलेश (सिद्धांत चतुर्वेदी) और विधि (तृप्ति डिमरी) से होती है, जिनकी मुलाकात कॉलेज में होती है। दोनों एक ही क्लास में होते हैं, दोस्ती से शुरू हुआ उनका यह रिश्ता प्यार में बदल जाता है। शुरुआत में सब ठीक होता है, लेकिन जैसे ही विधि के परिवार को निलेश के बारे में पता चलता है तो तूफान आ जाता है। ऊंचे जाति की निधि का छोटे जाति वाले लड़के के साथ होना उनके परिवार को रास नही आता है। वो लोग निलेश को मारते हैं उसकी और उनके परिवार को अपमानित करते हैं। उस पर कीचड़ उछालते हैं। परिवार पूरी कोशिश करता है कि विधि, निलेश से दूर हो जाए, लेकिन वह उसका साथ छोड़ने के लिए तैयार नही है। धड़क 2 में तृप्ति डिमरी, सिद्धांत चतुर्वेदी, सौरभ सचदेव, मंजिरी पुपाला, विपिन शर्मा, दिशांक अरोड़ा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। शाजिया इकबाल निर्देशित यह फिल्म एक अगस्त को रिलीज होगी।





## 18 को जी 5 और जी सिनेमा पर होगा संजय दत्त की फिल्म द भूतनी का प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार संजय दत्त की फिल्म द भूतनी का प्रीमियर 18 जुलाई को जी 5 और जी सिनेमा पर होगा। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के दीपक मुकुट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स के संजय दत्त द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म द भूतनी को सिद्धांत सचदेव ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म, द भूतनी में संजय दत्त,मौनी रॉय, सनी सिंह और पलक तिवारी की अहम भूमिका है। जी 5 और जी सिनेमा पर 18 जुलाई को रात 8 फिल्म द भूतनी की स्ट्रीमिंग की जाएगी। संजय दत्त ने कहा, फिल्म द भूतनी का सफर सच में बेहद मज़ेदार और अनोखा रहा है, जो सही मायने में लीक से हटकर फिल्म है। बदकिस्मती से, रिलीज़ के दौरान इस फिल्म को सिनेमाघरों में पर्याप्त स्क्रीन नही मिल पाई, और यह हमारी उम्मीद से कम समय तक चली। कभी-कभी कुछ फिल्में शोर-शराबे में पीछे रह जाती हैं। पर यह फिल्म हमने बड़े प्यार और सच्ची लगन से बनाई है। हमें इसकी कहानी और उसके पीछे के जज्बातों पर पूरा भरोसा था। मुझे पूरी उम्मीद है कि जी5 और जी सिनेमा पर यह फ़्लिम दर्शकों के दिलों को छू लेगी। मौनी रॉय ने कहा, द भूतनी में मोहब्बत के किरदार निभाने का अनुभव मेरे लिए सच में बड़ा रोमांचक था।सच में यह किरदार बेहद दिलचस्प होने के साथ रहस्यमई और काफी संजीदगी भरा भी है, जिसमें भावनाओं की कई परत दिखाई देती है। इस किरदार की गहराई को समझना मेरे लिए खुशी भरा अनुभव था।

## अव्यान में काम करती नजर आएंगी अनुष्का



**मुंबई।** अभिनेत्री अनुष्का कौशिक फिल्म अव्यान में काम करती नजर आएंगी। अनुष्का कौशिक, आज की युवा पीढ़ी की प्रतिभशाली अभिनेत्रियों में से एक बन चुकी हैं। लस्ट स्टोरीज 2 हो या पटना शुक्ला, घर वापसी हो या गर्मी, अनुष्का हर बार अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लेती हैं। अब इस प्रतिभाशाली अभिनेत्री का अगला पड़ाव है सुनील कोठारी की स्पिरिचुअल फिल्म अव्यान, जिसमें अनुष्का का लुक और किरदार दोनों ही एकदम हटके होने वाला है। अनुष्का ने कहा कि अव्यान का हिस्सा बनना मेरे लिए एक स्पिरिचुअल जर्नी जैसा रहा।कैसे यह कहानी रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों को गहराई से जोड़ती है, वो बहुत खास है। बनारस जैसे शहर में शूट करना, उसकी एनर्जी और श्रद्धा के बीच काम करना वाकई विनम्र अनुभव था। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो हमारी संस्कृति को ईमानदारी और दिल से सेलिब्रेट करती है। सुनील कोठारी ने कहा, अनुष्का के अंदर एक सच्चाई है जो उनके हर किरदार में झलकती है।

## द्रौपदी मुर्मू ने देखी फिल्म तन्वी द ग्रेट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का फिल्म तन्वी द ग्रेट देखना उनके लिए गर्व का पल है। फिल्म तन्वी द ग्रेट की खास स्क्रीनिंग शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में हुई। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही फिल्म की स्टारकास्ट भी शामिल हुई, जिनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, करण टेकर और शुभांगी शामिल थे। अनुपम खेर ने फिल्म तन्वी द ग्रेट का निर्देशन करने के अलावा इसमें अभिनय भी किया है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर स्पेशल स्क्रीनिंग की फोटोज शेयर की। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, यह हमारे लिए गर्व का सबसे बड़ा पल था कि देश की राष्ट्रपति और भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर ने हमारी फिल्म देखी और अंत में उसकी सराहना की। यह एक सपना सच होने जैसा था। एक निर्देशक के तौर पर देश के सबसे बड़े पद से ऐसा समर्थन मिलना मेरे लिए सच में कुछ भी हो सकता है वाला पल है। बोमन ईरानी ने सोशल मीडिया पर लिखा, तन्वी द ग्रेट की टीम के लिए एक गर्वभरा और विनम्र करने वाला लम्हा जब देश की राष्ट्रपति ने हमारी फिल्म देखी और तारीफ की। यह बहुत ही खास और दुर्लभ मौका था, ऐसा मौका जो याद दिलाता है कि हम यह सब क्यों करते हैं। अनुपमखेर सर, हमें इस अनमोल सफर का हिस्सा बनाने के लिए धन्यवाद। फिल्म तन्वी द ग्रेट में शुभांगी दत्त मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अनुपम खेर, जैकी श्रॉफ, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, करण टैकर और इयान ग्लेन जैसे कलाकार अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं। निर्देशन और कहानी अनुपम खेर की है। इस फिल्म का निर्माण अनुपम खेर स्टूडियोज ने एनएफडीसी (राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम) के साथ मिलकर किया है। यह फिल्म 18 जुलाई को रिलीज होगी।

### राष्ट्रपति के साथ तन्वी द ग्रेट देखना मेरे लिए सम्मान की बात थी: करण टैकर

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता करण टैकर का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ फिल्म तन्वी द ग्रेट देखना उनके लिए सम्मान की बात थी। फिल्म तन्वी द ग्रेट की खास स्क्रीनिग शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में हुई। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही फिल्म की स्टारकास्ट भी शामिल हुई, जिनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, करण टेकर और शुभांगी शामिल थे। करन टैकर के लिए यह खास लम्हा था। करन टैकर ने कहा, अपने देश की राष्ट्रपति के साथ बैठकर अपनी फिल्म देखना एक बहुत ही बड़ा सम्मान था। उनकी सादगी, विनम्रता और फिल्म के लिए तारीफ़ मेरे लिए सबसे बड़ा तोहफ़ा है। वह पूरी फिल्म हमारे साथ बैठकर देख रही थी। यह एक ऐसा पल है जो मेरी यादों में हमेशा के लिए बस गया है। फिल्म तन्वी द ग्रेट में शुभांगी दत्त मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अनुपम खेर, जैकी श्रॉफ, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, करण टैकर और इयान ग्लेन जैसे कलाकार अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं।

## सनी देओल ने फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सनी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। अब फिल्म बॉर्डर का सीक्वल बनाया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की अहम भूमिका होगी। सनी देओल ने बार्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। सनी देओल ने सोशल मीडिया पर फिल्म बार्डर 2 का दमदार फर्स्ट लुक शेयर किया है। सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म बार्डर से अपना लुक शेयर किया। सनी देओल ने कैप्शन में लिखा, मिशन पूरा हुआ।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

## बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना बहुत खास: चित्रांगदा सिंह



**मुंबई।** अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह कां कहना है कि फिल्म बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना उनके लिए बहुत खास है। सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान में चित्रांगदा सिंह को मुख्य अभिनेत्री के तौर पर चुना गया है। इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में हुए भारत-चीन की झड़प पर आधारित है। गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक खतरनाक झड़प हुई थी। 15 जून को हुई इस भिड़ंत में दोनों देशों के सैनिकों की जान गई थी। सलमान खान के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करने को लेकर चित्रांगदा सिंह ने कहा, बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है। कुछ साल पहले एक मराठी फिल्म क रीमेक में मैं सलमान सर के साथ काम करने वाली थी, जिसे महेश मांजरेकर निर्देशित कर रहे थे, लेकिन वह फिल्म कभी शुरू ही नहीं हो पाई। मुझे आज भी याद है, सलमान सर ने तब कहा था अगली बार साथ काम ज़रूर करेंगे और अब सालों बाद उन्होंने अपनी वही बात निभाई। जैसे वो कहते हैं एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी, तो फिर मैं खुद की भी नहीं सुनता।

चित्रांगदा सिंह ने निर्देशक अपूर्व लाखिया की भी तारीफ की और कहा, वो चाहते तो किसी बड़े स्टार को भी कास्ट कर सकते थे, लेकिन उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मैं उनकी इस आस्था की बहुत कद्र करती हूं और मुझे गर्व है कि मैं बैटल ऑफ गलवान जैसी अहम और दमदार कहानी का हिस्सा हूं। चित्रांगदा के लिए यह रोल बहुत खास है। उनके पिता सेना में कर्नल थे और अब रिटायर हो चुके हैं। वह बचपन से ही बहादुरी, देश के लिए कुर्बानी और देशभक्ति की कहानियां सुनते हुए बड़ी हुई हैं।

आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी
साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
नि:शुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्ली: अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011-45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौंक) चंडीगढ M:73558-48978

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S ABROAD
Bijnor's Leading Education Consultancy
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)